राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित



11 अनन्या पांडे ने शेयर किया नया लुक...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियां... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 04 दिसंबर 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 271, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

## पाकिस्तानी जासूस बने गुरुग्राम के वकील ने पंजाब से जुटाए थे पैसे, 7 बार गया अमृतसर

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** हरियाणा के गुरुग्राम में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार वकील रिजवान को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों का कहना है कि आरोपी के पास 2 बैंक



खाते थे और वह पंजाब से फंडिंग जुटा रहा है। उसने पैसे लेने के लिए 7 बार अमृतसर की यात्रा की थी। यह जानकारी उसके मित्र मुशर्रफ उर्फ परवेज ने जांच एजेंसियों को दी है। परवेज को पहले हिरासत में लिया गया था।

परवेज ने बताया कि उसकी रिजवान के साथ 2022 में सोहना कोर्ट में इंटनर्शिप के दौरान दोस्ती हुई थी। परवेज ने बताया कि वह रिजवान से मिलता रहता था। जुलाई में दोनों कार से अमृतसर वाघा बॉर्डर और स्वर्ण मंदिर गए थे, जहां रिजवान ने दोपहिया वाहन वालों से पैसों से भरा एक थैला लिया था। दोनों वकील 1 अगस्त को फिर अमृतसर गए थे और रिजवान रात में पैसे लेकर आने की बात कहकर चला गया था। परवेज ने बताया कि रिजवान स्कॉर्पियो और स्कोडा कार सवार लोगों से पैसे वसूलने 7 बार अमृतसर गया था। रिजवान ने 41 लाख रुपये नकद इक्कठा किए थे, जिसे उसने अजय अरोड़ा नाम के एक व्यक्ति को दिया था। रिजवान का एक बैंक खाता ताउरू में पंजाब नेशनल बैंक और दूसरा सोहना में इंडसइंड बैंक में था। पाकिस्तानी आकाओं से उसके खाते में करोड़ों रुपये का हवाला धन जमा हुआ था, जिससे पंजाब में आतंकवादी नेटवर्क को मजबूत किया गया।

जांच एजेंसियों को रिजवान के लैपटॉप और फोन से संदिग्ध लेन-देन के सबूत मिले हैं। पंजाब पुलिस की कई टीमें अब पूरे राज्य में छापामारी कर रही है। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह सिर्फ एक वकील का नहीं, बल्कि एक बड़ा स्तर का फंडिंग नेटवर्क हो सकता है। पुलिस ने मामले में अमृतसर से 3 और लोगों को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली समेत कई हवाई अड्डों पर चेक-इन प्रणाली गड़बड़ क्यों हुई थी? एयर इंडिया ने बताया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली समेत देश के कई हवाई अड्डों को मंगलवार देर शाम को चेक-इन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा, जिससे कई उड़ानें प्रभावित हुई। एयर इंडिया समेत कई अन्य एयरलाइंस की चेक-इन प्रणाली में समस्या के कारण करीब एक से डेढ़ घंटे तक



विमान उड़ान नहीं भर सके। हालांकि, बाद में इसको ठीक कर लिया गया। एयर इंडिया ने सूचना दी कि थर्ड-पार्टी सिस्टम में आई तकनीकी बाधा के कारण समस्या हुई थी। एयर इंडिया ने रात 9:49 बजे एक्स पर बताया कि थर्ड-पार्टी सिस्टम में रुकावट की वजह से अलग-अलग एयरपोर्ट पर चेक-इन सिस्टम पर असर पड़ा है, जिससे एयर इंडिया समेत कई एयरलाइनों की फ्लाइट में देरी हो रही है। इसके बाद रात 10:41 बजे एयर इंडिया ने बताया कि थर्ड-पार्टी सिस्टम पूरी तरह से ठीक हो गया है और सभी एयरपोर्ट पर चेक-इन नॉर्मल तरीके से काम कर रहा है। सभी फ्लाइट्स शेड्यूल के हिसाब से चल रही हैं।

पिछले महीने नवंबर में भी ऐसी घटना घटी थी, जब नई दिल्ली हवाई अड्डे पर ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) में गड़बड़ी के कारण 800 अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई थीं। इससे एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट सहित प्रमुख एयरलाइनों की उड़ान थम गई थी और परिचालन धीमा हो गया था।

हालांकि, संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने पुष्टि की कि जीपीएस स्पूफिंग में किसी उड़ान में कोई बाधा नहीं आई।

## उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड ने दी दस्तक, शीतलहर का अलर्ट जारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में इन दिनों मौसम के रंग देखने को मिल रहे हैं। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के कारण पानी जमने लगा है, वहीं उत्तर भारत में कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दूसरी तरफ दक्षिण भारत में चक्रवात दितवाह के कारण बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान समेत 10 राज्यों में शीतलहर की स्थिति बनने के अनुमान जताया है, जिससे तापमान में तेजी से



गिरावट आ सकती है। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पाला पड़ने से न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की गिरावट आई है। बुधवार (3 दिसंबर) को कई जिलों में रात को पारा 5 डिग्री से नीचे गिरने की संभावना है। मैदानी हिस्सों में बारिश और ऊंचाई पर बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। केदारनाथ में मंगलवार को पारा माइनस 19 और बद्रीनाथ में माइनस 14 डिग्री दर्ज किया गया। इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश के शिमला और मनाली में भारी बर्फबारी की चेतावनी दी है। राजस्थान में गुरुवार से तेज सर्दी का दौर शुरू होगा। अगले 3 दिन झुंझुनूं, चूरू और सीकर में शीतलहर चलने की संभावना है। सबसे कम तापमान बीकानेर के पास लूणकरणसर में 4.7 डिग्री दर्ज किया गया।

> दल्ली में बुधवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता कम होने के सड़कों पर वाहन चालकों को परेशानी हुई। इसके साथ ही शीतलहर की स्थिति भी बन सकती है

उधर, बिहार के 8 जिलों में कोहरा छाया हुआ है। आगामी दिनों में तापमान 2-3 डिग्री गिर सकता है। हिमालयी क्षेत्रों में 5 दिसंबर से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका असर मध्य प्रदेश में देखने को मिल सकता है। दिल्ली में बुधवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता कम होने के सड़कों पर वाहन चालकों को परेशानी हुई। इसके साथ ही शीतलहर की स्थिति भी बन सकती है। अगले 3 दिन में अधिकतम तापमान 22-24 डिग्री और न्यूनतम 6-9 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

## दिल्ली के 12 वार्डों में नगर निगम उपचुनाव में भाजपा को बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों के हुए उपचुनाव का बुधवार को परिणाम आए गए हैं। इसमें भाजपा को बड़ा नुकसान हुआ है। भाजपा ने 12 में 7 सीटें जीत ली हैं, जबकि पहले उसके पास 9 सीटें थी। आम आदमी पार्टी (आप) ने 2 और कांग्रेस ने 1 सीट जीती है। एक अन्य सीट निर्दलीय ने जीती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की शालीमारबाग- बी वार्ड से भाजपा उम्मीदवार अनीता जैन ने जीत हासिल की है। दिल्ली के मुंडका, शालीमार बाग- बी, अशोक विहार, चांदनी चौक, चांदनी महल, द्वारका बी, ढिचाउ कलां, नारायणा, संगम विहार ए, दक्षिणपुरी, ग्रेटर कैलाश और विनोद नगर में उपचुनाव हुए हैं। जिन 12 वार्डों में उपचुनाव हो रहे हैं, उसमें 9 वार्ड में भाजपा और बाकी 3 पर आप का कब्जा था। अभी दिल्ली नगर निगम भाजपा के पास 116 काउंसलर हैं, जबकि आप के 99, कांग्रेस के पास 8 और इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के पास 15 काउंसलर हैं।



नई दिल्ली में दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में चांदनी महल सीट जीतने के बाद ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार मोहम्मद इमरान चौधरी और उनके समर्थक जश्न मनाते हुए।

## दिल्ली के चांदनी चौक में जहरीली हुई हवा, एक्यूआई 431 के साथ गंभीर श्रेणी में पहुंचा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार हो गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। सबसे व्यस्त और घने इलाकों में शामिल चांदनी चौक की हालत बहुत खराब है। यहां का एक्यूआई 431 दर्ज किया गया है, जो गंभीर है। यह इलाका धुंध की चादर से ढका हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, बुधवार सुबह 7 बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 376 दर्ज हुआ है।

सीपीसीबी ने दिल्ली के 40 निगरानी केंद्रों से सुबह 7:05 बजे आंकड़े जुटाए, जिसमें 14 केंद्रों पर एक्यूआई 401 से ऊपर दर्ज किया गया है। इसमें आनंद विहार में 405, अशोक विकार में 403, बवाना में 408, चांदनी चौक में 431, कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 406, जहांगीरपुरी में 406, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 405, नेहरू नगर में 436, ओखला में 404, आरके पुरम में 420, रोहिणी में 417, सिरीफोर्ट में 408, विवेक विहार में 415, वजीरपुर में 406 है। दिल्ली में व्यापक वायु प्रदूषण के बीच संसद का शीतकालीन सत्र भी शुरू हो गया है, ऐसे में



यह मुद्दा सदन में उठाए जाने की संभावना है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा था कि दिल्ली- एनसीआर में प्रदूषण एक बड़ी चिंता का विषय है क्योंकि बच्चे और बुजुर्ग इससे परेशान हैं। बता दें कि 0-50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बहुत खराब और 401-500 को गंभीर माना जाता है।

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के हिंदू देवी-देवताओं पर दिए बयान से छिड़ा विवाद, जानिए क्या कहा

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की 3 करोड़ हिंदू देवी-देवताओं, यानी हर अवसर के लिए एक भगवान को लेकर की गई टिप्पणी ने नया राजनीतिक विवाद छेड़ दिया है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के भीतर विविध विचारों और नेतृत्व चयन पर जारी चचाओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की थी। हालांकि, उनकी इस विवादास्पद टिप्पणी की विपक्षी भाजपा और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने तीखी निंदा की है। आइए पूरा मामला जानते हैं। मुख्यमंत्री रेड्डी ने कार्यकारिणी की बैठक में कहा, कांग्रेस हर तरह के लोगों को साथ लेकर चलती है। एक कहता है कि वह भगवान वेंकटेश्वर की पूजा करेगा, दूसरा कहता है कि वह हनुमान की पूजा करेगा। जब हम देवताओं पर आम सहमति नहीं बना



पाए, तो मुझे नहीं लगता कि हम राजनीतिक नेताओं और डीसीसी अध्यक्षों पर भी आम सहमति बना पाएंगे। इस दौरान उन्होंने हिंदू देवी-देवताओं का उदाहरण देकर कार्यकताओं को समझाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री रेड्डी ने आगे कहा, हिंदू धर्म में कितने देवता हैं? तीन करोड़, क्यों? जो अविवाहित हैं उनके लिए भगवान हनुमान हैं। जो दो बार शादी करते हैं, उनके लिए एक और भगवान हैं। जो शराब पीते हैं, उनके लिए एक और भगवान हैं। येल्लम्मा, पोचम्मा, मैसम्मा, जिन्हें कुछ खास अवसरों पर ताड़ी और मांसाहारी भोजन परोसा जाता है। जो दाल-चावल खाते हैं, उनके लिए एक और भगवान हैं, है ना? सभी प्रकार के देवता हैं। केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा के पूर्व अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने इस टिप्पणी कड़े शब्दों में निंदा की है।

## पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस के साथ सैन्य रसद समझौता, सेना को होगा फायदा

**नईदिल्ली ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले दोनों देशों के बीच बड़ा समझौता हुआ है। रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने मंगलावर को भारत के साथ एक जरूरी सैन्य रसद समझौते को मंजूरी दी है, जिसे एक बड़ा रक्षा सहयोग बताया जा रहा है। समझौते को रसद समर्थन के पारस्परिक आदान-प्रदान (आरईएल मानकीकृत करता है। यह समझौता नियमित अभियानों, व्यापक मिशनों, द्विपक्षीय-बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण कार्यक्रम, मानवीय राहत अभियान, प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं से संबंधित आपदा प्रतिक्रिया प्रयास में सहयोग का मार्गदर्शन करता है। समझौता हवाई क्षेत्र के पारस्परिक उपयोग को सुगम बनाएगा और दोनों



ओएस) संधि के रूप में जाना जाता है। यह मूल रूप से 18 फरवरी को भारत-रूस की सरकारों के बीच हस्ताक्षरित किया गया था।

समझौते को लेकर स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन ने सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के साथ हमारे संबंध रणनीतिक और व्यापक हैं, और हम उन्हें महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि आज समझौते का अनुसमर्थन पारस्परिकता और निश्चित रूप से हमारे संबंधों के विकास की दिशा में एक और कदम है। बता दें कि समझौते को अनुमोदन के लिए पिछले सप्ताह रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन द्वारा निचले सदन में भेजा गया था।

आरईएलओएस संधि दोनों देशों के लिए एक-दूसरे के क्षेत्र में संचालन करते समय सैन्य परिसंपत्तियों, कर्मियों, जहाजों और विमानों को समर्थन देने के लिए एक स्पष्ट तंत्र बनाता है। यह सैनिकों की तैनाती, उपकरणों की आवाजाही और सैन्य सहायता के प्रावधान के लिए प्रक्रियाओं को देशों के युद्धपोतों को बंदरगाहों पर आने-जाने की अनुमति देगा। इससे ऐसे अभियानों के लिए एक पूवार्नुमानित और औपचारिक चैनल उपलब्ध होगा। आरईएलओएस संधि से सैन्य सहयोग को अधिक कुशल और संरचित बनाकर रक्षा समन्वय को गहरा करने की उम्मीद है। समझौता एकीकृत प्रक्रिया के तहत बिना बाधा के अधिक बातचीत और पारस्परिक समर्थन के माध्यम से दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगा। रूसी राष्ट्रपति पुतिन 4 और 5 दिसंबर को नई दिल्ली में रहेंगे।

इस दौरान वे वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। यात्रा के दौरान पुतिन के साथ रक्षा उपकरण, तकनीक साझेदारी, ईंधन व्यापार और अमेरिकी टैरिफ को लेकर बातचीत हो सकती है। भारत रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम और पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 खरीदना चाहता है, जिसको लेकर भी चर्चा हो सकती है। एसयू-57 दुनिया का शानदार लड़ाकू विमान माना जाता है।

**मचा बवाल** | भाजपा ने इस वीडियो को प्रधानमंत्री पद का अपमान करार दिया है

## कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर चलाया प्रधानमंत्री मोदी का चाय बेचते हुए एआई वीडियो, मचा बवाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कार्यवाही में अराजकता बढ़ाने वाले बड़ा घटनाक्रम में सामने आया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से

> यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर कोई विवादास्पद वीडियो साझा किया। इससे पहले बिहार चुनाव के दौरान कांग्रेस ने एक एआई वीडियो साझा किया था, जिस पर भाजपा भड़क गई थी

बनाया गया चाय बेचते हुए का वीडियो साझा कर बड़े विवाद को जन्म दे दिया है। यह वीडियो भले ही व्यंग्यात्मक शैली में बनाया गया हो, लेकिन भाजपा के लिए यह एक गंभीर राजनीतिक हमला माना जा रहा है। भाजपा ने इस पर कड़ा विरोध भी जताया है। कांग्रेस की वरिष्ठ प्रवक्ता रागिनी नायक ने देर रात एक्स पर एक एआई जनित वीडियो साझा किया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में केतली और गिलास लेकर चाय बेचते हुए दिखाया गया है। इस वीडियो के शीर्षक में रागिनी ने लिखा है, अब ई कौन आया बे। यह वीडियो देखने में भले ही मजाकिया लगे, लेकिन इसका राजनीतिक असर कहीं ज्यादा गहरा हुआ है। भाजपा ने इस वीडियो को प्रधानमंत्री पद का अपमान करार दिया है। कांग्रेस नेता के इस कदम का भाजपा ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे राष्ट्रीय संस्था के सम्मान और प्रधानमंत्री के पद का अपमान बताया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने लिखा, नामदार कांग्रेस ओबीसी समुदाय से आने वाले कामदार प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर पा रही। प्रधानमंत्री मोदी गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। कांग्रेस ने पहले भी उनकी पृष्ठभूमि का मजाक उड़ाया था। उन्होंने बिहार में उनकी मां को गालियां दीं। जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता सीआर केसवन ने लिखा, यह पोस्ट कांग्रेस नेतृत्व की भ्रष्ट मानसिकता को उजागर करती है। यह घृणित वीडियो 140 करोड़ मेहनती मेधावी भारतीयों का घोर अपमान है और यह ओबीसी समुदाय पर कांग्रेस का सीधा हमला है। उन्होंने लिखा, कांग्रेस नेतृत्व और राहुल गांधी इस बात से नफरत करते हैं कि भारत की जनता लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना



आशीर्वाद दे रही है, जो समर्पण और कड़ी मेहनत से आगे आए हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा था कि उनके पिता गुजरात के वडनगर स्टेशन पर चाय की दुकान चलाते थे और बचपन में उन्होंने उनकी मदद की थी। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने मोदी साधारण पृष्ठभूमि का मजाक उड़ाते हुए उन्हें चायवाला कहा था और उन्हें कभी शीर्ष पद नहीं मिलने का दावा किया था। हालांकि, मोदी ने 2014 से तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनकर अय्यर को करारा जवाब दिया है।

यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर कोई विवादास्पद वीडियो साझा किया। इससे पहले बिहार चुनाव के दौरान कांग्रेस ने एक एआई वीडियो साझा किया था, जिस पर भाजपा भड़क गई थी। उस वीडियो में दिखाया गया था कि प्रधानमंत्री मोदी सपना देख रहे हैं और उनकी मां उन्हें उनकी राजनीति को लेकर डांट रही हैं। भाजपा ने तब कहा था कि यह प्रधानमंत्री की दिवंगत मां, महिलाओं और गरीबों का अपमान है।

# सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर ऋजुल द्वारा दिव्यांग रैली का किया शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जनपद में जागरूकता हेतु दिव्यांग रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारम्भ सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर द्वारा किया गया। रैली के दौरान दिव्यांगजन को उनके संवैधानिक अधिकारों, सरकार द्वारा दिए जाने वाली सहायता योजनाओं, पेंशन, एवं अन्य लाभकारी कार्यक्रमों के प्रति जागरूक किया गया। जनपद के अनेक दिव्यांगजन उत्साहपूर्वक इस रैली में सम्मिलित हुए। यह रैली नुमाइश ग्राउंड से प्रारम्भ होकर खालसा तिराहा, डीएम रोड, काला आम, मोती बाग, बाबू बनारसी दास सरकारी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रोडवेज बस अड्डा, डीएवी तिराहा, लाला बाबू चौराहा, कलेक्ट्रेट, कचहरी रोड होते हुए पुनः नुमाइश ग्राउंड पर सकुशल सम्पन्न हुई। रैली के सुचारू संचालन एवं दिव्यांगजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर धर्मेन्द्र सिंह राठौर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद पुलिस द्वारा यह कार्यक्रम समाज में दिव्यांगजन के प्रति सम्मान, संवेदना एवं जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है

# परिवार परामर्श केन्द्र डिबाई द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दम्पति को एक साथ रहने हेतु किया गया राजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। परिवार परामर्श केन्द्र डिबाई द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 01 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक-दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। महिला परिवार परामर्श केन्द्र/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

# तीसरे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन, ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी डटे रहे धरने पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**औरंगाबाद।** आन लाइन हाजिरी के विरोध में एक दिसंबर से ब्लाक मुख्यालय लखावटी पर शुरू हुआ धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी बादस्तूर जारी रखा गया।

ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी आन लाइन हाजिरी लगाने के आदेश के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उनका कहना है कि सभी विभागों में उनके स्तरीय अधिकारियों की आनलाइन हाजरी लगवाई जाये यही समानता के सिद्धांत की भी मांग है और न्यायसंगत भी। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि पांच दिसंबर को ज्ञापन देकर अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की जायेगी। राजवीर सिंह सुमित प्रताप सिंह अंकित सैनी जयंत चौधरी अतुल कुमार गौरव कुमार विभोर मलिक आदि मौजूद रहे। धरने पर बैठे लोगों ने बाजुओं पर काली पट्टी बांध कर रोष जताने का क्रम भी जारी रखा।

# कीर्तिशेष गीतकार रतन प्रकाश सुभाषित के खंड काव्य 'दिव्य बलिदान' के विमोचन के अवसर पर सिकंदराबाद में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सिकंदराबाद।** विवेकानन्द सरस्वती शिशु मंदिर में मंगलवार की सांय कीर्तिशेष गीतकार स्वर्गीय श्री रतन प्रकाश सुभाषित साहब की पुण्यतिथि के मौके उनके द्वारा रचित "दिव्य बलिदान" खंड काव्य का विमोचन एवं भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें आमंत्रित कवि/शायर व भारी मात्रा में श्रोता गण की उपस्थिति ने कार्यक्रम को कामयाब बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ आलोक बेजान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.रविकांत भटनागर (आई.ए.एस) पूर्व आयुक्त ने अपने संबोधन में इस कार्यक्रम के संयोजक दिव्य हंस दीपक (शिक्षक एवं कवि) सुपुत्र (स्व.श्री रतन प्रकाश सुभाषित) को अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ ईश्वर सिंह तेवतिया (सलाहकार राजभाषा,तेल उद्योग, सुरक्षा निदेशालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्री रमेश प्रसून मुख्य संपादक बुलंद प्रभा (पत्रिका), ने की। आमंत्रित कवियों में बुलंदशहर से देवेंद्र देव मिजार्पुरी, मोदीनगर से बलबीर सिंह खिचड़ी, पिलखुआ से डॉ सतीश वर्धन, मसूरी से आए शायर डॉ शमीम राणा, हापुड़ से अनवर गाज़ियाबादी, सहारनपुर से इसहाक अली सुंदर, बुलंदशहर से बेवफा राज और कमल किशोर भारद्वाज, सिकंदराबाद से भुवनेश्वर कुमार दक्ष ने अपने काव्यपाठ से शमा बांधे रखा। सभी आमंत्रित कवि/शायरों को मेंमोन्टोज व सुभाषित सम्मान पत्र एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया देर रात तक चले इस कार्यक्रम में श्रोताओं ने कविताओं का खूब आनंद उठाया। इस मौके पर सतीश चंद्र गर्ग, वी एस सक्सेना, राजीव मोहन शर्मा, संजीव धाकरे, अरविंद चौहान, मनोज गौतम, शिवकुमार सजल, बृजकिशोर रजनीश अतरसिंह दक्ष, रामकरण सिंह दक्ष, चंद्रशेखर, मकसूद जालिब, अरुण प्रजापति, शकील सिकंदराबादी, सचिन सिंघल हिमाचल कौशिक,सुनील शर्मा, अरविंद शर्मा,कांता शर्मा, सचिन गुप्ता,,संजय पंवार,अनिल कुमार,मुकेश यादव, नरेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# श्री गंगा मंदिर में 4 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आज से, 7 को निकाली जाएगी नगर शोभा यात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर,** । श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल शिकारपुर के तत्वावधान में श्री गंगा मंदिर शिकारपुर में संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक आयोजन किया जा रहा है, जिसका अमृत वर्णन भागवत आचार्य संत श्री वेणु गोपाल गोस्वामी जी महाराज के मुखारविंद से होगा।

नगर शोभा यात्रा 7 दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे से गंगा मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में अतरौली , दिल्ली, बुलंदशहर , खुर्जा व शिकारपुर की मडलिया भाग लेगी। नीरज मित्तल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कथा का समय शाम 6:00 बजे से रात्रि 9:00 तक। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आयोजको ने लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है।

# बेलगांम बाइकर्स दे रहे हादसों को न्योता

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** नगर की सड़कों पर बिना लगाम दौड़ रही बाइकों पर सवार जब किशोर हवा से बातें करते हैं तो उसे वक्त देखने वालों की सांस भले ही थम जाती हो, लेकिन बाइकर्स किशोरो की रफ्तार पर ब्रेक लगाना नामुमकिन होता जा रहा है। जहां यातायात पुलिस के पास केवल चालान ही एकमात्र सहारा है। नगर में किशोर बाइकर्स की खासी खेप सड़कों पर देखने को मिलती है उसकी उम्र तो 12 से 15 वर्ष के आसपास की होती है लेकिन हाथों में बाइक का हैंडल होता है तो फिर उनकी बाइक सिर्फ और सिर्फ हवा से बात है करती है जिन्हें रोकने के लिए न तो अभिभावक मौजूद होते हैं और न ही यातायात विभाग। उन्हें ने तो किसी का डर होता है और नहीं अपनी जान की परवाह। बाइकर्स को बस हवा से बातें करना ही आता है। यहां तक कि उनके सिर पर हेलमेट तक नजर नहीं आता है। बाइकर्स सुबह शाम तो ट्यूशन आदि लौटते वक्त अपनी बाइकों पर जिस तरह अपने एक नहीं बल्कि तीन से पांच दोस्तों को बैठक हवा से बातें करते हैं। वहीं उनके अभिभावक भी इन सब बातों से अज्ञात होते हैं। इन सब के आखिर कौन जिम्मेदार हैं ? क्या इन किशोर युगों के अभिभावक जो बिना सोचे समझे अपने बच्चों के हाथों में बाइक का हैंडल थमा देते हैं जो कि अपनी तो दूर सड़क पर पैदल या सामने से आने वाले की चिंता किए भगत ही अपनी बाइक की रेस देते हैं।

# क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली में संभ्रांत नागरिकों व ग्राम प्रधानों से किया परिचय, कानून व्यवस्था को कायम रखना हमारी प्राथमिकताः प्रखर पाण्डेय

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**डिबाई (के.पी.सिंह)।** कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी प्रखर पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें नगर के समाजसेवियों, संभ्रांत नागरिकों व व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में क्षेत्राधिकारी प्रखर पाण्डेय ने सभी से परिचय के माध्यम से अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराने की बात कही। जिसमें व्यापारी सुरक्षा फोरम नगर अध्यक्ष सन्नी सिंघल, महामंत्री रचित वार्ष्णेय ने जाम की समस्या से मिलजुलकर समाधान करने की बात कही। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा जन सुनवाई व महिला सशक्तिकरण की योजनाएं चलाई गई है जिसके अनुपालन में बेरोकटोक मेरे कार्यालय में आकर अपनी समस्या से अवगत करायें मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि किसी को निराशा नहीं करूंगा। बैठक में सभासद जब्बार सैफी, सभासद अकील अहमद, सभासद अब्दुल हमीद, प्रधान मोहम्मद सलीम, कपिल वाष्णोय, इमरान खान,हाजी कदीम,सन्नी सिंघल, रचित गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष सुबोध कुमार एवं नगर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर।** न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 के अंतर्गत आज बुलंदशहर विकास खंड की न्याय पंचायत हात्माबाद की खेलकूद प्रतियोगिता मामन कलाँ के खेल मैदान पर सम्पन्न हुई जिसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता दिग्विजय सिरोही द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर संसद खेल स्पर्धा की विकास खंड बुलंदशहर के संयोजक ठाकुर सतेंद्र सिंह(पूर्व मंडल अध्यक्ष), सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र काली, कमल कान्त शर्मा, बिल्लू शर्मा, विरेन्द्र शर्मा, बलजीत सिंह, रमेश सिंह, आसिफ प्रधान, कुंवर पाल लोधी, पिंटू चौधरी, ऋषिपाल सिंह आदि अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। खेलकूद प्रतियोगिताओ में दौड़, कब्बड्डी, खो-खो आदि विधाओं का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी खेल प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंकित भाटी एवं माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी निम्नलिखित हैः-

100 मीटर बालक दौड़ में सुहेब तथा 200 मीटर दौड़ में कदीम खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में जूनियर वर्ग में धमरावली तथा सीनियर वर्ग में कोलसेना की टीम विजयी रही। वही खो-खो बालक तथा बालिका दोनों वर्गों में धमरावली की टीम विजेता रही।

# साबितगढ़ चीनी मिल ने किया लगातार किसानों के गन्ने का तीसरा भुगतान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** क्षेत्र स्थित त्रिवेणी ग्रुप की साबितगढ़ शुगर मिल ने इस पेराई सत्र 2025-26 के गन्ना खरीद का लगातार तीसरा भुगतान जो कि 18 करोड़ 51 लाख 65 हजार है।

जो कि दिनांक 12 नवंबर 2025 से 17 नवंबर 2025 तक के गन्ना खरीद का है को सभी संबंधित समितियों के माध्यम से गन्ना किसानों के खातों में भेज दिया है। सभी संबंधित किसान अपने गन्ने के लगातार भुगतान को समय से पाकर खुश हैं। ग्रुप महाप्रबंधक प्रदीप खंडेलवाल ने बताया कि सभी संबंधित किसान भाई अपना खाता चेक करते रहें ताकि भुगतान की नवीनतम जानकारी प्राप्त होती रहे। और साथ ही सभी संबंधित किसानों से मिल को सहयोग बनाये रखने और जड़ पत्ती रहित साफ सुथरा गन्ना मिल को सप्लाई करने की अपील भी की है।

# बुलंदशहर में ऑनलाइन गेमिंग और हवाला के कारोबार का भंडाफोड़

**बुलंदशहर।** ऑनलाइन गेमिंग और हवाला के कारोबार का भंडाफोड़ सिकंदराबाद पुलिस ने काले धन को सफेद करने वाले गिरोह के 6 सदस्य किये गिरफ्तार।



भोले-भाले लोगों को पैसे का लालच देकर उनके खाते इस्तेमाल करता था गिरोह।

खाते से हवाला के पैसे के आदान- प्रदान तक खाताधारक को बंधक बनाकर रखता था गिरोह।

पुलिस ने हरियाणा, खुर्जा और सिकंदराबाद के गांव महेपा जागीर निवासी समेत 6 लोग गिरफ्तार किये। मुख्यारोपी और गिरोह के सरगना की पलिस सरगर्मी से कर रही है तलाश।आरोपियों के कब्जे से 1 कार, 1 चैक बुक, विभिन्न कंपनियों के 9 मोबाइल फोन्स बरामद। एक बड़े हवाला गिरोह से जुड़े हैं आरोपियों के तार, वैधानिक कार्रवाई में जुटी सिकंदराबाद पुलिस।

हंगामा

## डीएम से शिकायत करने पर जांच करने कालेज पहुंची टीम, छात्रों ने दी मरने की धमकी, वीडियो वायरल

# अवैध फीस वसूली कों लेकर छात्रों ने किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**जहांगीराबाद।** नगर के शिवकुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज के छात्रों ने अवैध फीस वसूली, दान में मिली डिजिटल लाइब्रेरी बंद होने और कक्षाएं न चलने की शिकायत जिलाधिकारी (डीएम) से की। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग की एक टीम को जांच के लिए कॉलेज भेजा। सोमवार की देर शाम जांच टीम ने कॉलेज पहुंचकर शिकायत करने वाले छात्रों के बयान दर्ज किए। इसी दौरान एक अभिभावक द्वारा जांच टीम के सामने अपने बच्चे को डांटे जाने के बाद टीम अगले दिन आने की बात कहकर जाने लगी। इस पर शिकायतकर्ता छात्र-छात्राएं कॉलेज गेट पर बैठ गए और जांच प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,जांच करने आई टीम ने छात्रों को समझाकर शांत किया। यह शिकायत राज्य शिक्षक पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रधानाचार्य के खिलाफ है मोर्चा खोल दिया है। मामले की जानकारी होने पर कॉलेज प्रबंधक सुरेंद्र अग्रवाल ने मंगलवार को प्रधानाचार्य सीपी अग्रवाल को अवकाश पर भेज दिया। कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता जितेंद्र कुमार इस दौरान कॉलेज के कार्यों को देखेंगे। साथ ही, कॉलेज समय तक लाइब्रेरी खोलने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि जांच टीम दोनों पक्षों से जानकारी जुटा रही है और जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी! कालेज के गेट पर धरना पर बैठे छात्र ने जाँच सही नहीं होने पर आत्महत्या करने की धमकी दी है जिसका वीडियो भी शोसल मिडिया पर वायरल हो रहा है!

# थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा गुमशुदा 08 वर्षीय बच्चे को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना खुर्जा नगर पर एक 08 वर्षीय बच्चे के गुम होने की तहरीर प्राप्त हुई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा नगर पर मुअसं-1122/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। थाना खुर्जा नगर पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम द्वारा अथक परिश्रम करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे गुमशुदा बच्चे को तलाश कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बच्चे को उसके परिजनों को सुपुर्द करने पर परिजनों व जनता के लोगों द्वारा थाना खुर्जा नगर पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है।



# सर्दी व कुहरे के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा उपायों को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर ।** मौसम बदलने के साथ ही गुलाबी सर्दी ने दस्तक दे दी है और देखा जा रहा है पिछले कुछ दिन से जनपद मे घना कोहरा प्रारंभ हो चुका है ऐसे में आवश्यक है कि सर्दी से बचा जाये तथा सड़क पर वाहन चलाते समय सुरक्षात्मक उपायों को अवश्य अपनाया जाये ताकि कुहरे या धुंध के कारण सड़क दुर्घटनाएं न होने पायें। जिलाधिकारी मेधा रूपम व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार कुशल के निर्देशन में जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी द्वारा शीत लहर से बचाव हेतु एवं सर्दी व कुहरे के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा उपायों को लेकर एडवाइजरी जारी की गई।

जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने ड्राइविंग की सेफ्टी से जुड़ी जरूरी बातें बताई है। उन्होंने कहा कि चूंकि सर्दी का मौसम शुरू हो गया तथा हल्का कुहरा भी पड़ने लगा है। ऐसे में सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाया जाना नितांत आवश्यक है। वाहन चालकों को सुरक्षा के टिप्स देते हुए कहा कि गाड़ी के फॉग लैम्प सही रखें। यदि आपकी गाड़ी के फॉग लैम्प काम नहीं कर रहे हैं तब उन्हें सही करवा लें। यदि कार में फॉग लैम्प नहीं हैं तो उसे जरूर फिक्स करवा लें। सर्दी के मौसम में जब धुंध होती है तब फॉग लैम्प बेहद कामगर साबित होते हैं। इसके साथ ही वाहन में लगे वाइपर को जरूर चेक करें। यदि आपकी कार के वाइपर की रबड़ थोड़ी सी भी खराब हो रही है, तो उसे भी बदलवा लें। सर्दी के मौसम में जब फॉग होता है या फिर ओस गिरती है, तब वाइपर विंडशील्ड को साफ करने का काम करते हैं। सर्दी के मौसम में डिफॉगर का इस्तेमाल भी अत्यधिक कारगर सिद्ध होता है। सर्दी के मौसम में यदि बाहर धुंध ज्यादा है और आपकी कार में डीफॉगर दिया है, तब उसका इस्तेमाल करना चाहिए। कई बार रियर ग्लास पर मॉयश्चर आ जाता है, ऐसे में डीफॉगर की मदद से उसे जल्दी साफ कर सकते हैं। डीफॉगर ग्लास पर हीट जनरेट करता है, जिससे मॉयश्चर खत्म हो जाता है। सुरक्षा के दृष्टिगत टायरों में प्रेशर ओवर नहीं होना चाहिए। सर्दी के मौसम में टायर का प्रेशर का सही रहना काफी जरूरी हो जाता है। खासकर हवा ज्यादा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। ठंड में ज्यादा नमी की वजह से सड़कें पूरी तरह सूखी नहीं होती। ऐसे में गाड़ी की स्पीड ज्यादा है और अचानक से ब्रेक लगाने पड़े तब कार के स्किड होना का खतरा रहता है। सर्दी में टायरों की रबर थोड़ी सिकुड़ जाती है।

जिला आपदा विशेषज्ञ ने यह भी बताया कि सर्दी में इमरजेंसी इंडिकेटर के इस्तेमाल से बचना चाहिए। बारिश के मौसम की तरह सर्दी के मौसम में भी इमरजेंसी इंडिकेटर ऑन करने से बचना चाहिए। इसका सबसे बड़ा नुकसान ये होता है कि गाड़ी मोड़ते वक्त आप इंडिकेटर का इस्तेमाल नहीं कर पाते। ऐसे में पीछे या आगे से आ रही गाड़ी से एक्सीडेंट होने खतरा बन जाता है। इसकी जगह हेडलाइट का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अतिरिक्त इंजन को गर्म होने देना चाहिए। जब भी आप सर्दी के मौसम में कार को स्टार्ट करते हैं, तब 5 मिनट तक इंजन को गर्म होने दें। इस दौरान आप एक्सीलेटर का इस्तेमाल नहीं करें। एक्सीलेटर का इस्तेमाल करने से कार के इंजन पर असर होता है। खासकर आपकी गाड़ी में डीजल इंजन है तब उसे 5 मिनट तक स्टार्ट रखना जरूरी हो जाता है। बैटरी को चार्ज करते रहिये । जिन कार की बैटरी पुरानी हो चुकी है वे सर्दी के मौसम में प्रॉब्लम करने लगती हैं।

ऐसे में बैटरी को सही करना सबसे जरूरी हो जाता है, क्योंकि कार का स्टार्ट होना बैटरी से जुड़ा होता है। ऐसे में यदि आप अपनी गाड़ी को डेली यूज नहीं करते हैं तब हर 3 दिन में कार को 5 से 6 किलोमीटर जरूर चलाएं।

# आपके लाडले पूरे समाज को बदनाम कर रहे हैं, जिसके जिम्मेदार माता पिता और रिश्तेदार हैः सुमित भाटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** शादी-ब्याह में दिखावे की होड़ ने समाज की सादगी, मयार्दा और संस्कार–तीनों को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कुछ घरों के तथाकथित लाडले आज अपनी अकड़, टशन और नशे में इतनी दूर जा चुके हैं कि पूरे समाज की छवि धूमिल कर रहे हैं। नतीजा यह कि कई परिवारों के चिराग बुझ रहे हैं।


सुजीत भाटी (वरिष्ठ पत्रकार)

दिखावे की गोली एक गरीब का इकलौता बेटा छीन ले गई ग्रेटर नोएडा के नगला चमरू गांव में हर्ष फायरिंग का दर्दनाक मामला इसका ताजा उदाहरण है। शादी में अपने टशन के लिए दो-चार रिश्तेदार तमंचे से फायरिंग कर रहे थे। उसी दिखावे ने एक गरीब परिवार के इकलौते बेटे को वेंटिलेटर पर पहुंचा दिया। परिवार के पास न जमीन है, न पैसे। इलाज का खर्च उठाना तो दूर, बच्चे की सांसे बची रहेंगी या नहीं यही बड़ा सवाल है। गोलियां चलाने वाले लड़के जेल जाएँगे, जमानत लेकर बाहर भी आ जाएंगे। लेकिन इस गरीब परिवार पर कर्ज और दर्द की जो मार पड़ेगी, वह जिंदगीभर पीछा नहीं छोड़ेगी। समाज की जिम्मेदारी बनती है कि आरोपी की संपत्ति जब्त कर उसका इलाज कराए और गांव-समाज भी आगे आकर मदद करे, क्योंकि गलती सिर्फ लड़के की नहीं पूरे माहौल, पूरे समाज के बिगड़े दिखावे की है।

**सब को पता है आपकी औकात**

जिले के कई गांवों में देखा जा रहा है कि जीजा बारात में दस-बीस गाड़ियों के काफिले, पटाखे, नोट उड़ाना और हर्ष फायरिंग को प्रतिष्ठा समझते हैं। जबकि गांव जानता है कि औकात क्या है। फिर भी परिवार वाले गर्व महसूस करते हैं कि मेरा लड़का छा गया, जबकि असल में ऐसी हरकतें समाज में बेवकूफी और घटियापन की श्रेणी में गिनी जाती हैं। शराब, तेज गाड़ियां, हर्ष फायरिंग और बिना नंबर प्लेट की दादागिरी–यही नया ट्रेंड बन गया है। कई परिवार तो अब बारात में गाड़ियों के लिए किराए के पैकेज ले रहे हैं, ताकि समाज में रौब दिखाया जा सके।

मेरी आपबीती, नशे में झूम रहा बीमार युवा, शनिवार रात मैं एक शादी समारोह से लौट रहा था। मेरे साथ जौनपुर का एक दोस्त था। डेल्टा-1 की तरफ बढ़ते हुए पेट्रोल पंप पर एक बिना नंबर प्लेट की थार ने मेरी गाड़ी के सामने रोक दी। खिड़की खुली तो सामने 22झ23 साल के दो युवक, शराब के नशे में चूर। मेरी स्थानीय बोली सुनते ही वे हट गए। मेरे दोस्त ने तभी कहा अगर आप लोकल न होते, तो ये लोग मारपीट कर देते।, एक फोन पर मैं पुलिस बुलाकर उन्हें गिरफ्तार करवा सकता था, और फिर पंचायत, माफी, समझौते का वही पुराना चक्र चलता। लेकिन सवाल सिर्फ दो लड़कों का नहीं है–ये पूरा वातावरण ही जहरीला हो चुका है।

# जीडीएमपीजी कॉलेज की छात्राओं ने क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं ने क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा ऑनलाइन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाईयों पर पहुँचाया। प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में करीब 50 छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें शिवांगी कोशावा ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए शीर्ष पर कब्जा जमाया, जबकि ईशा झा द्वितीय स्थान पर रहीं। दोनों छात्राओं की सफलता को शैक्षणिक अनुशासन और सतत तैयारी का परिणाम माना जा रहा है। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्रीड़ा भारती मेरठ प्रांत के कोषाध्यक्ष तेजस्वी शर्मा ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि छात्राओं का यह प्रदर्शन न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता का भी प्रमाण है। तेजस्वी शर्मा ने कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा को सम्मानित करते हुए संस्था के मार्गदर्शन और अनुकूल शैक्षिक वातावरण की सराहना की। कार्यक्रम की संयोजिका शिवानी शर्मा को भी प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में कॉलेज परिवार ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन को संस्थान के लिए सम्मानजनक उपलब्धि बताते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



# भाकियू यूनिक ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** भारतीय किसान यूनियन यूनिक के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को किसानों की समस्याओं को लेकर यमुना प्राधिकरण के ओएसडी से मुलाकात की और 14 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।



भारतीय किसान यूनियन यूनिक के राष्ट्रीय महा सचिव संजीव शर्मा ने बताया कि बुधवार को यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल ने किसानों की समस्याओं को लेकर यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शिव अवतार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि किसानों को अतिरिक्त मुआवजा 64.7 प्रतिशत, 7 प्रतिशत भूखंड व रोजगार जल्द दिया जाये। यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे जल्द सर्विस रोड बनाया जाये, लोकल लोगों के लिए यमुना एक्सप्रेस वे को टोल फ्री किया जाये, सर्किल रेट बढ़ाया जाये, प्राधिकरण ने जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की हैं,

# आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में आधुनिक सुविधाओं का शुभारंभ, छात्राओं में उत्साह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और बालिकाओं के लिए सुरक्षित एवं उन्नत शिक्षण वातावरण तैयार करने की दिशा में उम्मीद फाउंडेशन, होप फॉर ह्यूमन और रॉकवेल ऑटोमेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने संयुक्त पहल करते हुए आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, गोविंदपुरी में कई महत्वपूर्ण सुविधाओं की स्थापना की। इस पहल के तहत स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, शुद्ध पेयजल हेतु आर.ओ. और वाटर कूलर, साथ ही छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और पैड उपलब्ध कराए गए। संस्था की ओर से छात्राओं में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने मासिक धर्म हाइजीन से जुड़े आवश्यक पहलुओं की जानकारी दी। विद्यालय प्रशासन ने इस प्रयास को छात्राओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए उम्मीद फाउंडेशन और रॉकवेल ऑटोमेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।नव स्थापित सुविधाओं को लेकर विद्यालय की छात्राओं में उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला।



स्मार्ट क्लासरूम के जरिए तकनीक आधारित शिक्षण का अवसर मिलने पर छात्राओं ने प्रसन्नता जताई और इस पहल को उनके शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या, सभी शिक्षिकाओं के अलावा दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद थे।

# पीएम के कार्यक्रम को लेकर विधायक ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बुधवार को अधिकारियों के साथ एक बैठक की। जहां उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और एयरपोर्ट परिसर से लेकर आसपास के सभी रूटों पर सुरक्षा, ट्रैफिक मूवमेंट, बैरिकेडिंग, भीड़ को नियंत्रित करने और सभी वैकल्पिक मार्गों को समय से पूर्व व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।



विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट पर पीएम नरेंद्र मोदी की एक सभा होने जा रही है। जिसको लेकर बुधवार को एयरपोर्ट साईट पर उन्होंने अधिकारियों के साथ एक बैठक की। यहां उन्होंने इस कार्यक्रम मे लोगों की सुविधा के लिए पार्किंग स्थलों, वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने और पार्किंग से सभास्थल तक आने-जाने की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। प्रधानमंत्री की जनसभा से जुड़े मंच, बैठने की व्यवस्था, एंट्री-एग्ज़िट प्वाइंट आदि अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियों पर भी विधायक ने विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अधिकारियों से कहा किया कि यह तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तय करेंगे कि वह कब जेवर आयेंगे, इससे पूर्व ही कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण करना हमारा फर्ज है, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम सफल, भव्य और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# संभल में केक काटकर मनाया भीम आर्मी कार्यकर्ताओ ने चंद्रशेखर का जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** बुधवार को एड. चंद्रशेखर आजाद (भीम आर्मी संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष आसपा/सांसद नगीना लोकसभा) के जन्मदिवस के अवसर पर भीम आर्मी सम्भल के जिलाध्यक्ष सहित तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ जिला कार्यालय मोहल्ला लाडम सराय पर एकत्र होकर केक काट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष आसपा एड. चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया,ओर साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा बताए गए रास्ते गरीब, शोषित अत्याचार से पीड़ित लोगों की आवाज बनकर डटकर जुल्मों सितम का सामना करने का संकल्प लिया। इस मौके पर भीम आर्मी जिला संयोजक राजीव कुमार ने कहा- कि यदि जनपद सम्भल में कहीं भी किसी गरीब और कमजोर को बेवजह सताया जाएगा और उसके खिलाफ यदि शासन प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई नहीं की,तो उन दबंग ताकतों का भीम आर्मी का डटकर सामना करने को तैयार है जिसमें हमारे बहुत से समाज के पढ़े लिखे अधिवक्ता साथी हमारे साथ है। जिन्होंने संकल्प लिया है कि बहुजन समाज को शासक बनाने में बड़े भाई एड. चंद्रशेखर आजाद के हाथों ओर कंधों को मजबूत करने में हम तन मन ओर धन हर तरह से तैयार है। इस मौके पर सत्यवीर आजाद पूर्व जिलाध्यक्ष आसपा, एड. आदर्श कुमार,एड.चंदन सैनी, एड.ऋषिराज सिंह, सोहनलाल उर्फ सोनू, निशांत सैन गौतम, दीपक कुमार, विकास कुमार , गजेंद्र सिंह,नदीम खान ब्लॉक संयोजक, आशीष नेहरा जिला उपाध्यक्ष, रिंकू सिंह, शहजाद खान, जुहैब खान, अय्यूब अली , गुल्लू चौधरी, जुबैर अली अल्वी आदि लोग शामिल रहे।



# जनपद में आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में आगामी 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आज जिला न्यायालय परिसर में व्यापक जनजागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में माननीय जिला जज अतुल श्रीवास्तव ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसके साथ ही पूरे जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अभियान और तेज व प्रभावी हो गया है।

इस अभियान के तहत प्रचार वाहनों पर लगाए गए बैनरों के माध्यम से जनता को राष्ट्रीय लोक अदालत की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। बैनरों पर निस्तारित होने वाले वादों, प्रक्रिया, लाभ और संपर्क विवरण स्पष्ट व सुव्यवस्थित रूप से दर्शाए गए हैं, जिससे नागरिकों को एक नजर में पूरी जानकारी प्राप्त हो सके।

इसके साथ ही पंपलेट वितरण के माध्यम से भी नागरिकों को सीधे तौर पर जागरूक किया जाएगा। पंपलेट के माध्यम से जनपद के शहरी क्षेत्रों, गाँवों और औद्योगिक सेक्टरों में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनपद का प्रत्येक नागरिक 13 दिसम्बर को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी से पूरी तरह अवगत हो और अपने मामलों को निस्तारण हेतु प्रस्तुत कर सके।

**माननीय जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

विशेष रूप से, प्रचार वाहनों में लगाए गए ऑडियो सिस्टम के माध्यम से भी राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधी महत्वपूर्ण संदेश लगातार प्रसारित किए जाएंगे। इन संदेशों में लोक अदालत की तिथि, स्थान, निस्तारित होने वाले वादों की श्रेणियाँ तथा इसके लाभों को सरल भाषा में बताया जाएगा।

बैनर, पंपलेट, प्रचार वाहनों व ऑडियो संदेशों के संयुक्त माध्यम से चलाया जा रहा यह व्यापक जनजागरूकता अभियान अब पूरे जनपद में तीव्र गति से संचालित किया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक राष्ट्रीय लोक अदालत की सुविधा से लाभान्वित हो सकें।

जनसामान्य की सुविधा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, मार्गदर्शन या सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर 9716535451 एवं 7678643985 जारी किए गए हैं। नागरिक इन नंबरों पर संपर्क कर अपने मामलों की स्थिति, प्रक्रिया तथा लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने योग्य वादों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, नागरिक अपनी किसी भी प्रकार की जिज्ञासा अथवा विवरण dlsa. gbnnoida @gmail.com पर भी ईमेल के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। माननीय जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय प्राप्ति का सरल, त्वरित और सुलभ माध्यम है, जिसमें विवादों का निस्तारण आपसी सहमति से कम समय में संभव होता है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए अपने लंबित एवं समझौता योग्य मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत करें और शीघ्र न्याय प्राप्त करें।

इस अवसर पर अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सोमप्रभा मिश्रा, अपर जिला जज विकास नागर, अपर जिला जज विजय कुमार हिमांशु, अपर जिला जज संजय कुमार सिंह, अपर जिला जज अभिषेक पांडे, अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव, अपर जिला जज प्रियंका सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजीव कुमार त्रिपाठी तथा सिविल जज (सीनियर डिवीजन, एफ०सी०) सुमित कुमार उपस्थित रहे।

**सम्मान** सीएम योगी ने यह भी बताया है कि जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सैद्धांतिक मंजूरी दे चुके हैं

# सारंगपुर में भाकियू द्वारा जन जागरण अभियान के तहत बैठक कर कार्यकर्ताओ को दी गई जिम्मेदारियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल(मौहम्मद अब्बास)।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा बुधवार को ग्राम - सारंगपुर में जिला महासचिव अनमोल कुमार के नेतृत्व में जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा एवं संचालन प्रवेन्द्र यादव ने किया ।

बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि जन जागरण अभियान का मुख्य उद्देश्य किसान एकता को मजबूत करना और किसानों की आवाज को अधिक प्रभावी बनाना है ! संगठन की शक्ति बढ़ाने के लिए गांव-गांव जाकर किसानों और मजदूरों को उनके हकों के प्रति जागरूक करना और संगठन से जोड़ना है। आगामी दिनों में किसान महापंचायतें और बड़े सम्मेलन आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी ताकि किसानों की एकजुटता प्रदर्शित की जा सके। किसानों के शोषण और उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष की आगामी रणनीति और कार्यक्रमों, धरना - प्रदर्शन को तेज किया जाएगा ! जिससे कि किसान की दशा में सुधार हो सके ! कार्यकारिणी द्वारा संगठन विस्तार करते हुए खेमपाल यादव को जिला मंत्री, तालिब अली को ग्राम अध्यक्ष, यासीन अली को ग्राम महासचिव, सुमित मौर्य को ग्राम सचिव, डॉ विश्वास को ग्राम महासचिव, प्रमोद सागर को ग्राम सचिव, आमिर अली को ग्राम सचिव, राहुल यादव को ग्राम सचिव, कोशिंदर सागर को ग्राम सचिव, कुलदीप सागर को ग्राम सचिव, विनेश यादव को ग्राम सचिव, पन्नालाल प्रजापति को ग्राम महासचिव एवं सुशील सागर को ग्राम सचिव नियुक्त किया गया ! जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी को प्रमाणपत्र एवं पटका देकर सम्मानित किया गया ! साथ ही संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा द्वारा ग्राम सारंगपुर में बैठक करने के लिए श्रीपाल यादव एवं अमानत अली का हृदय से आभार व्यक्त किया गया ! मुख्य रूप से युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला संगठन मंत्री चौधरी ऋषिपाल सिंह, जिला महासचिव अनमोल कुमार, युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार, तहसील अध्यक्ष (अ. मो.) मेहंदी हसन, तहसील प्रभारी प्रवेन्द्र यादव, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुफियान पाशा, तहसील संरक्षक सेवक सैनी, मो. हसन, श्रीपाल यादव, अमानत अली, रामवतार यादव, नरेश यादव, शौकीन अहमद, हनीफ, मुराद अली, पन्नालाल प्रजापति, लेखराज सागर, प्राण सुख सागर, मुनीश अली, डॉ. शाहिद अली, डॉ. विश्वास आदि कार्यकर्ताओ सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।



# विश्व दिव्यांग दिवस पर कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को किए निःशुल्क उपकरण वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विकास भवन, कलेक्ट्रेट परिसर में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंयक गोयल, महानगर अध्यक्ष द्वारा दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विभिन्न कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंयक गोयल ने कहा कि दिव्यांगजनों को सदैव प्रोत्साहन देना चाहिए, ताकि वे सकारात्मक सोच के साथ अपने जीवन को नया और ऊँचा आयाम दे सकें। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे अनेक प्रेरक उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने दिव्यांग होने के बावजूद अपने कार्यों से सबको आश्चर्यचकित किया है। कोई भी दिव्यांगजन कमजोर नहीं होता, उन्हें सिर्फ सही मार्गदर्शन और सहयोग की आवश्यकता होती है। दिव्यांग मॉनिटर विनोद गुप्ता, संजय,सुरेश, अनिल कुमार गौतम, तुलसी, सौरभ, ज्योत्सना, रवि राव, सुधाकर मिश्रा, शंकर लाल, राजकुमार, अमित, रजनी को सम्मानित किया।



# जलकल विभाग की समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त हुए सख्त,अधिकारियों को दिए गए कड़े निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** जल आपूर्ति तथा सीवर के गैप को खत्म करने के लिए अधिकारियों की टीम करेगी सर्वे शहर वासियों को मिलेगी राहत निगम सीमा अंतर्गत मलिन बस्तियों सहित वार्डों में होंगे जलकल विभाग के 75 करोड़ के कार्य नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा

**वर्क आर्डर होने के बाद भी काम ना शुरू करने वाली फर्मों को किया जाए ब्लैक लिस्ट : नगर आयुक्त**

जलकल विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई बैठक में चल रहे कार्यों की बिंदुवार चर्चा की गई जिसमें पानी के कनेक्शन से लेकर सीवर कनेक्शन पर अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई, इंदिरापुरम सहित गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में सीवर लाइन तथा पानी की लाइन के गैप के बारे में भी जानकारी ली गई, बैठक में उपस्थित महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा विजयनगर, नंदग्राम में विशेष आवश्यकता बताते हुए कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की गई इसके अलावा ऐसे क्षेत्र जहां पानी की पाइपलाइन बिछाने की आवश्यकता है रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिस पर नगर आयुक्त द्वारा मलिन बस्ती सहित ऐसे क्षेत्र जहां सीवर लाइन तथा पानी की लाइन का गैप है और समस्या बनी हुई है एक सप्ताह के भीतर सर्वे करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, साथ ही चल रहे कार्यों में धीमी गति को देखते हुए रफ्तार बढ़ाने के लिए कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए गए ऐसी फर्म जिनके द्वारा वर्क आर्डर लेने के बाद भी धरातल पर कार्य प्रारंभ नहीं किए गए हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए ब्लैक लिस्ट करने के लिए कहा गया।



जलकल विभाग के पांचो जोन के अवर अभियंता जल को मॉनिटरिंग प्रबल करने के लिए निर्देशित किया गया तथा जनहित में किसी प्रकार की परेशानी शिकायत प्राप्त होने के बाद समाधान में ना हो, कड़े निर्देश दिए गए त्वरित समाधान की ओर टीम को मोटिवेट किया गया इसी के साथ-साथ गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा वसुंधरा तथा इंदिरापुरम क्षेत्र में उहफके माध्यम से की जा रही जल आपूर्ति पर भी नजर बनाए रखने के लिए निर्देश टीम को दिए गए, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जलकल विभाग को कार्य की रफ्तार बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है जिसके लिए कार्य योजना बनाते हुए आगे बढ़ाने के निर्देश दिए लगभग 75 करोड़ के कार्य मलिन बस्तियों के साथ-साथ क्षेत्र में कराए जाएंगे जिसमें शहर वासियों को पानी की आपूर्ति तथा सीवर समस्या का समाधान दिया जाएगा, इंदिरापुरम क्षेत्र में जल निगम की टीम के साथ जलकल विभाग टीम एक सप्ताह में सर्वे करते हुए सीवर लाइन गैप की रिपोर्ट तैयार करेगी जिसके आधार पर इंदिरापुरम सीवर समस्या की स्थाई समाधान के लिए कार्य किया जाएगा ' नगर निगम हिंडन नदी सफाई के लिए डी विडर का कार्य, नालों के ट्रीटमेंट हेतु इंस्टू योजना का कार्य तथा बायो सीएनजी योजना का कार्य तेजी से कराया जाएगा जिसके लिए नगर आयुक्त द्वारा टीम को एक सप्ताह में कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए चल रहे कार्यों में देरी न हो किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियम अनुसार कड़ी कार्यवाही अधिकारी गण करें निर्देश दिए गए, मौके पर लेखाधिकारी अनुराग, अधिशासी अभियंता जल आश कुमार, सहायक अभियंता जल शीशमणि यादव, अवर अभियंता सोमेंद्र तोमर अवर अभियंता पूजा अन्य वरिष्ठ लिपिक मयूर गिरधर व टीम उपस्थिति रही ।

# गिरिराज सिंह द्वारा निट्रा में किया गया ऑक की फसलों के निरीक्षण का अगला कदम है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रुमा देवी फाउंडेशन, बाड़मेर (राजस्थान) के मध्य ऑक (मिल्कवीड) की खेती, फल और फाइबर को लेकर एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये गए।



इस एमओयू पर निट्रा महानिदेशक डॉ एमएस परमार एवं जीवीसीएस की अध्यक्ष सुश्री रुमा देवी ने साइन किये. यह एमओयू (MOU) 22-11-2025 को वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा निट्रा में किया गया ऑक की फसलों के निरीक्षण का अगला कदम है. उन्ही की पहल पर इस समझौते को मूर्त रूप दिया गया है। सुश्री रूमा देवी नारी जगत की एक नामचीन हस्ती हैं जो राजस्थान के सुदूर इलकों विशेषकर रेगिस्तानी इलाकों की आधी आबादी में आजीविका कमाने की चेतना भर चुकी हैं और इस कार्य हेतु इन्हें सन 2018 में नारी शक्ति पुरुस्कार मिल चुका है इसके अलावा मैडम राजिविका (राजस्थान लिव्लिहूड मिशन) की वर्तमान में ब्रांड एमबेसडर हैं. साथ ही साथ और भी उपलब्धियां इनके नाम पर हैं।

# एसआईआर कार्य में तेजी को लेकर कार्यकर्ताओ से किया आह्वान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** समाजवादी पार्टी की बैठक नवाब आशिक पैलेस संभल में संपन्न हुई बैठक में जिले की समीक्षा करने आए जिला संभल के एस आई आर प्रभारी कमाल अख्तर विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एस आई आर में लगकर घर-घर जाकर वोटो को ठीक करने का काम करें एवं विधानसभा अध्यक्ष बी एल ए बनाकर पार्टी को जल्द से जल्द ऑनलाइन करने का काम करें जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ सके एवं उन्होंने चारों विधानसभाओं के विधानसभा अध्यक्षों से भी चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक असमोली ने कहा कि मेरी विधानसभा का कार्य लगभग पूरा हो चुका है विधानसभा अध्यक्ष से लेकर पार्टी के सभी जोन सेक्टर प्रभारी कार्यकर्ता पदाधिकारी लगे हुए हैं जल्द ही पूरा करके विधानसभा को मजबूत करने का काम किया जाएगा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि जिले प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी एवं नगर ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकर्ता गण लगकर एस आई आर का काम जल्द से जल्द निपटने का काम करें। विधायक संभल प्रतिनिधि सोहेल इकबाल महमूद साहब ने आए हुए प्रभारी एवं अतिथि सभी का फूलमाला पहनकर स्वागत किया एवं उन्होंने कहा कि संभल विधानसभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री जनाब नवाज इकबाल मोहम्मद साहब के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मजबूती से लगे हुए हैं जल्द ही सभी मिलकर एस आई आर का कार्य पूरा कर लेंगे बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चंदौसी विमलेश कुमारी प्रमोद यादव पूर्व जिला अध्यक्ष ब्लॉक संभल प्रभारी इफ्तार साहब जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार विधानसभा अध्यक्ष ताहिर उल्ला खान असमोली उमेश यादव चंदौसी अमित यादव गुन्नौर इरफान प्रधान सभल विधायक केपी यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवजनसभा सुनील यादव सईद अख्तर इसराइली बिट्टू कश्यप जिला अध्यक्ष युवजन सभा पप्पू यादव मुलायम सिंह यूथ बिगरेड वरिष्ठ नेता लड्डन मियां मोहम्मद आदिल शोभित कुमार काका रवि शखधार प्रतीक नानू गुल्लू यादव देवव्रत यादव फैजान शाही मनीष यादव साबिर खान जैफ कुरेशी इंद्रजीत यादव जैकी भाई अशरफ किदवई बिटन मलिक चैरमेन रामनिवास दिवाकर सूर्य प्रताप यादव यावर फराज ठा के पी सिंह अमरीश यादव मनोज शमा वीरपाल सिह यादव साबिर खान फराज असगर एस पी विलल शेख सददन अजय जाटव ठाकुर विजेंद्र सिंह संजीव यादव डॉक्टर हो राम सिंह जाटव मुशर्रफ प्रधान जी बीरन यादव आदि उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने किया।

# काईट स्कूल ऑफ फार्मेसी ने फ्रेस्कोस 2025 परिचय के साथ नए सत्र का भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाज़ियाबाद।** उत्तर प्रदेश, काईट यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद के काईट स्कूल ऑफ फार्मेसी (KSOP) द्वारा बी.फार्म और डी.फार्म बैच 2025-26 के स्वागत हेतु फ्रेस्कोस 2025-परिचय शीर्षक से भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें ऊर्जा, सांस्कृतिक विविधता और आत्मीयता का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

इस इवेंट में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. मनोज गोयल, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. आदेश पांडे, प्रिंसिपल-काईट स्कूल ऑफ फामेर्सी डॉ. के नागराजन और चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर ऋषि मल्होत्रा के साथ-साथ प्रोग्राम हेड्स, फंक्शनल हेड्स और जाने-माने फैकल्टी मेंबर्स भी मौजूद थे। उनकी मौजूदगी ने इस मौके को बहुत गरिमा, हौसला और प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों ने नृत्य, संगीत, नाटक और विभिन्न रचनात्मक




प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच की शोभा बढ़ाई। इन प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित उपाधियों से सम्मानित किया गया, जैसे मिस्टर फ्रेशर, मिस फ्रेशर, मिस्टर टैलेंट, मिस टैलेंट, बेस्ट अटायर (पुरुष), बेस्ट अटायर (महिला)। उपाधि विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथियों ने उनके व्यक्तित्व, प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की। पूरे कार्यक्रम का सफल समन्वय एवं संचालन डॉ. प्रवीण दीक्षित, सहायक प्रमुख, स्किल डेवलपमेंट सेल एवं सांस्कृतिक संयोजक द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता, नेतृत्व क्षमता और सूझबूझ से आयोजन को सफल एवं यादगार बनाया।

कार्यक्रम का समापन उत्साह, एकता और प्रेरणा के साथ हुआ, जिसने बैच 2025-26 के लिए एक उज्ज्वल एवं संभावनाओं से भरी शुरूआत का संकेत दिया। काईट स्कूल ऑफ फामेर्सी समग्र विकास, प्रतिभा उन्नयन और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कलेक्ट्रेट में उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय, राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 (एस०आई०आर०) के सम्बन्ध में मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में सुभाष चन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी, राजेन्द्र शर्मा, महामंत्री, जिला कॉग्रेस कमेटी, वसीम बाबु एडवोकेट, जिला सचिव, समाजवादी पार्टी, ताहिर हुसैन, प्रदेश सचिव, समाजवादी पार्टी, त्रिफूल सिंह, शहर सचिव, सी०पी०एम०, मनोज कुमार, प्रभारी, बहुजन समाज पार्टी, श्री देवेन्द्र गिरि, बी०एल०ए०-1, भारतीय जनता पार्टी की उपस्थिति रही। अधोहस्ताक्षरी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि बी०एल०ओ० द्वारा ए०एस०डी० (अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृत, डुप्लीकेट) मतदाताओं की सूची तैयार की जा रही है, जिसे संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ई०आर०ओ० के



द्वारा दिनांक 04-12-2025 तक बी०एल०ओ० एवं बी०एल०ए० की बैठक आयोजित करके मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के बी०एल०ए०, बी०एल०ए०-1 को उपलब्ध कराया जायेगा।

राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि उक्त ए०एस०डी० सूची प्राप्त करके बी०एल०ए० के माध्यम से चेक करा लेंगे। ए०एस०डी० सूची में किसी मतदाता का नाम यदि किसी कारण से गलती से सूची में शामिल हो गया हो तो उसके बारे में संबंधित ई०आर०ओ० को तत्काल अवगत करायेंगे, जिससे कि ईआरओ द्वारा रोल बैक करके दिनांक 11-12-2025 से पूर्व सही कराया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह भी अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार जिन बूथों पर 40 प्रतिशत से अधिक ए०एस०डी० हैं, वहाँ 5-6 बूथों पर एक अधिकारी की डयूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा कम से कम 50 घर का स्वयं सत्यापन करेंगे और प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे। उक्त ए०एस०डी० सूची के सत्यापन हेतु 102 अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि अधिकारियों की सूची राजनैतिक दलों के ग्रुप पर शेयर करा दिया जायेगा।

# बड़ौत में पंचकल्याणक पंडाल से हटाई गयी थमाकील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य एवं श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी, बड़ौत के तत्वावधान में 7 दिसंबर से बड़ौत के दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड में प्रारंभ होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव के लिए बनाये जा रहे विशाल पंडाल से प्रशासन के निदेर्शानुसार सभी थमाकौल की सीट पांडाल के अंदर और बाहर से हटाई गई है। प्रशासन की गाइडलाइन के अंतर्गत आवश्यक संशोधन भी किए गए हैं। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि कल एसडीएम बड़ौत द्वारा नोटिस के बाद पंचकल्याणक समिति ने पंकज जैन अध्यक्ष एवं महामंत्री अजय जैन काले के निदेर्शानुसार सुबह से ही थमाकौल हटाने का कार्य शुरू कर दिया था। बताया कि जैन समाज भी चाहता है कि पंचकल्याणक का सभी कार्य प्रशासन की अनुमति के साथ सानंद संपन्न हो। बताया कि पंचकल्याणक की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।चौबीस तीर्थंकरों की 24 प्रतिमाएं पंचकल्याणक के माध्यम से शुद्ध होकर श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर दिल्ली रोड पर विराजमान होनी है।



महामंत्री अजय जैन काले ने बताया कि आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य में, 7 दिसंबर को घटयात्रा एवं मंडप प्रतिष्ठा, 8 दिसंबर को गर्भ कल्याणक, 9 दिसंबर को जन्म कल्याणक, 10 दिसंबर को तप कल्याणक, 11 दिसंबर को केवल ज्ञान महोत्सव एवं 12 दिसंबर को मोक्ष कल्याणक महोत्सव के साथ प्रतिमाओं का शुद्धिकरण पूर्ण होगा एवं सभी प्रतिमाए मंदिर जी में विराजमान होगी।

# द स्पोर्ट्स मीट आवहाँ–THE स्पोर्ट्स मीट 2025 आरकेजी ग्लोबल स्कूल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल द्वारा आवाहन द स्पोर्ट्स मीट 2025 का भव्य उद्घाटन किया गया, जिसमें आठ प्रतिष्ठित स्कूलों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुरादनगर और आरकेजी ग्लोबल स्कूल के बीच पहले क्रिकेट मैच से हुई, जिसने पूरे टूर्नामेंट के लिए ऊजार्वान माहौल बना दिया। टॉस का संचालन डायरेक्टर प्रिंसिपल कैप्टन डॉ.दिनीषा भारद्वाज सिंह द्वारा किया गया। मुरादनगर टीम ने 6 ओवर में 2 विकेट खोकर 26 रन बनाए। आरकेजी ग्लोबल स्कूल की ओर से अयान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 गेंदों में 9 रन बनाए और



1 महत्वपूर्ण विकेट भी लिया। मैच का मुख्य आकर्षण कक्षा श के वासु गिरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा, जिन्होंने बेहतरीन कौशल और खेल भावना का परिचय देते हुए मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त, अगम त्यागी ने भी महत्वपूर्ण योगदान देते हुए मात्र 6 गेंदों में 12 रन बनाए, जिससे टीम की गति को बढ़ावा मिला। आवाहन-द स्पोर्ट्स मीट का उद्देश्य टीमवर्क, अनुशासन और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, जो आरकेजी ग्लोबल स्कूल की समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम उत्साहपूर्वक जारी है, जिसमें प्रतिभागी स्कूल विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# भाकियू अंबावता के जिलाध्यक्ष सहित दर्जनों व्यक्तियों ने ली सपा की सदस्यता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सूरजपुर।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर हुए एक कार्यक्रम में गांव दुजाना निवासी भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के जिलाध्यक्ष अनिल नागर सहित दर्जनों व्यक्तियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रजापति समाज के लोगों ने भी पार्टी की सदस्य ग्रहण की है। उन्हें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रमेश चंद प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पार्टी में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की लहर चल रही है, प्रदेश में भाजपा की नीतियो से परेशान जनता अब बदलाव चाहती है और एक बार फिर से अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों का सम्मान करने वाली पार्टी है, पार्टी में शामिल होने वाले मेहनती लोगों को




उचित सम्मान दिया जायेगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार का आम जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है, वह तो केवल अपने राजनीतिक हित साधने के लिए समाज को जाति और संप्रदाय में बांट रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश का विकास पूरी तरह ठहर गया है, भाजपा सरकार अपनी फर्जी उपलब्धियों का बखान करने में लगी हुई है। समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर अनिल नागर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की कार्यशाली से और नीतियों से प्रभावित होकर अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की हैं। वह समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ काम करेंगे। सदस्यता ग्रहण करने में मुख्य रूप से कौशल नागर, ललित प्रजापति रजत, युवराज सिंह, बबलू प्रजापति, प्रशांत, टेकचंद प्रजापति, गजराज प्रजापति, नितिन चंदीला अमित, मनीष, शेखर, दीपांशु, अरुण नागर, मुकुल, अंकित नागर, रिंकू हर्ष, आदित्य अभय, अंकित, प्रदीप एडवोकेट, हैप्पी नागर, ज्ञानचंद प्रजापति, अजीत चौधरी, आर्यन आदि रहे।

इस अवसर पर बीरसिंह यादव, महेन्द्र नागर, फकीर चंद नागर, इन्दर प्रधान, गजराज नागर चेयरमेन, सुरेंद्र नागर, सुशील नागर, उपदेश नागर, सुनीता यादव, शशि यादव, सुनील भाटी बदौली, अकबर खान, नवीन भाटी, अनिल प्रजापति, देवेन्द्र भाटी, गजेंद्र यादव, कुलदीप भाटी, रमाशंकर भास्कर, रवि बीडीसी, संजीव नागर, आजाद नागर, सुमित नागर, आसिफ अल्वी, जावेद अंसारी, संजीदा बेगम, गुलशन सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**बैठक** | **जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया गया बैठक का आयोजन**

# आगामी लोक अदालत की सफलता को बैठक कर बनाई गई रणनीति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,नई दिल्ली एवं उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशो के अनुपालन में प्रास्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 13.12.2025 के सफलता पूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डॉ विदुषी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को समस्त बैंक शाखा प्रबंधकगण जनपद सम्भल के साथ जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले के विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के शाखा प्रबंधकों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रकरणों की सूची, ऋण वसूली मामलों के मैत्रीपूर्ण निस्तारण, समझौते की संभावनाओं तथा आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गयी।

अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सम्भल ने बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे अधिकतम मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत करें, ताकि विवादों का शीघ्र, सरल एवं



किफायती समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में समझौते के आधार पर निस्तारित मामलों पर अदालती शुल्क नहीं लगता तथा पक्षकारों को त्वरित राहत प्राप्त होती है।

समस्त बैंक शाखा प्रबंधकगण ने आश्वासन दिया कि बैंक ग्राहक सेवा को और अधिक सुगम एवं संवेदनशील बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उक्त बैठक के अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, सम्भल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद सम्भल स्थित चन्दौसी पराग यादव एल.बी.ओ. जनपद सम्भल कुलदीप सागर, बैंक ऑफ बड़ौदा से कमल कुमार, यूनीयन बैंक ऑफ इंडिया से पारीतोष, इंडियन बैंक से देववृत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया चन्दौसी से अजीत सिंह यादव, यू.पी. ग्रामीण बैंक से विशाल दीप, बैंक ऑफ इंडिया से प्रियांक कौशिक, केनरा बैंक ऑफ इंडिया से वीरेश, पंजाब नेशनल बैंक से एस. पी. रावत आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सम्भल स्थित चन्दौसी श्री अवधेश कुमार सिंह द्वारा दी गयी।

# 05 एवं 06 दिसम्बर को होगा 'विधायक खेल स्पर्धा' का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग गाजियाबाद द्वारा उ०प्र० ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत ' विधायक खेल स्पर्धा', विधानसभा क्षेत्र मुरादनगर का आयोजन दिनांक 05 एवं 06-12-2025 को जे०एल०एस० गर्ल्स इन्टर कालिज आर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर गाजियाबाद में कराया जा रहा है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र मुरादनगर के खिलाड़ियों द्वारा एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी, जूडो, बालीवाल, भारोत्तोलन एवं फुटबॉल विधाओं में बालक एवं बालिका वर्ग में (सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग) में प्रतिभाग किया जायेगा। अतः एतद्वारा विधानसभा क्षेत्र मुरादनगर की प्रतियोगिता हेतु समस्त खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि अपने विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम प्रभारी, व्यायाम प्रशिक्षक के दूरभाष संख्या-

**जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 11:00 बजे किया जायेगा**

9358503803 से संपर्क कर दिनांक 05-12-2025 को प्रातः 08-00 बजे तक जे०एल०एस० गर्ल्स इन्टर कालिज आर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर गाजियाबाद में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा मुरादनगर के मा० विधायक अजीत पाल त्यागी द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 11:00 बजे किया जायेगा।

# बदहाली के लिए आंसू बहाती रह गयी ट्रैफिक लाइटें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गत वर्ष नवंबर माह में यातायात माह शुरू होने के बाद समाप्त भी हो गया। लेकिन जनता को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण व पुलिस विभाग द्वारा लाखों रुपये खर्च कर

- एचपीडीए व पुलिस विभाग ने लाखों खर्च कर लगवाई थी,कबाड़ में तब्दील
- पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों बने है,मूक दर्शक,
- ट्रैफिक लाइटें खराब होना भी शहर में जाम लगने की का मुख्य कारण
- प्रतिदिन सुबह से शाम तक लगने वाले जाम से जनता परेशान
- व्यापार होने लगा प्रभावित,जाम की समस्या का समाधान करने की उठाई मांग

हापुड़ नगर के मुख्य चौराहों पर खंभों पर लगवाई गई खराब पड़ी ट्रैफिक लाइटों का सही उचित नहीं समझा है। यातायात माह संपन्न होने पर ट्रैफिक लाइटें अपनी




खंभों पर लगी ट्रैफिक लाइटें अपनी बदहाली पर आंसू बहाते हुए व हापुड़ नगर के प्रमुख तहसील चौराहा पर लगे जाम का नजारा

बदहाली के लिए आंसू बहाती रही गयी। शहर में प्रतिदिन लगने वाले जाम से जनता परेशान,व्यापार प्रभावित,व्यापारियों ने जाम की समस्या का समाधान करने की उठाई मांग है।

आपको बता दें,कि जनपद में गत एक से 30 नवंबर तकयातायात माह चलाया गया। जिसमें ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देने के बाद वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए कैंप लगाकर व कालेजों में बच्चों को ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाकर जागरूक किया गया। लेकिन शहर वाहन चालक यातायात के नियमों को पालन कैसे करे। जब खंभों पर लगी ट्रैफिक वर्षो से खराब पड़ी है।

शहर के मुख्य चौराहा मेरठ तिराहा,तहसील व पक्का बाग चौराहा पर पूर्व में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण व पुलिस विभाग द्वारा लाखों खर्च कर चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें लगवाई थी। इन लाइटों ने शुरू होने से पहले ही दम तोड़ दिया। कुछ खंभों से गायब हो गयी है। अब इस स्थिति में वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन कैसे करें? इन लाइटों का सही नहीं होना भी शहर में जाम लगने का मुख्य कारण माना जा रहा है।

गौरतलब है,कि यातायात माह प्रत्येक वर्ष शुरू होता हैं और खत्म हो जाता हैं। पूरे माह में मुख्य चौराहों पर खंभों पर खराब लगी ट्रैफिक लाइट पर किसी भी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नजरें इन लाइटों पर नहीं पहुंचती हैं। अब तो इन लाइटों को पक्षियों ने अपना रैन बसेरा बनाना शुरू कर दिया है।

इतना ही नहीं जिन चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें लगी है



वहां से प्रतिदिन जिलाधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक,अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक,पुलिस क्षेत्राधिकारी,ट्रैफिक सीओ,सदर एसडीएम सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी गुजरते है। लेकिन किसी भी नजरें खराब पड़ी लाइटों पर नहीं पहुंच सकी।

इस सम्बंध में पुलिस विभाग के अधिकारियों का एक ही कहना होता है,कि ट्रैफिक लाइटों को नगर पालिका परिषद या हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा ही सही कराया जायेगा।

वहीं दूसरी शहर में प्रतिदिन सुबह से शाम तक लगने वाले जाम के कारण जनता परेशान हो गयी है। व्यापार भी प्रभावित होने लगा है। जिसके मद्देनजर व्यापारियों ने जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाई जाने लगी है। पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष,पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संजय डाबर ने बताया कि शहर में प्रतिदिन जाम लगने से व्यापारियों का काफी नुकसान हो रहा है। इस समस्या का समाधान कराने के लिए व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मिलेगा।

# जनपद की सभी चीनी मिलों का आबकारी एवं गन्ना विभाग की संयुक्त टीम ने किया औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** प्रमुख सचिव एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश प्रयागराज के निदेशों तथा जिलाधिकारी व गन्ना अधिकारी तथा सहायक आबकारी आयुक्त त्रिवेणी एवं टिकौला आसवनी सहित आबकारी एवं गन्ना विभाग की संयुक्त टीम ने निरीक्षण कार्य किया।निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा सभी चीनी मिलों में संचित शीरे का




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए आदेशों के अनुपालन में जनपद में संचालित सभी प्रमुख चीनी मिलों रोहाना, खतौली, मंसूरपुर, खाईखेड़ी, टिकौला एवं मोरना चीनी मिल का औचक निरीक्षण किया गया।

उप गन्ना आयुक्त परिक्षेत्र सहारनपुर एवं उप आबकारी आयुक्त सहारनपुर प्रभार के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी,जिला भौतिक सत्यापन किया गया। विभिन्न टैंकों से शीरे के नमूने नियंत्रित प्रक्रिया के तहत आहरित किए गए। इसके साथ ही मिल परिसरों में स्थापित एएनपीआर कैमरों के संचालन एवं कार्यप्रणाली की भी जांच की गई। जांच टीम ने दिशा-निर्देशो के अनुरूप सभी बिंदुओं की विस्तृत पड़ताल करते हुए निरीक्षण कार्य संपन्न किया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा किया गया औद्योगिक दौरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** इलाके की पावर परियोजना एनटीपीसी स्थित डीपीएस के बी०आई०एस० स्टैंडर्ड क्लब के सदस्यों ने सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड नोएडा का दौरा किया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के बी०आई०एस० स्टैंडर्ड क्लब द्वारा ही किया गया था। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रक्रियाएं, सुरक्षा व्यवस्था और उद्योगों में लागू किए जाने वाले असली BIS गुणवत्ता मापदंडों व्यावहारिक अनुभव देना था। सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में प्लास्टिक से बनने वाले औद्योगिक और घरेलू उत्पादकों के अग्रणी निमार्ता में से एक है। इसका मुख्य उद्देश्य है सुप्रीम लोग जो प्लास्टिक को सबसे अच्छे से जानते हैं। यह कंपनी ह्यसेफ्टी फर्स्ट, क्वालिटी मस्ट; हम समस्या पहचानते हैं, समाधान भी करते हैं तथा हमेशा विश्वास रखें कि मैं यह कर सकता हूँ जैसे मजबूत मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालन करती है। सुप्रीम इंडस्ट्रीज पैकेजिंग, लेमिनेशन, पाइपिंग सिस्टम, फर्नीचर आदि जैसे बड़े क्षेत्रों में कार्यरत है। आयोजन के दौरान, छात्रों ने



ब्लूस्टार AC के प्लास्टिक मोल्ड्स, केंट RO की प्लास्टिक बॉडी, कूलर के प्लास्टिक मोल्ड्स और अन्य प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण की पूरी प्रक्रिया देखी। विद्यार्थियों ने जाना कि उद्योग में मोल्डिंग, रोबॉटिक संचालन, उपकरण रखरखाव, गुणवत्ता जांच और अंतिम पैकेजिंग कैसे हो रही है। टीम ने फ्लैश रीसाइक्लिंग और रिफ्लैशिंग के माध्यम से कचरा प्रबंधन के बारे में बताया, जिसमें बचे हुए प्लास्टिक को दोबारा उपयोग करके कचरे को कम किया जाता है। विद्यार्थियों को जापानी शब्द KAIZEN से भी परिचित कराया गया, जिसका अर्थ है बेहतर के लिए निरंतर सुधार, जो उनकी सतत उन्नति की प्रवृत्ति को दशार्ता है। कंपनी ने फैक्ट्री सुरक्षा, सुरक्षा मार्ग और गंगवे, IPD (इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट डिवीजन) के बारे में विस्तृत प्रस्तुतीकरण और सुप्रीम इंडस्ट्री नोएडा यूनिट के बारे में पूरा प्रेजेंटेशन दिखाया। पूरे दौरे के दौरान, विद्यालय के छात्र कंपनी के निदेशों के साथ सक्रिय रूप से संवाद करते रहे, प्रक्रिया, मशीनों, सुरक्षा नियमों और गुणवत्ता मानकों के बारे में कई सवाल पूछे, जिनके जवाब स्पष्ट रूप से दिए गए। स्टैंडर्ड क्लब समन्वयक देवी मेनन तथा विद्यार्थियों ने ने विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम दुआ के प्रति आभार प्रकट किया, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को कंपनी का व्यावहारिक अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ।

# गौकशी गिरोह पर पिलखुवा पुलिस का शिकंजा, मुठभेड़ में तीन आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** थाना पिलखुवा पुलिस ने गौकशी रोकथाम अभियान के तहत बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए तीन आरोपितों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल है। पुलिस ने इनके पास से अवैध असलहा, जिंदा व खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और गौकशी से संबंधित उपकरण बरामद किए।



थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि यह गिरोह प्रतिबंधित आवारा पशुओं को पहले इंजेक्शन लगाकर बेहोश करता था। इसके बाद उन्हें सुनसान स्थानों पर ले जाकर गौकशी की घटनाओं को अंजाम देता था। सोमवार देर रात परतापुर रोड क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। रोकने का प्रयास करने पर आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने रणनीति के तहत सभी को काबू कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की शिनाख्त दानिश (वर्तमान निवास–थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़) और रिहान उर्फ रियान (वर्तमान पता–मदरसे के पास, पिपलेड़ा रोड, कस्बा व थाना मसूरी, जनपद गाजियाबाद) के रूप में हुई है। तीसरा आरोपी बाल अपचारी है, जिसकी पहचान कानूनी प्रावधानों के अनुरूप उजागर नहीं की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि गौकशी जैसी आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 2025 पर दिव्यांग बच्चों ने जनपद स्तरीय खेलों में दिखाई प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समग्र शिक्षा,बेसिक शिक्षा विभाग मुजफ्फरनगर द्वारा दिव्यांग बच्चों के बीच विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, बाल कल्याण समिति सदस्य डाॅ राजीव कुमार एवं श्रुति गुप्ता (कोषाधिकारी/वित्त एवं लेखाधिकारी) द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मीनाक्षी स्वरूप ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों को सहानुभूति नहीं, सहयोग की आवश्यकता है। अभिभावक बच्चों को घर से बाहर निकालकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ें जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे।मानसिक दिव्यांग बच्चों की प्रतियोगिताएँ-

जूनियर बालिकाएँ (50 मीटर) दौड़ में प्रथम अर्पिता (मोरना), द्वितीय सूरज (शाहपुर),तृतीय डॉली (चरथावल)। जूनियर बालक (50 मीटर दौड़):प्रथम लक्ष्य (शाहपुर), द्वितीय सागर (चरथावल),तृतीय आरजू (नगर क्षेत्र सदर)।

मूक बधिर बच्चों की प्रतियोगिता में बालक म्यूजिकल कुर्सी में प्रथम मन्नू (बघरा),द्वितीय नवनीत (सदर),तृतीय अर्पण (शाहपुर)। बालिका म्यूजिकल कुर्सी में प्रथम डॉली (जानसठ),द्वितीय परी (जानसठ),तृतीय योगिता (सदर)।दृष्टिहीन बच्चों की प्रतियोगिता में छूकर पहचानो प्रतियोगिता में प्रथम अलफिजा (जानसठ),द्वितीय वंश (खतौली),तृतीय कुनाल (मोरना)।चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम हर्ष (सदर),द्वितीय अर्णव (सदर),तृतीय सूरज (जानसठ)।सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम वंशिका (सदर),द्वितीय बुलबुल (सदर),तृतीय प्रिंस (जानसठ)।

शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों की दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम मयंक (सदर), द्वितीय अक्षपाल (चरथावल),तृतीय डॉली (सदर)। मूक बधिर बालिकाएँ प्रथम अर्पिता (मोरना),द्वितीय अलीशा (जानसठ),तृतीय आरजू (बुढ़ाना) रही।लगभग 200 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार द्वारा विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर किया गया। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को समान अवसर देना आवश्यक है ताकि वे सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी सकें।इसके साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की।कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक सुशील कुमार ने किया।




कार्यक्रम को सफल बनाने में स्पेशल एजूकेटर आदित्य प्रकाश, रेनू,धर्मेंद्र स्वरूप जैन, पूनम, अन्नगपाल, रामनिवास, इरशाद,रोहित शर्मा, प्रमिता, धर्मेंद्र तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन बबीता आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## बैठक — धौलाना एसडीएम मनोज सिंह ने की राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं साथ बैठक

# धौलाना में 4 दिसंबर को मतदाता सूची सत्यापन: बीएलओ द्वारा तैयार ASD लिस्ट का प्रकाशन होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत धौलाना एसडीएम मनोज सिंह ने बताया कि बीएलओ द्वारा तैयार की गई अरऊ लिस्ट (छूटे, स्थानांतरित या मृत मतदाताओं की सूची) का प्रकाशन 4 दिसंबर, गुरुवार को किया जाएगा।

एसडीएम ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम किसी त्रुटिवश सूची से छूट गए हैं, किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट हो गए हैं या जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनकी जानकारी बीएलओ द्वारा संकलित कर ली गई है।उन्होंने बुधवार को राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि वे गुरुवार को अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा तैयार सूची का गहन सत्यापन करें। यदि किसी मतदाता का नाम गलती से हटाया गया है या उसके फॉर्म में




किसी प्रकार की त्रुटि है, तो पुनः सत्यापन के बाद उसका नाम सही रूप से मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा । एसडीएम मनोज सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना राजनीतिक दलों की सहमति और सत्यापन के सूची से नहीं काटा जाएगा। बैठक के बी एल ए अधिवक्ता संघ के तमकीन अहमद, कांग्रेस नेता चमन शर्मा करनपुर, भाजपा नेता योगेश शिशोदिया, सोनू ठाकुर, और शैलेन्द्र राणावत ने आश्वासन दिया कि वे गुरुवार को समय से बूथों पर पहुंचकर सूची का सत्यापन करेंगे तथा किसी भी त्रुटि की स्थिति में बीएलओ से समन्वय कर उसे ठीक कराया जाएगा ।

# पुलिस ने जान जोखिम में डालकर आत्मदाह करने वाली महिला को बचाते हुए आत्मदाह के लिए उकसाने वाले युवक-युवती को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** थाना बुढ़ाना व महिला थाना बुढ़ाना पुलिस ने आत्मदाह के लिए उकसाने तथा पुलिस पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरमान निवासी ईदगाह कॉलोनी थाना थानाभवन (शामली) और इरम निवासी मोहल्ला पश्चिमी पछाला,थाना बुढ़ाना (मुजफ्फरनगर) को गिरफ्तार किया।इरम ने पहले अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था।आरोपी फरमान उस पर दबाव डालकर उसे मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह के लिए उकसा रहा था। 2 दिसंबर को इरम ने घर में खुद को बंद कर आग लगाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँची। कमरे में भारी मात्रा में मिट्टी का तेल फैला था। पुलिस को देखकर इरम ने आग लगा ली।

**खोया-पाया**

मेरा एक अलॉटमेंट लेटर 9 अप्रैल 2003 और दो ओरिजनल बैनामे प्लॉट नंबर 594 शैलेश फॉर्म कॉलोनी पिलखुवा बुक नंबर 4670/378/389 दिनांक 12.06.2007 बही नंबर 1 जिल्द नंबर 7766 पेज नंबर 235 से 248 पर क्रमांक 701 दिनांक 12.01.2012 के कागजात कही खो गये है।

**प्रमोद कुमार पुत्र सुखवीर 97 अटोर गाजियाबाद, 8376822151**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र अमन व पुत्रवधू महक द्वारा अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। अमन व महक द्वारा किये गये कृत्य के वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**चमन पुत्र शरीफ नि.मोहल्ला सिकंदरगेट,भंडा पट्टी,थाना हापुड़ नगर, जिला हापुड़**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र जुनैद व पुत्रवधू श्रीमति बुशरा को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। जुनैद व बुशरा द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**सईद पुत्र श्री अब्दुल हकीम नि.551,खाई मोहल्ला,नई आबादी,थाना हापुड़ देहात, तहसील व जिला हापुड़**

## सम्पादकीय

# विपक्ष के लिए गहरे आत्म-मंथन का विषय



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

अब भविष्य सिर्फ उन शक्तियों का है, जो राजनीति की नई समझ और परिभाषा अपना सकें। जो राजनीति की ऐसी समझ अपना सकें, जिसमें चुनाव लड़ना ही एकमात्र गतिविधि ना हो। जिसमें उद्देश्य आधारित संगठन, संघर्ष, और रचनात्मक कार्यक्रम समान रूप से महत्त्वपूर्ण हों। दरअसल, ऐसी राजनीति जो करेगा, दीर्घकाल में उसके लिए ऐसा जन समर्थन अपने-आप तैयार होगा, जिससे उसे चुनावी सफलता मिले।

किसी राज्य में चुनाव हो, तो इस दौर में वहां मंच सज्जा में कई समान पहलू मौजूद रहते हैं और ऐसा बिहार में भी था। बाकी बातें स्थानीय समीकरणों और परिस्थितियों से तय होती हैं, हालांकि उनमें भी कुछ समानताएं ढूंढी जा सकती हैं। तो कुल मिलाकर बिहार में जो चुनाव नतीजा सामने आया, वह पहले से जारी ट्रेंड के काफी कुछ अनुरूप है। साथ ही इन नतीजों ने उस रुझान को और आगे बढ़ाने में अपने तईं कुछ खास योगदान किया है। ये रुझान भारतीय लोकतंत्र के वर्तमान एवं भविष्य के बारे में कुछ ठोस संकेत देते हैं-

आइए, इसकी विस्तार से चर्चा करते हैं। मंच के नेपथ्य में जो बातें आज हर जगह मौजूद रहती हैं, उनमें सबसे महत्त्वपूर्ण है चुनाव प्रणाली को लेकर पैदा हुए संदेह। बिहार का चुनाव आते-आते यह पहलू अत्यधिक गंभीर हो गया। इसमें बड़ा योगदान इस चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के निर्वाचन आयोग के फैसले का रहा। कई ऐसे कारण हैं, जो सघन होकर अब चुनाव की पूरी प्रक्रिया पर संदेह का साया डाल रहे हैं। उनमें प्रमुख है:मतदाता सूची, जिसमें शामिल और निकाले गए नामों को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। मतदान के दिन आखिरी घंटों में असामान्य रूप से अधिक मतदान की शिकायत लगातार आ रही है। कई जगहों पर कुछ, खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं के मतदान की राह में जानबूझ कर रुकावट खड़ा करने की कथित कोशिशों के इल्जाम लगते हैं। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में हेरफेर की चचाएं हर बार गर्म होती हैं। विपक्ष की मांग के मुताबिक वीवीपैट पर्चियों की गिनती ना करने के निर्वाचन आयोग के फैसले से विपक्षी खेमों में यह संदेह और गहराया है। मतगणना के दौरान जहां हार-जीत का अंतर कम हो, वहां प्रशासनिक हेरफेर से परिणाम को प्रभावित करने के आरोप कई चुनावों में लगे हैं। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल ने ऐसे संगीन आरोप लगाए थे। बाद में उत्तर प्रदेश में भी ऐसे मामले चर्चित हुए।

चुनाव कार्यक्रम तय करने में निर्वाचन आयोग की भूमिका संदिग्ध होती गई है। विपक्षी दलों का इल्जाम है कि चुनाव कार्यक्रम केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की सुविधा से तय किए जाते हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करने में कथित भेदभाव की शिकायतें आती हैं। ऐसे मामले चर्चित हुए हैं, जब एक जैसे मामलों में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं पर आचार संहिता लागू में निर्वाचन आयोग ने अलग पैमाने अपनाए। निर्वाचन आयोग का भेदभाव बिहार के ताजा चुनाव में एक अलग मुकाम पर पहुंचा, जब महिलाओं के खाते में दस हजार रुपये ट्रांसफर करने की प्रक्रिया चुनाव के दौरान भी चलती रही। पहले कई चुनावों में निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता लागू होने के दौरान ऐसी योजनाओं के अमल पर रोक लगा दी थी, लेकिन बिहार में इसे पहले से चल रही योजना बता कर जारी रहने दिया गया। ये वो बातें हैं, जो मंच पर घटती दिखती हैं। लेकिन पृष्ठभूमि में कम-से-कम दो और पहलू हैं, जिनसे चुनावी मुकाबले का धरालत सत्ता पक्ष के हक में झुकता चला गया है। इनमें एक तो उसके पास धन की अकूत उपलब्धता है, जो पूंजीपति वर्ग के समर्थन से उसे प्राप्त हुआ है। दूसरी बात का संबंध भी इस वर्ग के समर्थन से जुड़ा है। चूंकि मेनस्ट्रीम मीडिया का स्वामित्व पूंजीपतियों के हाथ में ही है, इसलिए मीडिया का अनवरत समर्थन सत्ता पक्ष को मिला रहता है। शिकायत है कि चुनाव हों या नहीं, हर वक्त मेनस्ट्रीम मीडिया सत्ता पक्ष के नजरिए से नैरेटिव प्रचारित करने में जुटा रहता है। फिर सोशल मीडिया पर भी सत्ता पक्ष का बेहिसाब प्रभाव है। इन तमाम वो पहलू हैं, जिनकी वजह से भारत में चुनावी धरालत समान नहीं रह गया है। चुनाव कोई भी हो, उसमें ये धरातल भाजपा के पक्ष में पहले से झुका रहता है। उस धरातल पर जब दूसरी पार्टियां मुकाबले के लिए उतरती हैं, तो उनके सामने एक और चुनौती सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से बने माहौल से निपटने की होती है। यह ध्रुवीकरण नफरत भरी सांप्रदायिक ध्वनियों के लगातार गूंजते रहने से बनी हुई है।

# नए भारत को सुरक्षा एवं संवेदना वाली नई पुलिस चाहिए



ललित गर्ग

भारतीय लोकतंत्र में पुलिस व्यवस्था कानून-व्यवस्था की आधारभूत धुरी है, परंतु आम नागरिक के मानस में पुलिस की छवि अभी भी कठोरता, डर और दमन से जुड़ी हुई है। इसे केवल अधिकार जताने वाली शक्ति समझा गया है, संवेदनशीलता, जवाबदेही और मित्र भाव से नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में इसी जटिलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस की छवि तभी बदलेगी जब व्यवस्था अधिक प्रोफेशनल, अधिक उत्तरदायी और अधिक मानवीय बने। विकसित भारत की दृष्टि में पुलिस का पुनर्गठन केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि समाज में भरोसे को पुनर्जीवित करने का कार्य भी है। पुलिस के पास अपराध नियंत्रण, आतंकवाद-निरोध, भीड़ प्रबंधन, आपदा राहत, नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान, चुनाव ड्यूटी और वीआईपी सुरक्षा जैसी असंख्य जिम्मेदारियां हैं, लेकिन संसाधन सीमित हैं, कार्य-भार भारी और राजनीतिक दबाव व्यापक हैं। कुछ अधिकारियों के भ्रष्ट या कठोर व्यवहार ने संपूर्ण पुलिस व्यवस्था की छवि पर चोट पहुंचाई है, इसलिए जनता पुलिस के निकट आने पर भी भय का अनुभव करती है। प्रधानमंत्री ने इस स्थिति बदलने की स्पष्ट आवश्यकता जताई और युवाओं में पुलिस की सकारात्मक छवि निर्माण पर बल दिया ताकि आने वाली पीढ़ी पुलिस को मित्र और संरक्षणकर्ता के रूप में पहचाने। भारतीय लोकतंत्र के संरचनात्मक स्तंभों में पुलिस की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। वह केवल अपराधियों से मुकाबला करने वाली शक्ति नहीं बल्कि कानून-व्यवस्था, नैतिकता और जनविश्वास की संरक्षक है। परंतु विडम्बना यह है कि आम जनता के मानस में पुलिस की छवि आज भी कठोरता, डर, भ्रष्टाचार और दमन से जुड़ी हुई दिखाई देती है। समाज पुलिस को डंडे और खाकी के प्रतीक रूप में पहचानता है, संवेदनशीलता और जवाबदेही के दृष्टिकोण से नहीं। यही कारण है कि पुलिस सुधार दशकों से विमर्श का विषय तो रहा, लेकिन कभी जनांदोलन नहीं बन सका, न चुनावी मुद्दा बना और न ही गंभीर राजनीतिक प्राथमिकता। इसलिये मोदी ने शहरी पुलिसिंग को मजबूत करने, पर्यटक पुलिस को फिर से सक्रिय करने, विश्वविद्यालयों को फोरेंसिक अध्ययन के लिए प्रेरित करने और नए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम तथा नागरिक सुरक्षा संहिता पर व्यापक जनजागरूकता चलाने की जरूरत रेखांकित की। उनका यह दृष्टिकोण पुलिस को प्रतिक्रियाशील संस्था से आगे बढ़ाकर बुद्धिमान, वैज्ञानिक, पूवार्नुमान आधारित और विश्वसनीय संस्था बनाने की दिशा है। प्रधानमंत्री की दृष्टि का महत्वपूर्ण आयाम यह है कि पुलिस केवल कानून लागू करने वाली मशीन नहीं बल्कि समाज का सहभागी तंत्र है। यदि पुलिस व्यवहार में संवेदनशीलता, संवाद, पारदर्शिता और विनम्रता विकसित करे तो जनविश्वास स्वतः बढ़ेगा। नए कानूनों के बारे में जन-जागरूकता अभियान इसी सोच का हिस्सा है, क्योंकि कानून तभी प्रभावी होते हैं जब जनता उन्हें समझती और स्वीकार करती है। अपराध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए पुलिस का प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता, इंटेलिजेंस नेटवर्क और फोरेंसिक क्षमता मजबूत होना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री ने नेटग्रिड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एकीकृत डेटाबेस के प्रभावी उपयोग पर जोर देकर पुलिसिंग को डेटा आधारित, कृत्रिम बुद्धिमता-एआई और वैज्ञानिक सोच से जोड़ने की दिशा दिखाई है। उन्होंने प्रतिबंधित संगठनों की सतत निगरानी, नशीली दवाओं के विरुद्ध बहुस्तरीय रणनीति, कट्टरपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में विकास आधारित समाधान, तटीय सुरक्षा के नवाचार, तथा प्राकृतिक आपदाओं में सक्रिय पुलिस नेतृत्व की आवश्यकता भी व्यक्त की। यह सब उस व्यापक सोच का हिस्सा है जिसमें पुलिस केवल अपराध से लड़ने वाली व्यवस्था नहीं बल्कि विकास की रणनीतिक सहभागी शक्ति है। परंतु पुलिस सुधार केवल निदेशों से संभव नहीं; इसके लिए संतुलित एवं अत्याधुनिक ढांचे की जरूरत है जिसमें प्रशिक्षण, संसाधन, मनोबल, आचार-नीति, राजनीतिक निर्भरताओं से मुक्ति और सामाजिक सम्मान शामिल हों। आलोचना जितनी महत्वपूर्ण



है, पुलिस के संघर्षों को समझना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि इसी दोतरफा समझ से सुधार का रास्ता निकलता है। प्रधानमंत्री की अपेक्षा है कि पुलिस नेतृत्व खुद को नए भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार करे, लक्ष्य स्पष्ट करे और वह व्यवस्था बनाए जिसमें नागरिक पुलिस को भय से नहीं बल्कि विश्वास से देखें। विकसित भारत की यात्रा में सुरक्षा, न्यायबोध और अनुशासन की संरचना को सशक्त बनाने के लिए पुलिस का आधुनिक, मानवीय और विश्वसनीय स्वरूप अनिवार्य है। यह सुधार केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोच, दृष्टि और चरित्र का परिवर्तन है। तभी खाकी का सम्मान लौटेगा, जनता का विश्वास मजबूत होगा और पुलिस व्यवस्था वास्तव में लोकतंत्र की प्रहरी के रूप में पहचानी जाएगी। प्रधानमंत्री के ताजा विचारों ने स्पष्ट किया है कि पुलिस की छवि सुधारने का अर्थ केवल कठोरता घटाना नहीं, बल्कि उसे प्रोफेशनल, संवेदनशील और जवाबदेह बनाना है। आज जरूरत इस बात की है कि पुलिस व्यवस्था के लिए भय का नहीं, विश्वास और सुरक्षा का केंद्र बने। शहरी पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, पर्यटक पुलिस को पुनर्जीवित करने और नए आपराधिक कानूनों पर जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में पहल इसलिए महत्वपूर्ण है कि इससे पुलिस डंडे की ताकत से आगे बढ़कर मदद की शक्ति बनेगी। यदि नागरिक को यह अनुभव होने लगे कि पुलिस मदद के लिए तत्पर है, उसके अधिकारों का सम्मान करती है और कानून का निष्पक्ष पालन करती है, तो खाकी वर्दी का अर्थ केवल अनुशासन नहीं बल्कि विश्वास, अभय और सहारा प्रतीत होगा। यही वह परिवर्तन है जो विकसित भारत की सोच में निहित है। अंग्रेजी शासकों ने अपने शासन को थोपने, जनता को नियंत्रित करने और भय-आधारित प्रशासन चलाने हेतु पुलिस तंत्र की रचना की। 1860 के कानून के आधार पर स्थापित भारतीय पुलिस का मूल चरित्र दंडात्मक, शासक-केन्द्रित और कठोर शक्ति-प्रयोग वाला था। स्वतंत्रता के बाद भी इस व्यवस्था में सार्थक बदलाव न होना एक विडंबना है। आजाद भारत ने लोकतंत्र अपनाया पर पुलिस ढांचे ने अभी तक औपनिवेशिक सोच को पूरी तरह त्यागा नहीं। परिणामतः पुलिस जनसेवा की बजाय सत्ता को बचाने और भय पैदा करने का उपकरण बनी रह गई। आज आवश्यकता है कि भारत का पुलिस तंत्र भारत के मूल्यों के अनुरूप पुनर्निर्मित हो। विकसित भारत को विकसित सोच वाली पुलिस चाहिए जो नागरिकों के साथ विश्वास-आधारित संबंध बनाए, दमन नहीं बल्कि संरक्षण दे, और कानून को लागू करने में नैतिकता, पारदर्शिता और मानवता को प्राथमिकता दे। ऐसी पुलिस व्यवस्था ही सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की प्रहरी बन सकती है और भारत की सभ्यता-संस्कारों का प्रतिबिंब भी।

इसी संदर्भ में पुलिस थानों के नामकरण की सोच पर पुनर्विचार भी आवश्यक है। थाना शब्द में दमन और भय की छाया रही है, जबकि लोकतांत्रिक समाज में वह नागरिक सहारा का स्थान होना चाहिए। यदि उन्हें सुरक्षा केंद्र, नागरिक सहायता केंद्र, पुलिस सेवा भवन, अभय केंद्र या सहयोग प्रहरी केंद्र जैसे नाम दिए जाएं तो नागरिक के मानस में पुलिस की भूमिका का अर्थ बदलने लगेगा। नाम केवल शब्द नहीं होता, वह भाव, चरित्र और अनुभव निर्मित करता है। इस सकारात्मक नामकरण से पुलिस केन्द्र केवल शिकायत या धमकाने का प्रतीक नहीं बल्कि सहायता, समस्या-समाधान, विश्वास और न्याय का केन्द्र बन सकता है। यह प्रतीकात्मक परिवर्तन, यदि व्यवहार सुधार के साथ जुड़ जाए, तो पुलिस के प्रति जनता में सम्मान, निर्भयता और साझेदारी की भावना और अधिक मजबूत होगी और यही वह दिशा है जिसे विकसित भारत की सुरक्षा, नीतिगत सोच और संवेदनशील शासन का स्वरूप कह सकते हैं।

इसके विपरीत आज की वास्तविकता यह है कि जब पुलिस दरवाजे पर आती है, तो नागरिक घबराता है-ह्नकहीं फंस न जाऊं।ह्व यह भय उस विश्वासहीनता का परिणाम है जिसे बदलना आवश्यक है। अपराध की प्रकृति बदल रही है, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, आतंकवाद, मानव तस्करी, ड्रग नेटवर्क-इनसे मुकाबले के लिए बेहतर प्रशिक्षण, तकनीक और इंटेलिजेंस चाहिए। लोकतंत्र में पुलिस सबसे प्रत्यक्ष शासन-कर्म है। जनता रोज उसे देखती, झेलती और समझती है। खराब अनुभव सीधे शासन के प्रति अविश्वास पैदा करते हैं। विकसित भारत 2047 की आकांक्षाओं में पुलिस वह संरचना है जो सुरक्षा, अनुशासन, न्याय और सामाजिक साझेदारी को सुनिश्चित करती है। पुलिस की वर्दी के भीतर मनुष्य, संवेदना और विवेक दिखाई दे, तभी खाकी का सम्मान लौटेगा और जनता का विश्वास सुदृढ़ होगा। नए भारत के निर्माण में पुलिस का यह रूपांतरण एक निर्णायक धुरी होगा, जहां सुरक्षा और संवेदनशीलता साथ-साथ चलें, और जहां कानून केवल भय नहीं बल्कि न्याय और विश्वास का प्रतीक बने।

## 2025 को अलविदा

अंग्रेजी साल का आखिरी महीना दिसंबर है सबसे जुदा,
कुछ दिनों में बस अब करेंगे हम यूँ 2025 को अलविदा,
जीवन के इस मोड़ पर यह साल कितने रंग संग लाया,
समय की दौड़ में कुछ ने बहुत खोया तो कुछ ने पाया ।

इस साल ने दहशत से आँखों में दिए आँसू हुए तन्हा,
संजोए कुछ नयनों में खुशी के आँसू बना खास लम्हा,
बड़ी-बड़ी चुनौतियों और मुश्किलों से भरा हुआ ये वर्ष,
बेहद कठिन वक्त और भारतवर्ष के लिए भीषण संघर्ष ।

सुखों-दुखों की यादों से लबरेज खट्टा-मीठा रहा साल ये,
कहीं उजडी.बस्तियाँ और कई सितारों को ग्रसा काल ने,
कहीं बाढ़ कहीं सूखा तो कहीं बिजली ने बरसाया कहर,
कहीं हवा हो गई जहरीली और धूँ-धूँ करते जले शहर ।

देश की जल थल नभ सैन्य शक्तियों ने आत्मबल दिया,
भारतवासियों को नई ऊर्जा शक्ति साहस से भर दिया,
2026 की महत्वपूर्ण योजनाओं का आगाज अब होगा,
"आनंद" हौसलों से ख्वाबों का फिर से आमना-सामना होगा ।

विविधता में एकता के साथ हम चलेंगे एक दूजे के संग,
देंगे भारत को विकास और प्रगति के नए खूबसूरत रंग,
बीते साल की गलतियों से लेकर सबक बढ़ेंगे आगे हम,
प्यारा भारत व हर भारतवासी रहे खुशहाल हममें हैं दम ।



मोनिका डागा "आनंद"

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# बलिदान दिवस पर विशेष : रॉबिन हुड- क्रांतिवीर टंट्या मामा,गरीबों के मसीहा थे

स्वतंत्रता संग्राम के जननायक बिरसा मुंडा की जन्मतिथि मनाने के बाद अब चर्चा में "टंट्या मामा" का बलिदान दिवस 4 दिसंबर है। आजादी के लिए ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह का झंडा बुलंद करने वाले निमाड़ व मालवा के पहले क्रांतिकारियों में टंट्या भील शामिल थे। इन्होंने 12 साल तक वन आर्मी की तरह अंग्रेजों से संघर्ष किया। इस दौरान उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा। आमजन को अंग्रेजों के शोषण से मुक्ति एवं विदेशी शासन को उखाड़ फेंकने के अदम्य साहस एवं जुनून की वजह से उन्हें निमाड़ कर क्रांतिवीर कहा गया है।

टंट्या भील का जन्म 1840 में पूर्वी निमाड (खंडवा) जिले की पंधाना तहसील के ग्राम बडौदा-अहीर में हुआ था। उनका असली नाम तॉतिया था, लेकिन अंग्रेजों के खिलाफ गतिविधियों के कारण उन्हें टंट्या नाम दिया। उन्होंने बचपन से ही धनुष बाण और भाला चलाने में निपुणता हासिल करली थी। जनजातीय समुदाय में जन्में टंट्या साहसी और चंचल थे। वे अंग्रेजों एवं उनके समर्थकों का खजाना लूट कर उसे 'गरीबों में बाट देते थे?', इसके चलते वे गरीबों के मसीहा कहलाये एवं अंग्रेजों में उन्हें रॉबिन हुड का नाम दिया। वे शोषण के खिलाफ लड़ते थे, उन्होंने अंग्रेजो के छक्के छुड़ा दिऐ। अंग्रेज उनके नाम से घबराते थे ।

उनका नाम ,उनका जीवन छोटी उम्र से ही घने जंगलो, घाटियों एवं पहाड़ों में बीता तथा अंग्रेजों एवं होलकर राज्य की सेनाओं की तलवारों के साथ उनका जीवन-यापन हुआ। टंट्या की मदद करने के आरोप में उनके कई साथियों और सहयोगियों को अंग्रेजों की यातना सहानी पड़ी। टंट्या को पहली बार 1874 के आसपास " बुरा जीपन-यापन" के लिए गिरफ्तार किया गया एवं एक वर्ष की सजा के बाद चोरी एवं अपहरण के गंभीर अपराधो मैं उनकी सजा बदलकर उन्हें रिहा करने से रोक दिया। उनकी बहिन के पति गणपत ने विश्वासघात कर उन्हें गिरफ्तार करवा दिया। दूसरी बार अंग्रेजों की गिरफ्त में आने पर उन्हें इन्दौर में ब्रिटिश रेजिडेंसी क्षेत्र में सेंट्रल इंडिया एंजेसी जैल में रखा गया था, बाद में पुलिस सुरक्षा में उन्हें जबलपुर जिले में ले जाया गया। जहां ब्रिटिश अधिकारियों ने उन्हेंअमानवीय रूप से प्रताड़ित किया।



डॉ.बी.आर नलवाया, मंदसौर

टंट्या को 1878 में दूसरी बार गिरफ्तार किया गया था। और केवल तीन दिनों के बाद खंडवा की जेल में भेज दिया। फिर यहाँ से जबलपुर जेल भेज दिया गया। जहा सत्र न्यायालय जबलपुर ने उन्हें 19 अक्टूबर 1889 को फांसी की सजा सुना दी और 4 दिसम्बर दिसंबर 1889 को उन्हें वहाँ फॉसी दे दी गई। इसके बाद निमाड़ के जननायक का शव पाताल -पानी क्षेत्र में लाकर दफना दिया गया।

आज भी मप्र और छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी राज्यों में लोग उन्हें भगवान की तरह पूजते हैं और उन्हें टट्या मामा कहकर सम्मान देते हैं। क्योंकि उन्होंने आदिवासियों के हक के लिए संघर्ष किया। अकाल के दौरान सरकारी रेलगाड़ियों से अनाज लुटकर गरीबों में बाटते थे। स्मरण रहे कि 30 नव. 2021 को कृषिमंत्री कमल पटेल ने गोरव यात्रा के दौरान तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को टंट्या मामा की उपाधि दे दी ।उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह टंट्या मामा का पुनर्जन्म मिला।उन्होंने कहा कि आजादी के पहले कई भारतीयों ने कुबार्नी दी। उन्होंने कहा आजादी का इतिहास सही नही लिखा गया।

जनजाति समाज के बंधुओं में कई शहीदों का नामोनिशान नहीं है। अब नई शिक्षा नीति मे आदिवासी जननायकों को याद करने के अवसरोंको सियासी रंग मिलते रहेगे।

मध्य प्रदेश शासन टंट्या मामा की बलिदान दिवस 4 दिसंबर को कई जन कल्याण योजनाएं पूर्व में लागू की गई जो 2021 से अभी तक निरंतर जारी है। टंट्या मामा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि जनकल्याणकारी योजनाओं से सिद्ध हुई।

# साइबर ठगी के नए मायाजाल पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी,साइबर अरेस्ट का डर

डिजिटल युग की तेजी से बदलती दुनिया में भारत जिस रफ्तार से तकनीक को आत्मसात कर रहा है, उसी गति से अपराधियों ने भी अपने मंसूबों को नया रूप दे दिया है। इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट और मोबाइल आधारित सेवाओं ने जहां जनजीवन को सरल बनाया है, वहीं इसी सुविधा का दुरुपयोग करते हुए साइबर अपराधी अब ऐसे तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं जिनमें आम नागरिक को यह समझ ही नहीं आता कि वह कब जाल में फंस गया। हाल के महीनों में सबसे भयावह रूप में उभरा डिजिटल अरेस्ट स्कैम न केवल लोगों की कमाई को चूस रहा है, बल्कि नागरिकों के भीतर कानून, सुरक्षा व्यवस्था और डिजिटल तंत्र के प्रति भय भी पैदा कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी बढ़ते खतरे पर गहरी चिंता जताते हुए इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है और केंद्र सरकार से इस खतरे की जड़ों तक पहुँचने और इसे खत्म करने का हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह मुद्दा तब गंभीर रूप से उभरा जब अक्टूबर में स्वतः संज्ञान लिए गए इस मामले में गतिशील सुनवाई शुरू हुई और सामने आया कि डिजिटल अरेस्ट जैसे स्कैम में भारतीयों से तीन हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की ठगी हो चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान का नहीं, बल्कि उस भरोसे के टूटने का भी है जो आम नागरिक देश की साइबर सुरक्षा प्रणाली से रखता है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम का तरीका बेहद खतरनाक और मनोवैज्ञानिक दबाव से भरा होता है। इसमें पीड़ित के मोबाइल पर किसी सरकारी अधिकारी, पुलिस,ह्यसीबीआई,ईडी या अदालत के नाम से कॉल आता है। कॉलर द्वारा दावा किया जाता है कि पीड़ित किसी अपराध में शामिल है और उसकी तुरंत डिजिटल गिरफ्तारी की जा रही है। इसके बाद उससे कहा जाता है कि वह अपने मोबाइल का कैमरा चालू रखे, किसी कमरे में बंद हो जाए और किसी से बात न करे। अपराधी इस दौरान पीड़ित पर डर, तनाव और शर्मिंदगी का इतना दबाव बना देते हैं कि वह बिना समझे अपने पैसे उनके खातों में भेज देता है। यह पूरा घटनाक्रम न केवल अपराधियों की मानसिक तकनीकों को दशार्ता है, बल्कि यह भी बताता है कि किस तरह बुजुर्ग और अकेले रहने वाले नागरिक ऐसे मामलों में आसानी से निशाना बन जाते हैं। 2025 में ही साइबर ठगी की 1.23 लाख शिकायतें दर्ज होना यह संकेत है कि साइबर अपराध अब सीमित दायरे की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय चुनौती का रूप ले चुकी है। इनमें से 17,718 मामले केवल डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े पाए गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन ठगी मामलों में सबसे ज्यादा निशाना 60 वर्ष से ऊपर के नागरिक बने हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि लगभग 82 प्रतिशत पीड़ित बुजुर्ग वर्ग से संबंधित हैं, जिनमें से अधिकांश तकनीक के उपयोग में अपेक्षाकृत कम सहज होते हैं और डिजिटल धमकियों या सरकारी नाम के पीछे छिपी धूर्तता को तुरंत समझ नहीं पाते। युवाओं को लेकर चल रहे साइबर जागरूकता अभियानों के बीच यह वर्ग अभी भी सुरक्षा कवच से बुरी तरह वंचित दिखाई देता है।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ,जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची शामिल हैं ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई भी नियम भारतीय कानून में अस्तित्व ही नहीं रखता। किसी व्यक्ति को केवल डिजिटल माध्यम से, वह भी बिना किसी विधिक प्रक्रिया के, अरेस्ट करना तो दूर, उसकी गतिविधियों



कांतिलाल मांडोत

को नियंत्रित करने का अधिकार भी किसी एजेंसी को नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जिस तरह से अपराधी सरकारी एजेंसियों का नाम लेकर आम जनता को भयभीत कर रहे हैं, वह स्थिति अत्यंत गंभीर है और केंद्र सरकार को दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय, वित्तीय क्षेत्र नियामकों और आईटी कंपनियों की संयुक्त जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अकेला देश नहीं है जो इस तरह के फिशिंग और धोखाधड़ी नेटवर्क का शिकार हो रहा है। म्यांमार, कम्बोडिया और लाओस जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में मौजूद साइबर ठगी के बड़े गिरोह इस तरह के अपराधों के प्रमुख स्रोत हैं। 2024 में दर्ज मामलों के विश्लेषण से पता चला कि लगभग 46 प्रतिशत डिजिटल ठगी और डिजिटल अरेस्ट स्कैम की कड़ियाँ इन देशों से जुड़ी हुई थीं। ये देश साइबर अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकानों की तरह काम कर रहे हैं जहाँ से वे कॉल सेंटर, सोशल इंजीनियरिंग नेटवर्क और डिजिटल पेमेंट पाइपलाइन के माध्यम से अपने नेटवर्क को संचालित करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले अपराध तंत्र को रोकने के लिए इंटरपोल की सहायता भी मांगी है, ताकि सीमापार जुर्म करने वाले गिरोहों को पकड़ा जा सके।

भारत सरकार ने भी स्वीकार किया है कि डिजिटल सुरक्षा को अभेद बनाने के लिए तुरंत और कड़े कदमों की आवश्यकता है। इसी कड़ी में सारथी ऐप को अनिवार्य करने पर जोर दिया गया है, जो मोबाइल नंबर, पहचान और उपयोगकर्ता की सत्यता की पुष्टि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सरकार ने यह भी बताया कि अब तक लगभग 120 करोड़ मोबाइल कनेक्शन की जांच में भारी संख्या में फर्जी सिम कार्ड पकड़े गए हैं जिनका इस्तेमाल अक्सर साइबर अपराधी अपने ठगी नेटवर्क को चलाने में करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरे सिस्टम में दूरसंचार कंपनियों की भूमिका को भी चिन्हित किया है और पूछा है कि सक्रिय नंबरों का सत्यापन कैसे मजबूत किया जा सकता है, ताकि अपराधियों को फर्जी पहचान का सहारा न मिले। इस समस्या के समाधान में केवल सरकारी एजेंसियों की कोशिशें ही काफी नहीं होंगी, बल्कि वित्तीय संस्थानों विशेषकर आरबीआई और बैंकों को भी बेहद सक्रिय भूमिका निभानी होगी। ठगी का पैसा आमतौर पर कुछ ही मिनटों में कई डिजिटल वॉलेट, एस्क्रो अकाउंट, क्रिप्टो लिंक और विदेशी खातों में भेज दिया जाता है। बैंकों के लिए चुनौती यह है कि वे किस तरह वास्तविक ग्राहक और धोखेबाज की पहचान में त्वरित और प्रभावी अंतर कर पाएँ। सुप्रीम कोर्ट ने भी टिप्पणी की कि वित्तीय संस्थान और आईटी कंपनियाँ इस लड़ाई में सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, क्योंकि इनके नेटवर्क के बिना धोखाधड़ी की रकम को संचालित करना लगभग असंभव है। ऐसे में बैंकिंग सुरक्षा प्रोटोकॉल, एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन और रियल-टाइम रिपोर्टिंग तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाना समय की मांग है।

साइबर अपराधों के लगातार बढ़ते स्वरूप को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि देश में डिजिटल साक्षरता को उतना महत्व नहीं दिया गया जितना कि डिजिटल विस्तार को दिया गया है। यह असंतुलन ही वह मूल कारण है जिसके चलते नागरिक अपने मोबाइल, बैंक खाते, ओटीपी, और पहचान संबंधी दस्तावेजों के उपयोग में लापरवाही कर देते हैं। आज भी लाखों लोग यह नहीं जानते कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ओटीपी, बैंक डिटेल या पेमेंट की मांग नहीं करती। यह तथ्य ज्ञात होने के बावजूद अपराधी भय, जल्दीबाजी और अनुपालन के दबाव का इस्तेमाल कर पीड़ित को फंसा लेते हैं।

भारत जिस डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहा है, उसके समानांतर एक डिजिटल सुरक्षा ढाँचे का विकास भी उतना ही आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट की सख़्ती और सीबीआई जांच का आदेश न केवल इस दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह संकेत भी है कि देश की सर्वोच्च अदालत इस खतरे की जड़ तक पहुँचने का इरादा रखती है। अदालत ने कहा कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में साइबर अपराध राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी चुनौती बन सकता है। डिजिटल युग में नागरिकों से किए जा रहे छल के इस नए रूप पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता बेहद उचित है।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** – लोगों के बीच हंसी खुशी का माहौल बना देंगे, खिलौने, लेडीज सूट साड़ी, वेबसाइट बनाना, बच्चों का स्कूल व्यवसाय चलेगा, विवाह के लिए देखने की रस्म सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-74

**वृषभ** – वैवाहिक जीवन में वर्चस्व ना रखे,चिकित्सक दवा बदल सकता है, मन नहीं लगेगा,केटरिंग, डीजे, फूल, वीडियोग्राफी कार्य मिलेगा लेकिन विवाद सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन** – पैतृक सम्पत्ति से आमदनी का जरिया बनेगा, पेट खराब रह सकता है, सोना, ट्यूशन, मेडिकल स्टोर कार्य में संघर्ष आएगा, पशु चिकित्सक व्यस्त रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** – बौद्धिक कार्य करेंगे उसमें गतिशीलता भी आयेगी, अपना व्यवसाय करने की प्लानिंग सफल होगी, इंजिनियरिंग, मैनेजमेंट, पुलिस के क्षेत्र में खुद को साबित करना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-57

**सिंह** – घर में तनाव कम होगा, लोन आदि के मसले को सुलझाना चाहेंगे, स्पोर्ट्स और राजनीति के क्षेत्र में नाम बढ़ेगा, विदेश जाना हो सकता हैं। भाग्य प्रतिशत-62

**कन्या** – नई जगह लोगों से मेलजोल होगा उन्हें जानेंगे मित्र बनेंगे, जो भी स्किल सीखी है वो काम आयेगी। भाग्य प्रतिशत-71

**तुला** – परिवार में खुशी आएगी, सम्पत्ति को लेकर परेशान रह सकते हैं, लीगल कार्यवाही करने का विचार बनेगा, मिठाई, कपड़े का व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-56


**वृश्चिक** – जीवनसाथी से विवाद सुलझा सकते हैं, पार्टनरशिप में कार्य चलेगा, मन पहाड़ो वादियों में घूमने का करेगा, शिक्षा में आलस्य दूर करें। भाग्य प्रतिशत-59

**धनु** – जो भी विवाद होंगे उन्हें दूर करेंगे, संतान के करियर में उन्नति होगी उसका बाहर जाना हो सकता हैं। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** – लोगों को अच्छी सलाह देंगे, खुद की उलझने खुद ही दूर करें, बहुत अधिक प्लान बनाने की जगह वर्तमान पर फोकस करें, ठंड से बचें।भाग्य प्रतिशत-55

**कुंभ** – काम की तारीफ होगी उत्साहित भी रहेंगे, नया घर या फ्लेट लेने का सपना पूरा हो सकता है, घर में महिलाओ का आना जाना होगा, मन शांत रहेगा। भाग्य प्रतिशत-64

**मीन** – लोगों से मदद मिलेगी तो आय भी होगी, किसी में खास दिलचस्पी बढ़ेगी, धार्मिक सलाह लेंगे तो उसे मानना शुरू करेंगे, भाग्य साथ देगा। भाग्य प्रतिशत-73



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# छर्रा अड्डा पुल के नीचे से रेलवे रोड चौराहे तक हटवाया अतिक्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** बुद्धवार को नगरआयुक्त प्रेमप्रकाश मीणा के निर्देश पर शहर को जाम मुक्त बनाने की दिशा मे नगर निगम ने बड़ी कार्रवाईकरते हुये। छर्रा अड्डा पुल के नीचे से नौरंगाबाद पेट्रोलपम्प व गांधीपार्क से मामू भांजा होते हुये रेलवे रोड चौराहे तक अतिक्रमण अभियान जोनल अधिकारी बेचन प्रसाद के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान वैन्डिग रोड, नाले नालियों, फुटपाथ सड़क किए गए अतिक्रमणों को चिन्हित करते हुए जेसीबी मशीन व नगर निगम कर्मचारियों द्वारा हटवाया गया। अभियान के दौरान नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण करने वालो के विरूद्ध जुमार्ने की भी कार्रवाई करते हुये 20500 का जुमार्ना वसूल किया।

नगर आयुक्त ने कहा हटाये गये। अतिक्रमण की सूची नगर निगम द्वारा तैयार कर सम्बन्धित थाने को उपलब्ध करायी जारही है। नगर निगम टीम के साथ प्रवर्तन दल निर्माण विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा।

# सड़कों पर रिफ्लेक्टर और संकेतांक लगने से बढ़ी सुरक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** कोहरे के मौसम में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए एआरटीओ (प्रवर्तन) एवं यातायात टीम के संयुक्त तत्वावघान न में जिले भर में सड़क सुरक्षा के व्यापक अभियान की शुरूआत की गई है। एआरटीओ प्रवेश कुमार ने बताया कि यातायात टीम के साथ चलाए गए विशेष अभियान में शहर के संवेदनशील मार्गों क्वार्सी बाईपास, टप्पल-खैर रोड, अचलताल रोड, जीटी रोड और एएमयू सर्किल क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर रिफ्लेक्टर एवं चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे रात और कोहरे में सड़कें अधिक सुरक्षित हो गई हैं। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर बड़े आकार के रिफ्लेक्टिव बोर्ड, सावधान खतरे का मोड, गति नियंत्रण और धीरे चलें जैसे संकेतांक स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त स्पीड ब्रेकरों पर भी पेंट एवं कैट्स-आई लगाए गए हैं ताकि वाहन चालक दूर से ही गति नियंत्रित कर सकें। एआरटीओ ने बताया कि कोहरे में दृश्यता कम हो जाती है, ऐसे में रिफ्लेक्टर और संकेतांक सड़क सुरक्षा का सबसे बड़ा साधन हैं। हमारी टीम लगातार क्षेत्र भ्रमण कर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और जिले के सभी प्रमुख मार्गों पर यह कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि यह अभियान अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा ताकि प्रत्येक महत्वपूर्ण मार्ग को सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग का लक्ष्य है कि जिला स्तर पर कोहरे के दौरान होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को अगले दो महीनों में 40 प्रतिशत तक कम किया जाए।

# एएमयू में विश्व दिव्यांगजन दिवस मनाया गया,समावेशी विकास पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में इंटरनेशनल डे ऑफ पर्संस विथ डिसएबिलिटीज के अवसर पर यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक (बॉयज) के असेंबली हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिसएबिलिटी यूनिट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 200 से अधिक दिव्यांग छात्र और स्वयंसेवक शामिल हुए।

उप-समन्वयक डॉ फजीला शाहनवाज ने अतिथियों और दिव्यांगजन छात्रों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रोफेसर रफीउद्दीन ने कहा कि दिव्यांग छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बेहतर सुविधाएँ और समावेशी माहौल अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता दोहराई।

विशिष्ट अतिथियों प्रोफेसर मोहम्मद परवेज (ओएसडी चयन समिति) और प्रोफेसर मुजीब अहमद अंसारी (प्रिंसिपल, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक) ने बाधारहित ढाँचे और छात्रों के कल्याण पर जोर दिया। मुख्य आकर्षण के रूप में व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, स्मार्ट स्टिक, हियरिंग एड, रिकार्डर, हेडफोन, पेन ड्राइव और अन्य असिस्टिव डिवाइसेज दिव्यांग छात्रों में वितरित किए गए। डिसएबिलिटी यूनिट के समन्वयक प्रोफेसर मानवेन्द्र कुमार पुढ़ीर ने यूनिट की उपलब्धियों, जैसे आरक्षण रोस्टर अपडेट, ईक्वल अपॉर्च्युनिटी पॉलिसी, पहुँच निदेशों का क्रियान्वयन, और बड़ी संख्या में शिकायतों के समाधान का उल्लेख किया। कार्यक्रम में चार शिक्षकों, डॉ मोहम्मद शुऐब (कॉमर्स विभाग),योगेश कुमार यादव (इतिहास विभाग), डॉ फुरकान (महिला कॉलेज), और ड इमराना खातून (विमेंस कॉलेज) को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र स्वयंसेवक अलीमा जावेद और डॉ मेराज ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ शगुफ्ता नियाजी ने पेश किया।

# कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम के तहत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, अतरौली में कैरियर मेला आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अतरौली में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य कैरियर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती माधवी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न कैरियर विकल्पों पर आधारित स्टॉल लगाए गए जहां अन्य विद्यार्थियों ने पहुंचकर अपने भविष्य के अनुरूप कैरियर अवसरों की जानकारी प्राप्त की। स्टॉल पर छात्राओं ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, आर्ट्स, सैन्य सेवा, उद्यमिता, स्किल डेवलपमेंट सहित अनेक क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी साझा की और विद्यार्थियों ने अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार सवाल पूछकर कैरियर विकल्पों को और बेहतर समझा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योगपति अरविंद अग्रवाल, युवा नेता हिमांशु मित्तल, डॉ. सत्यप्रकाश एवं रिंकू सिंह ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं को सही दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें अपने भविष्य के लिए मजबूत आधार देते हैं। कैरियर मेले के सफल आयोजन में कैरियर गाइडेंस प्रभारी श्रीमती प्रीति, श्रीमती पुष्पा सिंह, श्रीमती दीप्ति सिंह, सुश्री स्वाति सिंह, श्रीमती हेमलता, श्रीमती प्रियंका ठाकुर एवं गौरव वर्मा सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ सक्रिय रहा। मेले का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों से अवगत कराना और उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा, जिसे विद्यालय परिवार ने सफलतापूर्वक पूरा किया।

# युवक को गोली मारने की घटना में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** सासनीगेट थाना क्षेत्र में एक युवक को गोली मारने की घटना में पुलिस ने छह नामजद और 3-4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह तहरीर घायल युवक के दोस्त ने दी है।

घटना के मामले मे पुनीत यादव के मोहल्ला सराय जवां ने बताया कि वह अपने दोस्त हरिओम यादव के साथ अपनी बुआ के घर, मोहल्ला बाला की सराय जा रहा था। दोनों हनुमान मंदिर के पास पहुंचे तभी आरोपी कशिश यादव, छोटू यादव, हिमांशु यादव, विशाल सैनी, प्रेम सूर्यवंशी और निशांत यादव सहित 3-4 अज्ञात युवक अवैध हथियारों के साथ वहां मौजूद थे। पुनीत के अनुसार, आरोपियों ने दोनों को देखते ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। खुद को बचाने के लिए दोनों भागने लगे, इसी दौरान एक गोली हरिओम के पैर में लग गई और वह वहीं गिर पड़ा। इसके बाद पुनीत ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हरिओम को पहले थाना सासनीगेट ले जाकर बयान लिए, फिर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। इधर, पुलिस ने मंगलवार सुबह सभी नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। रात 10 बजे तक पुलिस टीमें मौके पर जांच-पड़ताल में जुटी रहीं।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सक्षम अलीगढ़ एवं श्री टीकाराम महिला महाविद्यालय, अलीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के संगोष्ठी भवन में एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में दिव्यांगजनों के समावेशन, सुगम्यता एवं गरिमा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उनके सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक प्रयासों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो प्रतिमा श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन उद्बोधन में डॉ जितेन्द्र शर्मा , जिला संयोजक सक्षम ने दिव्यांगजन अधिकारों, समान अवसरों और समावेशी समाज निर्माण की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य सत्र में समावेशन, सुगम्यता एवं गरिमा विषय पर डॉ आशुतोष तिवारी , सहायक आचार्य, धर्म समाज महाविद्यालय ,अलीगढ़ ने मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें यह बताया गया कि दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य वातावरण, उचित सुविधा, अवसर तथा आत्मसम्मान का निर्माण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके उपरांत प्रेरक संबोधन डॉ दिनेश गुप्त , धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ द्वारा प्रस्तुत किया गया , जिनमें दिव्यांगता से जुड़े सामाजिक, शैक्षिक एवं व्यवहारिक पक्षों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### फिट इंडिया वीक 2025: एएमयू गर्ल्स स्कूल में जोश, उत्साह और खेल भावना का प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय गर्ल्स स्कूल ने फिट इंडिया वीक 2025 को ऊर्जावान खेल गतिविधियों की श्रृंखला के साथ मनाया, जिसने परिसर में उत्साह भर दिया और छात्रों में फिटनेस, टीम वर्क और सक्रिय जीवनशैली के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम में असिस्टेंट डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन डॉ स्वालेहा जमाल और प्रिंसिपल आमना मलिक उपस्थित रहीं। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ जमाल ने कहा कि खेलों को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और संपूर्ण स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

साप्ताहिक गतिविधियों का समन्वय गेम्स इंचार्ज मोहम्मद वसीम अहमद ने किया, जिन्हें शालिनी चौहान और सीमा जैतून का सहयोग मिला। मुख्य आकर्षणों में पुरुष और महिला स्टाफ के बीच हुई रस्साकशी शामिल रही, जिसमें महिला टीम विजयी रही। इसके अलावा शिक्षकों और छात्राओं के बीच हुआ रोमांचक वॉलीबॉल मैच भी चर्चा का विषय रहा, जिसमें छात्रों ने शानदार टीम भावना और उत्साह दिखाते हुए जीत दर्ज की।

### रोहिंग्या होने के शक में करणी सेना ने बुलाई पुलिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के पुलिस लाइन के सामने राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क में करणी सेना के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने कुछ महिलाओं को खुले में मीट पकाते पकड़ा और महिलाओं द्वारा अपनी पहचान नहीं बताने पर करणी सेना के पदाधिकारियों ने रोहिंग्या होने की शंका पर पुलिस को बुलाया, मौके पर पहुंची पुलिस महिलाओं को अपने साथ ले गई, महिलाओं ने अपने आप को मूल रूप से बिहार के भागलपुर का रहने वाला बताया। वहीं, पुलिस इस संबंध में मीडिया के कैमरे के सामने बोलने से बचती रही। करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वह किसी कार्य से अपने कार्यकताओं के साथ तस्वीर महल स्थित राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क की तरफ होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कुछ महिलाओं को राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क में सार्वजनिक स्थल पर मीट पकाते हुए देखा। तो उन्होंने महिलाओं को इसके लिए टोका तो महिलाओं ने कहा कि वह यहां रोज इसी प्रकार से मीट पकाते हैं। जब महिलाओं से उन्होंने उनकी पहचान के बारे में पता किया तो महिलाएं अपनी उचित पहचान नहीं बता सकी। तो उनको महिलाओं के रोहिंग्या होने का शक हुआ और उन्होंने तत्काल पुलिस को बुला लिया।

# भक्तमाल कथा के उद्घाटन पर भव्य कलश यात्रा, भक्तों ने राधे-राधे भजनों पर थिरकते हुए गौशाला पहुंचे

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** श्री गौमाता सेवा समिति नगला मसानी पंचायती गौशाला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तमाल कथा से पूर्व आज एक विशाल कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कनवरी गंज महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा सैकड़ों भक्तों की भागीदारी के साथ नगला मसानी गौशाला में समापन पर पहुंची, जो धार्मिक उत्साह और गौसेवा का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करने वाली रही।

यात्रा का शुभारंभ आचार्य कौशल जी द्वारा कलश पूजन के साथ हुआ। सभी यजमानों ने अपने सिर पर भागवत रखकर चलते हुए पवित्रता का संदेश दिया। सैकड़ों महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर कलश सिर पर धारण किए आगे बढ़ीं, जिसका स्वरूप वृंदावन की गोवर्धन परिक्रमा या वृंदावन परिक्रमा जैसा प्रतीत हो रहा था। राधे-राधे संकीर्तन मंडल के भजनों पर भक्त बहनें पूरी यात्रा में नृत्य करती हुई चलीं, जिससे माहौल भक्ति रस से परिपूर्ण हो गया। ढोल-नगाड़ों की थाप, डीजे संगीत और 'राधे-राधे' के जयकारों से इलाका गूंज उठा।

कलश यात्रा का उद्घाटन मुक्ता संजीव राजा विधायक के हाथों किया गया, जो यात्रा के प्रारंभिक बिंदु पर पहुंचे। यात्रा का मार्ग कनवरी गंज बाजार, कटरा मुहल्ला, महावीर गंज, घुड़ियाबाग, लकड़ी की टाल, देहली गेट होते हुए गौशाला तक रहा। रास्ते भर स्थानीय निवासियों ने फूल बरसाकर स्वागत किया, जबकि यात्रा में कलशों पर फूल मालाएं, चंदन तिलक और भगवा ध्वज लहरा रहे थे।

समिति अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा 4 दिसंबर से प्रारंभ हो रही भक्तमाल कथा का प्रथम चरण है, जो 10 दिसंबर तक चलेगी। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य कृष्ण प्रिया दीदी कथा का रसपान करेंगी, जबकि 11 दिसंबर को विशाल हवन यज्ञ और प्रसाद वितरण होगा। संयोजक लक्ष्मी नारायण ने कहा, "गौशाला में 600 से अधिक गोवंश हैं, जिनका संचालन जन सहयोग पर आधारित है। यह आयोजन गौ माता की सेवा के लिए समर्पित है, और कथा से प्राप्त दान राशि गौसेवा में लगेगी।" यात्रा में कृष्णा गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, दीपक गुप्ता, अतुल हार्डवेयर, उमेश ऑटो पार्ट्स, अजय सराफ, अविनाश कोल सहित ब्रह्माकुमारी सुनीता जी, पू मेयर शकुंतला भारती, पवन कोल, नीरज जी, कुसुम, मीनाक्षी, वंदना, राकेश जी, श्याम जी, ममता गुप्ता, अनीता गुप्ता, संध्या वार्ष्णेय, सुमित गोठवाल, गोपाल जी, सीमा, इंदुबाला, हिरदेश, पप्पू का, निर्मल गुप्ता, यतेंद्र डिब्बा जैसे प्रमुख सदस्य और यजमान उपस्थित रहे। इस आयोजन ने धार्मिक एकता को मजबूत किया और गौशाला की सेवा कार्यों को नई प्रेरणा प्रदान की। कल से कथा में भक्तों की भारी भीड़ की अपेक्षा है।

### अवैध उगाही का वीडियो बना रहे पत्रकार को सिपाहियों ने पैसे देकर रोकने की कोशिश अब एसएसपी की कार्रवाई पर निगाहें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** घटना सुबह 10:21 के अंतर्गत की थाना रोरावर, की चौकी के शाहपुर कुतुब के ऐलाना कम्पनी की तरफ से फेयर इंडिया की ओर जा रही कट्टियों से भरी गाड़ियों से लेपर्ड द्वारा की जा रही अवैध उगाही का का मामला उजागर हुआ है उसी दौरान मौके से गुजर रहे एक पत्रकार ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया आरोप है कि जैसे ही लेपर्ड कर्मियों को शक हुआ कि पत्रकार वीडियो रिकॉर्ड कर रहा है, उन्होंने पत्रकार को रोककर मामले को दबाने के लिए पैसे देने की कोशिश की।वीडियो में सिपाहियों के द्वारा यह कहते सुना जा सकता है– ह्लगाड़ियां दो-दो सौ रुपए देकर जा रही है इसी दौरान लेपर्ड कर्मी 20झ20 रुपए के नोट भी दिखाते नजर आते हैं और कहते हैं– आप खबर मत लगाना, मिल-बांटकर काम करेंगे इस कथित उगाही में लेपर्ड कर्मी संजय यादव और उसका साथी शामिल बताए गए हैं। घटना ऐसे समय में सामने आई है जब एसएसपी नीरज जादौन पहले ही पारदर्शिता और सख्त कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं पत्रकार ने दबाव और लालच के बावजूद ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए पूरी घटना का वीडियो सुरक्षित रखा अब देखना यह होगा कि इस पूरे मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक क्या कार्रवाई करते हैं।



**पुतला फूंका** जब तक उन्हें समानता का अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक विश्व दिव्यांग दिवस मनाना सिर्फ एक दिखावा होगा

# दिव्यांग जनों का विश्व दिव्यांगजन दिवस का बहिष्कार कर, दिव्यांग मंत्री का पुतला फूंका

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**अलीगढ़।** दिव्यांग दिवस के मौके पर दिव्यांग एकता वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर पर सैकड़ो की तादात में एकत्रित होकर दिव्यांग जनों ने विश्व दिव्यांगजन दिवस का बहिष्कार करते हुए उग्र प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश के दिव्यांग मंत्री नरेंद्र कश्यप का पुतला दहन किया।

इस पर संस्थापक जितेंद्र कुमार सिंह ने दिव्यांग जनों को संबोधित करते हुए कहा जब तक उन्हें समानता का अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक विश्व दिव्यांग दिवस मनाना सिर्फ एक दिखावा होगा। सरकार को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा और उनकी सुरक्षा के लिए काम करना होगा, ताकि वे समाज में सम्मान और आत्मनिर्भरता के साथ जी सकें। श्री सिंह ने कहा महिलाओं और एससी एसटी की तर्ज दिव्यांगों को सामाजिक एवं कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाए , वास्तव में समानता का अधिकार देना ही सही मायने में विश्व दिव्यांग दिवस मनाना होगा। दिव्यांगों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञ जिला अधिकारी को देते हुए अपने ज्ञापन में कहा दिव्यांग अधिकार अधिनियम केवल म्यूजियम में रखा हुआ एक सामान हैं जिसे जमीनी स्तर पर अमली जामा पहनाया जाना अति आवश्यक है।

दिव्यांग जनों ने ज्ञापन में यह भी मांग की है संपूर्ण भारतवर्ष में दिव्यांग जनों को एक समान पेंशन योजना लागू की जाए जिससे कि वह सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और समाज में सम्मान और आत्मनिर्भर निर्भरता के अपना जीवन जी सकें।। इस अवसर पर अनुराग शर्मा रवि चौहान अरविंद राजेश शर्मा अमित कुमार गुरमीत मनोज कुमार बबलू अब्बासी लोकेश कुमार रमेश चंद्र सौदान सिंह अजीत अनीशा जी पुष्पेंद्र गौतम हारून राजेश शर्मा सुरेश कुमार किशन सैनी मोहम्मद आबिद मुस्तकीम शाहिद अली अजीज साबिर पप्पू भाई बुरे खान दिलशाद बंटी सुनीता देवी कन्हैयालाल सीमा देवी आस मोहम्मद राजू विमलेश संजय कुमार बजिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक अमरोहा द्वारा बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ साइबर क्राइम रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में जनपद के सभी बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ साइबर अपराध रोकथाम तथा साइबर सुरक्षा रणनीति पर आधारित एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करना, बैंकिंग ठगी को रोकना तथा पुलिस और बैंकों के बीच एक प्रभावी एवं त्वरित समन्वय स्थापित करना रहा।बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराध लगातार नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं, जिसमें ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, फिशिंग कॉल, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, ओटीपी प्राप्त कर धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों से आग्रह किया कि ग्राहकों को ऐसे मामलों के प्रति नियमित रूप से जागरूक करें और संदिग्ध लेनदेन की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930, साइबर सेल या स्थानीय पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि पीड़ितों की आर्थिक क्षति को समय रहते रोका जा सके।



पुलिस अधीक्षक ने सभी बैंक मैनेजर को निर्देशित किया गया कि अपनी अपनी शाखा में नए खाते खुलवाते वक्त बड़ी सजगता बरती जाए तथा खाता खोलने वाले का अच्छे तरीके से वेरिफिकेशन किया जाए एवं संदिग्ध खाते की जानकारी होने पर उसको तत्काल डेबिट फ्रिज कराया जाए । बैंक और पुलिस के बीच मजबूत संवाद एवं समन्वय से साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बैंकों से ग्राहकों को साइबर सुरक्षा से जुड़े आवश्यक निदेर्शों का पालन कराने, अपने परिसर में जागरूकता पोस्टर लगाने, ग्राहकों को किसी भी लिंक, कॉल या अनजान नंबर पर बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने के लिए प्रेरित करने तथा संदिग्ध खातों या लेनदेन की सूचना तत्काल पुलिस को देने पर विशेष बल दिया।बैठक में उपस्थित बैंक प्रबंधकों ने भी अपने अनुभव और सुझाव साझा किए तथा साइबर अपराधों की रोकथाम में पुलिस को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा एवं साइबर सेल अमरोहा की टीम भी मौजूद रही। पुलिस अधीक्षक अमरोहा ने अंत में कहा कि आमजन को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की जिम्मेदारी है,और इस प्रकार की समन्वय बैठकों से साइबर अपराधों की रोकथाम की दिशा में ठोस परिणाम सामने आएंगे।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का क्षेत्रीय विधायक डॉ.एमपी आर्य ने फीता काटकर किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**क्योलड़िया** । विकासखंड भदपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्योलडिया में विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विधायक नवाबगंज डा० एम० पी० आर्य एवं भदपुरा ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार द्वारा किया गया, यह कार्यक्रम बुधवार को किया गया जिसमें बरेली के वरिष्ट मनोवैज्ञानिक डा० आशीष एवम् उनकी टीम के द्वारा मरीजों का निशुल्क परीक्षण एवं इलाज किया गया, तो वहीं निशुल्क दवा वितरण भी की गई।



इसमें मिर्गी के रोगी, चिड़चिड़ापन, ज्यादा गुस्सा आना, भय लगना, उदास रहना, नशे की लत, मन बुद्धि, भूलने की बीमारी, सर दर्द रहना, बेहोश हो जाना, आदि बीमारियों की निशुल्क दवा दी गई। तो वही क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एम पी आर्य एवं भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने टीवी के मरीजों को निशुल्क पोषण किट वितरण की इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश,असनेश गुप्ता, समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा साथ ही निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि कपूर, हरपाल फौजी, मुकेश कुमार, प्रधान अर्जुन सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्कूल के पीछे पेड़ से लटका मिला शव, परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं** । बिसौली कस्बे के मोहल्ला कटरा वार्ड नंबर चार का रहने वाला सारिक (26 वर्ष) का शव बुधवार सुबह एक स्कूल के पीछे पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिवार के लोग हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई ने बताया कि सारिक मंगलवार शाम को होटल से खाना लेने के लिए घर से निकला था। देर रात तक वह घर नहीं लौटा, जिसके बाद से परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका।



**शव को देख परिजनों में मची चीख-पुकार**

बुधवार सुबह परिजनों को सूचना मिली कि उसका शव बिल्सी रोड स्थित निजी स्कूल के पीछे पेड़ पर फंदे से लटका हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस व परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। सारिक के शव को देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कह रही है। इंस्पेक्टर राजेंद्र बहादुर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई करेंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (सम्भल)** । बुधवार को राष्ट्रीय लोक अदालत (13 दिसंबर ) के सफल संचालन व प्रचार-प्रसार के लिए माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डॉ. विदुषी सिंह की अध्यक्षता में बैंक शाखा प्रबंधकों की बैठक न्यायालय विश्राम कक्ष में हुई। बैठक में लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रकरणों, ऋण वसूली मामलों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण, समझौते की संभावनाओं और आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी पर चर्चा हुई। जनपद न्यायाधीश ने निर्देश दिए कि अधिकतम मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत कर शीघ्र, सरल और किफायती निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेशकुमार सिंह, प्रभारी सचिव पराग यादव, तथा विभिन्न बैंकों के प्रबंधक—बैंक ऑफ बड़ौदा के कमल कुमार, यूनियन बैंक




के पारीतोष, इंडियन बैंक के देववृत, एसबीआई के अजीत सिंह यादव, यूपी ग्रामीण बैंक के विशाल दीप, बैंक ऑफ इंडिया के प्रियांक कौशिक, केनरा बैंक के वीरेश, पीएनबी के एस.पी. रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेडिकल संचालक द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई।** जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेशिया की लगातार सख्ती के बावजूद भी झोलाछाप डॉक्टर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं ऐसा ही

**मेडिकल की आड़ में क्लीनिक संचालित के द्वारा गलत इंजेक्शन के चलते मासूम के शरीर में बनी गाठे विभाग से की शिकायत**



एक मामला गुन्नौर के गांव बसंतपुर का है आपको बताते चलें कि राजकुमार पुत्र मिहीलाल ग्राम बसन्तपुर ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि गांव में ही एक झोलाछाप डॉक्टर अजीत जो कि फर्जी रूप से बिना डिग्री के अपना क्लीनिक चला रहा है।लगभग 12 दिन पहले पीड़ित ने अपने सगे भतीजे प्रशान्त पुत्र बन्टी को सर्दी-बुखार की दबाई दिलवाने झोलाछाप डॉक्टर अजीत के क्लीनिक पर गया जिस पर भतीजे को दबाई दी और बुखार में इंजेक्शन भी लगाया तभी से बन्टी की तबियत में सुधार नहीं हुआ और बन्टी की गर्दन में छोटी-छोटी गांठे बनने लगी जब पीड़ित ने जब डॉक्टर अजीत से कहा तो उसने कहा कि आप अपने बच्चे को अलीगढ़ में दिखाओ तब पीड़ित अलीगढ़ अस्पताल में अपने भतीजे को लेकर गया वहां जाकर डॉक्टर को दिखाया तो वहां के डॉक्टरों ने कहा कि बच्चे के गलत दवाई / इंजेक्शन लगने के कारण यह इन्फैक्शन हुआ है।

# एडीएम व एसडीएम ने बूथों का किया निरीक्षण, बीएलओ को तेजी से कार्य निपटाने के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा तथा उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी ने नगर क्षेत्र के विभिन्न मतदान बूथों पर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदाता सूची के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीता रोड स्थित रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय में बूथ संख्या 167 से 173 तक कुल सात बूथों का निरीक्षण किया गया। इनमें से पाँच बीएलओ अपने कार्य में उपस्थित मिले, जबकि दो बीएलओ फील्ड में एसआईआर प्रपत्र एकत्र करने गए थे। एडीएम प्रदीप वर्मा ने उपस्थित बीएलओ से कार्य शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं से संपर्क नहीं हो पा रहा है, उनकी सूची मतदान स्थल पर चस्पा की जाए।



अधिकारियों ने वहाँ मौजूद सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं से अपील की कि वे बीएलओ का सहयोग करें और शेष प्रपत्रों की गहनता से जांच कर मतदाताओं तक पहुंचने में मदद करें। एसडीएम आशुतोष तिवारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जो मतदाता अन्यत्र प्रपत्र जमा कर चुके हैं या जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवारजनों से संपर्क कर सहमति के बाद नाम हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाए। इस दौरान नगर अध्यक्ष भाजपा अंकुर अग्रवाल, तरुण कुमार नीरज, डॉ. टी.एस. पाल, रोहित दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता, दिनेश चीनी, कुलदीप वार्ष्णेय, लोकेश मौर्य, मुनीश वार्ष्णेय, आकाश शर्मा, रोशन लाल, नीरज शर्मा, साथ ही राशन डीलर मधु गुप्ता एवं बीएलओ अवनीश कुमार, उज्वल शर्मा, दीप्ति शर्मा, सुखवीर पाल, सत्यवीर आदि उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल की बैठक में नगर की बिजली समस्या पर गहरा रोष,सुबह की कटौती समाप्त करने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक सीता रोड स्थित जिला महामंत्री प्रभात कृष्ण के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने नगर की समस्याओं को लेकर चर्चा की तथा प्रशासन से इन समस्याओं के समाधान की मांग की। जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि इस समय नगर की बिजली व्यवस्था बेहद चरमराई हुई है, जिसकी वजह से व्यापारी से लेकर आम जनता तक भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सुबह के समय की कटौती बच्चों तथा व्यापारियों के लिए अत्यंत तकलीफदेह साबित हो रही है। उन्होंने मांग की कि सुबह 5 से 10 बजे तक नगर को



कटौती मुक्त रखा जाए। जिला महामंत्री प्रभात कृष्ण ने कहा कि सुबह की कटौती के कारण लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं मिल पाती, क्योंकि इसी समय नगर पालिका की पानी आपूर्ति चालू होती है। बिजली समय से न मिलने के कारण लोगों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी ने कहा कि व्यापार मंडल पहले भी जिले के आला अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत करा चुका है कि नगर में वर्तमान समय में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारी वर्ग भी परेशान है।

युवा नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि यदि शीघ्र ही विद्युत व्यवस्था पटरी पर नहीं लौटी तो व्यापार मंडल बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन करेगा।

बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, प्रभात कृष्ण, शाह आलम मंसूरी, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, शुभम अग्रवाल, सद्दाम हुसैन, विक्रांत लाल सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म प्रयास मामले में अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास, विशेष पॉक्सो न्यायालय का कड़ा फैसला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (जनपद सम्भल)।** मिशन शक्ति के तहत बेटियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए विशेष पॉक्सो न्यायालय चंदौसी ने नाबालिग बालिका के साथ लज्जा भंग करने के उद्देश्य से किए गए लैंगिक हमले के मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। अदालत ने अभियुक्त रामबीर पुत्र चंद्रपाल, निवासी ग्राम वहीपुर, थाना धनारी, को दोषसिद्ध ठहराते हुए 3 वर्ष का कारावास एवं ?5000 अर्थदंड से दंडित किया। विशेष सत्र परीक्षण संख्या 22/2021 (अपराध संख्या 28/2019, थाना धनारी) में यह निर्णय माननीय विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, अवधेश सिंह की अदालत से प्रदान किया गया। अदालत ने कहा कि समाज में बालिकाओं की मयार्दा और सम्मान की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा ऐसे कृत्यों के दोषी किसी सहानुभूति के पात्र नहीं हो सकते। मामले की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) नरेन्द्र कुमार यादव द्वारा की गई। उन्होंने गवाहों के बयान, चिकित्सीय साक्ष्य तथा अन्य प्रमाणों के आधार पर तथ्यपरक दलीलें प्रस्तुत करते हुए न्यायालय को यह विश्वास दिलाया कि अभियुक्त दोषमुक्त नहीं हो सकता। उनके सशक्त और संवेदनशील निर्देशन से पीड़िता को न्याय मिला।



**नरेन्द्र कुमार यादव
विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट जनपद संभल चंदौसी यूपी।**

इस निर्णय को बेटियों की सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट उदाहरण माना जा रहा है। जनपद सम्भल के जिलाधिकारी राजेन्द्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार, तथा अभियोजन विभाग की टीम ने इस प्रकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# साप्ताहिक बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पंचायत सचिवों को खंड विकास अधिकारी ने दी चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**क्योलडिया।** भदपुरा ब्लाक सचिवों की साप्ताहिक बैठक खंड विकास अधिकारी राम शंकर सिंह ने ली सचिवों को कडी फटकार लगाई साथ ही अपने कार्य में सुधार लाने की चेतावनी दी अन्यथा उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी साप्ताहिक बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के साथ ही जॉब कार्ड बनवाए जाएं साथ ही फैमिली आईडी शत-प्रतिशत बनाए जाएं ।

साथ ही गौशालाओं का प्रबंध सही तरीके से किया जाए साथ ही सचिवों को अपनी कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया साप्ताहिक बैठक में अब जो भी कर्मचारी अनुपस्थित रहेगा उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी इस दौरान सचिव विशाल दीक्षित, पुष्पेंद्र कुमार, सुरेंद्र वर्मा, संगीता देवी, अमित आर्य, नरेश पाल सागर, बृजेश यादव,समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# दर्दनाक हादसा: नो एंट्री में घुसे ट्रक ने स्कूटी सवार दंपत्ति को कुचल दिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** डेलापीर चौराहे के पास स्टेडियम रोड पर बुधवार को दर्दनाक हादसा हुआ। नो एंट्री में घुसे ट्रक ने स्कूटी सवार दंपती को रौंद दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए।

बरेली में स्टेडियम रोड पर बुधवार को नो एंट्री में घुसे एक ट्रक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग दंपती को टक्कर मारने के बाद कुचल दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। नो एंट्री के बावजूद ट्रक के आवागमन को लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई और हंगामा करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। पुलिस ने लोगों को शांत कराकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। आशापुरम कॉलोनी निवासी रिटायर्ड बैंक कर्मी मुकेश अग्रवाल (65) अपनी पत्नी सुनीता अग्रवाल (62) को स्कूटी पर बैठाकर दवा दिलाने ले जा रहे थे। स्टेडियम रोड स्थित एक आई हॉस्पिटल के सामने नो एंट्री में आए ट्रक ने अग्रवाल दंपती की स्कूटी को टक्कर मारते हुए उन्हें कुचल दिया।



हादसे में सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई और मुकेश गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**हादसे के बाद ट्रक चालक भागा**

हादसे के बाद ट्रक छोड़ कर आरोपी चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर उसके रजिस्ट्रेशन नंबर और घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों की फुटेज की मदद से आरोपी चालक का पता लगा रही है। हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने हंगामा कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस बिना हेलमेट के तो बाइक सवार को पहचान लेती है लेकिन इतने इतने बड़े वाहन नो एंट्री में आते हैं वह पुलिस को क्यों नहीं देखते। हादसे के बाद करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

**गंभीर आरोप** जांच के बाद पूरी घटना क्रम से उठेगा पर्दा,कौन कौन है शामिल

# मासूम बच्चे की कथित बिक्री का मामला,पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई/संभल।** क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति पर अपने करीब डेढ़ साल के मासूम बेटे को संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरे समुदाय के व्यक्ति के हाथ सौंपने का गंभीर आरोप लगा है। मामला सामने आते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।







दुकानदार से जानकारी लेती पुलिस व मासूम बच्चे के साथ उसका पिता और मासूम बच्चा

**क्या है पूरा मामला**

बहजोई के बंबा रोड स्थित एक व्यक्ति ने अपने लगभग दो साल के पुत्र को दूसरे समुदाय की एक व्यक्ति को देने का मामला सामने आया है जब इसकी जानकारी मोहल्ले के लोगों को हुई तो मोहल्ले के लोगों में आक्रोश फैल गया । मोहल्ले के लोगों ने जब उसे व्यक्ति से जानकारी ली तो वह व्यक्ति डर गया और उसने दूसरे व्यक्ति से वह बच्चा वापस बुला लिया सूत्रों की माने तो वह व्यक्ति जिसे बच्चा बेचा गया है वह ठेकेदार है तथा दूसरे समुदाय से आता है इसमें एक किराना दुकान मालिक की भी भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है,जिस के द्वारा यह पूरे घटना क्रम को अंजाम दिया गया यह जानकारी वेटे के पिता के द्वारा दी गई। आसपास के लोगों ने बच्चे के अचानक गायब होने और संदिग्ध लेन-देन की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तब वह व्यक्ति उसी किराना की दुकान पर बैठा मिला जिसकी भूमिका संदिग्ध है पुलिस ने उस व्यक्ति से जानकारी ली और उससे जानकारी हासिल करने के लिए अपने साथ थाने ले आई ।

थाना पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा रही है। यदि किसी तरह के अवैध सौदे के तत्व सामने आते हैं तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना ने क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है।

# प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता के साथ न्याय व्यवस्था को सुलभ, पारदर्शी और आधुनिक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान होता है। न्यायिक व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में उतनी ही आसानी होगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसके दृष्टिगत व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रों को डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कोर्ट प्रणाली, अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन और साइबर लॉ जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स और डिजिटल एजुकेशन की उपयोगिता को बढ़ाने हेतु न्यायिक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान में नए हॉस्टल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और आधुनिक प्रशिक्षण कक्षाओं का निर्माण कराया जा रहा है। न्यायिक अधिकारियों प्रॉसिक्यूटर्स, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का निरन्तर प्रशिक्षण तथा स्किल डेवलपमेन्ट के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

गौरतलब है कि आजादी के अमृतकाल के प्रथम वर्ष में न्याय की धारणा पर आधारित तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियत-2023 को लागू किया गया है। इन्हें सफलतापूर्वक लागू करने में पूरा देश तेजी के साथ आगे बढ़ा है। रूल ऑफ लॉ, बेंच और बार के बेहतरीन समन्वय से ही आगे बढ़ सकती है। बेंच सामान्य रूप से एक आम मानविकी के विवेक और बार संवेदना का प्रतीक है। विवेक और संवेदना में समन्वय होता है, तो रूल आफ लॉ की परिकल्पना को मूर्त रूप में साकार होते देखा जा सकता है। उत्तर प्रदेश में बेंच और बार के मध्य बेहतर समन्वय हेतु इन्टीग्रेटेड कोर्ट परिसर बनाए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत 10 जनपदों के लिए एक साथ धनराशि जारी की गई है। प्रदेश में सरकार द्वारा एक ही कैम्पस में जिले स्तर के सभी प्रकार के कोर्ट तथा बार के लिए व्यवस्था, आवास तथा अन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही, जनपदीय न्यायालयों के डिस्ट्रिक्ट जजों के चेम्बर में ए0सी0 लगाने की सहमति भी प्रदान की गई है। बार और बेंच के बीच में बेहतर सम्बन्वय बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। डिजिटल डिपोजिशन राइटर की स्वीकृति दी गई है। प्रदेश सरकार के प्रयासों से आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय सुदृढ़ तथा बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जा रहा है।

प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों सम्बन्धी अपराधों में प्रभावी पैरवी कर त्वरित न्याय दिलाने के लिए तीन सौ अस्सी से अधिक पॉक्सो तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की कार्यवाही की गई है। लोक अदालत, मीडिएशन, आर्बिट्रिशन के माध्यम से भी त्वरित न्याय उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाए हैं। इसमें विधिक सेवा प्राधिकरण व न्यायालयों की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में प्रत्येक रेंज स्तर पर विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं स्थापित की गई, जिन्होंने कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है।

# मेरठ में 13 दिसंबर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन,कई प्रकार के मामलों का होगा निस्तारण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेशों के तहत किया जा रहा है।अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रमेश कुशवाहा ने बताया कि माननीय जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिले की विभिन्न अदालतों में लंबित कई मामलों का समाधान लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा।लोक अदालत में जिन मामलों का निस्तारण किया जाएगा, उनमें शामिल हैं–

आपराधिक शमनीय वाद,धारा 138

**सभी पक्षकारों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निपटारा कराएँ**

एनआई एक्ट से जुड़े मामले (चेक बाउंस),बैंक वसूली से संबंधित वाद,मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावे,श्रम विवाद,जल व विद्युत बिल से जुड़े मामले (अशमनीय मामलों को छोड़कर),पारिवारिक विवाद (तलाक/वैवाहिक विच्छेद को छोड़कर),भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले,वेतन व सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित विवाद,राजस्व वाद (जो जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय में लंबित हों),सिविल वाद जैसे किराया, कब्जा, निषेधाज्ञा और अन्य सुलह योग्य दीवानी प्रकरण,प्री-लिटिगेशन वाद और सुलह योग्य आपराधिक मामले,अधिकारियों ने कहा कि यह अवसर उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो अपने मामलों का तेजी से और सहमति के आधार पर निस्तारण चाहते हैं। सभी पक्षकारों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निपटारा कराएँ।

# मस्जिद के बाहर सभी समुदायों के जिम्मेदार लोगों के साथ पंचायत करने की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** अम्बा विहार निवासी तरन्नुम नाम की महिला द्वारा पति पर बिना सहमति किए गए कथित दूसरे निकाह के आरोप लगाने के बाद मामला गरमाता जा रहा है।तरन्नुम

**पति के कथित दूसरे निकाह के विवाद में पीड़िता को मिला न्याय का भरोसा,समाजसेवी मनीष चौधरी ने उठाई आवाज**

का कहना है कि उसका निकाह वर्ष 2015 में हुआ था और उसके तीन बच्चे हैं लेकिन हाल ही में उसके पति ने बिना जानकारी और अनुमति दूसरी शादी कर ली। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी तक दी गई।बुधवार को पीड़िता अपनी शिकायत लेकर शिव चौक पहुंची जहां उसने राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष व समाजसेवी मनीष चौधरी को अपनी पीड़ा बताई। मामले को गंभीर मानते हुए मनीष चौधरी ने पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।समाज सेवी मनीष चौधरी ने रखी ये मांगें- कथित फर्जी निकाह एक सप्ताह के भीतर निरस्त किया जाए,पीड़िता और तीन बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण और सहारा सुनिश्चित किया जाए,पुलिस प्रशासन निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करे।समाधान न मिलने पर मस्जिद के बाहर सभी समुदायों के जिम्मेदार लोगों के साथ पंचायत होगी।आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया जाएगा।तरन्नुम ने यह भी आरोप लगाया कि बुढ़ाना क्षेत्र की बिलाल मस्जिद से जुड़े कुछ मौलवियों की वजह से कई युवकों को बहकाकर दूसरी शादियां करवाई जा रही हैं जिससे कई



परिवार प्रभावित हो रहे हैं।पीड़िता के अनुसार शिकायत के बावजूद अभी तक कोई ठोस पुलिस कार्रवाई नहीं हुई है।मौके पर मौजूद भारत लोक सेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के पी चौधरी,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद सलीम,मोहम्मद आरिफ सहित कई स्थानीय लोगों ने पीड़िता को समर्थन दिया और प्रशासन से निष्पक्ष जांच एवं सुरक्षा देने की मांग की।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मोहम्मद सलीम ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और समाजसेवी मनीष चौधरी के साथ मिलकर न्याय के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# सीएमओ के सख्त निर्देश, व्यवस्थाएँ दुरुस्त रखने के आदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय द्वारा जनपद के सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालयों और नर्सिंग होमों को पहले भी व्यवस्थाएँ सुधारने और मरीजों के प्रति बेहतर व्यवहार रखने के निर्देश दिए गए थे। अब इन आदेशों को दोबारा स्पष्ट करते हुए सभी संस्थानों को कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।सभी अस्पताल/नर्सिंग होम अपने मुख्य द्वार पर पीले बैकग्राउंड और काले अक्षरों में 53 फीट का बोर्ड लगाएँ, जिसमें रजिस्ट्रेशन नंबर, संचालक का नाम, बेड की संख्या, उपचार पद्धति, उपलब्ध सेवाएँ और चिकित्सक/नर्स समेत सभी चिकित्सा स्टाफ का विवरण स्पष्ट रूप से लिखा हो।मुख्य द्वार पर रेट-लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य होगा, ताकि मरीज इलाज के संभावित खर्च से पहले ही अवगत हो सकें और किसी भी विवाद की स्थिति न बने।पंजीकृत आरएमओ, चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ अस्पताल में उपलब्ध रहें। किसी भी स्टाफ के आने-जाने या बदलाव की सूचना समय पर सीएमओ कार्यालय को



दी जाए।सभी चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ अपनी निर्धारित वेशभूषा में कार्य करें।अस्पताल परिसर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो तथा मरीजों और तीमारदारों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए।अस्पताल परिसर पूरी तरह साफ-सुथरा रखा जाए, ताकि संक्रमण का खतरा न हो।किसी भी बाहरी एम्बुलेंस चालक द्वारा दलाली न होने दी जाए।मरीज को तभी भर्ती किया जाए जब उसकी जरूरत हो, अन्यथा समय रहते हायर सेंटर रेफर किया जाए ताकि समय और धन दोनों की बचत हो सके।सभी मरीजों का इलाज रिकॉर्ड अपडेट रहे और उस पर इलाज करने वाले डॉक्टर की मुहर और नाम अंकित हो।

आयुष्मान योजना के मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाए और उन्हें अनावश्यक परेशानी न दी जाए।तैनात सुरक्षाकर्मियों की एजेंसी पंजीकृत होनी चाहिए।एक्सपायर दवाइयों के उपयोग पर प्रतिबंध है और अस्पताल मरीजों को अपने मेडिकल स्टोर से दवाएँ लेने के लिए मजबूर नहीं करेंगे।अस्पताल परिसर में स्पष्ट लिखा हो कि– ह्लमरीज अपनी मर्जी से किसी भी मेडिकल स्टोर से दवाई खरीद सकता है।सीएमओ कार्यालय ने सभी अस्पतालों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि जांच या शिकायत के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संस्थान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सरधना में आजाद समाज पार्टी की विचार गोष्ठी, चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिन पर केक काटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिन पर मेरठ रोड स्थित पार्टी कैंप कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ ने केक काटकर उनकी लंबी उम्र और मजबूत नेतृत्व की कामना की।



इस मौके पर शाहरुख उर्फ. बंटी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद हमारे लिए संघर्ष और साहस की पहचान हैं। हम सभी कार्यकर्ता उनके मिशन को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट हैं और समाज के हर कमजोर वर्ग की आवाज बनकर खड़े रहेंगे।वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों पर चर्चा की और जनहित के मुद्दों पर मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम में मुकेश, पूर्व नगर अध्यक्ष सोहनवीर सिंह,मनोज पाल, रिजवान खान, जफर खान, कुलंजन, फरमान अंसारी, अर्जुन सिंह, अशरफ सलमानी, अरशद खान, आकाश प्रधान, मौलाना शाकिर, मोहसिन अंसारी, पूर्व सभासद समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सरधना में अवैध डेयरी से फैल रहा भयंकर प्रदूषण, लोग परेशान; आजाद अधिकार सेना ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** कालंद रोड नई बस्ती, स्थित मिल्क प्लांट में अवैध रूप से चल रही भैंस डेयरी से फैल रहा जल-वायु प्रदूषण स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। सैकड़ों लोगों ने आजाद अधिकार सेना को शिकायत दी है कि डेयरी से प्रतिदिन निकलने वाला गोबर, मल-मूत्र और बेहद दूषित पानी सीधे सड़क व नाले में बहाया जा रहा है। इससे नाला पूरी तरह जाम हो गया है और सड़क पर गंदगी, कीचड़ व दुर्गंध फैली रहती है। मच्छरों की बढ़ती संख्या के कारण डेंगू, मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों का खतरा भी बढ़ गया है।निवासियों का आरोप है कि जब लोग डेयरी संचालक से शिकायत करते हैं, तो वह अभद्रता, गालीझगलौज और धमकियों पर उतर आता है। कई परिवार डर के कारण

**पीड़ितों को मिल रही धमकियों के खिलाफ तत्काल पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। आजाद अधिकार सेना ने चेतावनी दी है कि यदि कल तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे मेरठ मंडल में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी**

अपने घरों पर मकान बिकाऊ है के बोर्ड तक लगाने को मजबूर हो गए हैं।

स्थिति को गंभीर बताते हुए आजाद अधिकार सेना ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा 4 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे मौके पर पहुँचकर स्थिति का निरीक्षण करेंगे, पीड़ितों से मिलेंगे, प्रेस वार्ता करेंगे और एसडीएम सरधना व नगर पालिका अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे।संगठन ने अवैध डेयरी पर प्रदूषण नियंत्रण व नगर पालिका अधिनियम के तहत तत्काल एफआईआर व जुमार्ना।

नाले की तुरंत सफाई और दूषित पानी के खुले बहाव पर रोक। 7 दिन में वैज्ञानिक गोबर-निस्तारण व्यवस्था, अन्यथा डेयरी को आवासीय क्षेत्र से हटाया जाए। पीड़ितों को मिल रही धमकियों के खिलाफ तत्काल पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। आजाद अधिकार सेना ने चेतावनी दी है कि यदि कल तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे मेरठ मंडल में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# थाना शाहपुर पुलिस ने पकड़ा सड़क किनारे ट्रकों से डीजल चोरी करने वाला गैंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** थाना शाहपुर पुलिस ने सड़क किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।जबकि गिरोह का एक सदस्य फरार हो गया।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डीजल चोरी करने वाला गैंग चोरी किया हुआ माल लेकर शाहपुर की ओर आ रहा है।सूचना पर पुलिस टीम कृष्णा प्रणामी मंदिर कट पर पहुंची और संदिग्ध ट्रक को रोकने का प्रयास किया।ट्रक रोकते ही एक आरोपी खिड़की खोलकर भाग निकला जबकि बाकी चार अभियुक्तों को पुलिस ने दबोच लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम हसनैन पुत्र रशीद निवासी ग्राम सिवाल खास थाना जानी जनपद मेरठ,अनवार पुत्र शहीद निवासी ग्राम हर्रा थाना सरूरपुर जिला मेरठ,इस्तकार पुत्र तहमूर निवासी ग्राम खीचरा थाना धौलाना जिला हापुड़,प्रवीन पहलवान पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम गढ़ी नौआबाद थाना भौराकलां जिला मुजफ्फरनगर है तथा फरार अभियुक्त का नाम शहजाद पुत्र खलील निवासी ग्राम शेखपुर खीचरा, थाना धौलाना जिला हापुड़ है। अभियुक्तों के कब्जे से 400 लीटर चोरी का डीजल,एक 10-टायर आईसर ट्रक (UP 12 AT 7124),तीन नाजायज चाकू,तेल चोरी के उपकरण (प्लास्टिक बाल्टियां, पाईप, गेज आदि)बरामद किए। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे सभी मिलकर लंबे समय से सड़क किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चोरी कर रहे थे।चोरी किया गया डीजल वे प्रवीन पहलवान के घर ले जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी शहजाद की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है।




अभियुक्त अनवार के खिलाफ थाना शाहपुर और थाना फुगाना में कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज पाए गए हैं।अन्य अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।अभियुक्तों को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मोहित चौधरी,कस्बा चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक राहुल कुमार,उपनिरीक्षक अनिकेत धारिवाल, उपनिरीक्षक दीपक चौधरी,हेड कांस्टेबल सचिन कुमार,हेड कांस्टेबल रोहताश कुमार,हेड कांस्टेबल प्रेमचंद्र शर्मा,कांस्टेबल शिवम यादव,कांस्टेबल अलीम,कांस्टेबल पवन चौधरी,कांस्टेबल अश्वनी कुमार शामिल रहे।

# एसआईआर अभियान में जनपद में अब तक मतदाता सूची से हटे 1 लाख 11 हजार 436 वोटरों के नाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के दौरान अब तक 1लाख 11हजार 436 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं। एडीएम प्रशासन के अनुसार यह अभियान 11 दिसंबर तक जारी रहेगा ऐसे में हटाए गए नामों की संख्या और बढ़ सकती है।जनपद के छह विधानसभा क्षेत्रों मुजफ्फरनगर सदर, बुढ़ाना,चरथावल,मीरापुर, खतौली और पुरकाजी में कुल 21लाख 12 हजार 586 मतदाता पंजीकृत हैं। एसआईआर के दौरान सामने आए आंकड़ों के मुताबिक सूची में 30,915 मृतक, 12,315 अनुपस्थित, 59,957 अन्य स्थान पर शिफ्ट,जबकि 8,249 डुप्लीकेट मतदाता दर्ज पाए गए।बीएलओ के घर-घर सर्वे में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता भी मिले जिनके नाम तो सूची में दर्ज थे लेकिन वे अपने पते पर मौजूद नहीं थे इन्हें अनुपस्थित या लापता श्रेणी में रखा गया है। बीएलओ के अनुसार कई क्षेत्रों में सत्यापन कार्य चुनौतीपूर्ण रहा। एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने बताया कि 11 दिसंबर को एसआईआर से संबंधित सभी आधिकारिक आंकड़े जारी किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि मृतक और डुप्लीकेट नामों को हटाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर ने बताया कि कई मतदाता पहले के पते पर दर्ज थे लेकिन अब अन्य स्थानों पर बस गए हैं।एसआईआर में यह भी उजागर हुआ कि कुछ लोगों के नाम दो अलग-अलग स्थानों पर पंजीकृत थे जिससे दो जगह मतदान का जोखिम था।ऐसे सभी नाम सूची से हटाए जा रहे हैं।प्रशासन के अनुसार अभियान पूरा होने के बाद जिले की मतदाता सूची अधिक शुद्ध,पारदर्शी और पूरी तरह अद्यतन स्थिति में होगी।

# न्याय व्यवस्था को सुलभ,पारदर्शी और आधुनिक बनाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कर रही है सशक्त पहल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायिक तंत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। न्याय व्यवस्था जितनी सुदृढ़ होगी,सुशासन की अवधारणा उतनी ही प्रभावी रूप से साकार हो सकेगी।इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार न्याय व्यवस्था को आधुनिक,पारदर्शी और सरल बनाने के लिए व्यापक सुधार कर रही है।प्रदेश सरकार ने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कोर्ट प्रणाली,अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन और साइबर लॉ जैसे उभरते क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की है।न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में नए हॉस्टल,स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और अत्याधुनिक प्रशिक्षण कक्षाओं का निर्माण कराया जा रहा है ताकि न्यायिक अधिकारियों,प्रॉसिक्यूटर्स, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को नियमित प्रशिक्षण और स्किल डेवलपमेंट के पर्याप्त साधन उपलब्ध हो सकें।आजादी के अमृतकाल के प्रथम वर्ष में भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 लागू करके देश ने एक बड़े कानूनी सुधार की दिशा में कदम बढ़ाया है। इन नए कानूनों को लागू करने में सभी राज्यों ने तेजी के साथ कार्य किया है। रूल ऑफ लॉ को सुदृढ़ बनाने में बेंच और बार के बीच बेहतर समन्वय महत्वपूर्ण है।इसी के लिए प्रदेश में 10 जनपदों में एकीकृत न्यायालय परिसरों (इंटीग्रेटेड कोर्ट कैंपस) के निर्माण हेतु धनराशि जारी की गई है।राज्य सरकार द्वारा जिला स्तर पर सभी न्यायालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने,बार की व्यवस्था,आवासीय सुविधा एवं अन्य आवश्यक ढांचे को विकसित करने की पहल की गई है।जिला जजों के चेंबर में एसी लगाने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है।इसके साथ ही डिजिटल डिपोजिशन राइटर की तैनाती को भी मंजूरी दी गई है जिससे न्याय प्रक्रिया और अधिक सुचारु होगी।महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराधों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए 380 से अधिक पॉक्सो एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की कार्यवाही की गई है।

लोक अदालत,मीडिएशन और आर्बिट्रेशन के माध्यम से भी त्वरित न्याय प्रदान करने के कदम लगातार आगे बढ़ाए जा रहे हैं।प्रदेश के सभी रेंज स्तर पर विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई है जो अब कार्यरत हैं।

# 05 दिसंबर को नाई और राजमिस्त्री कारीगरों का साक्षात्कार होगा,उद्योग विभाग ने जारी की सूचना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, मेरठ ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत नाई और राजमिस्त्री विधा में आवेदन करने वाले सभी कारीगरों का साक्षात्कार 05 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा।उपायुक्त उद्योग के अनुसार, जिन कारीगरों ने विभागीय पोर्टल diupmsme.upsdc.gov.in पर आवेदन किया है, उन्हें साक्षात्कार के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, मेरठ के सभागार में उपस्थित होना होगा।विभाग ने सभी संबंधित कारीगरों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पहुँचकर साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लें।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर विकास भवन में ट्राईसाइकिलों का वितरण कर दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया कदम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकास भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिलों का वितरण किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन की लाइव स्ट्रीमिंग से हुई जिसके उपरांत पात्र दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राईसाइकिलें प्रदान की गईं।कार्यक्रम के दौरान जिला पिछड़ा वर्ग




कल्याण अधिकारी शक्ति सरन श्रीवास्तव एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दीक्षा उपाध्याय मौजूद रहीं। दोनों अधिकारियों के साथ विभागीय कर्मचारियों ने भी वितरण कार्य में सहयोग किया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित यह पहल दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके दैनिक जीवन में सुगमता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**आयोजन** — सीएमओ के स्टेनो पाकेश कुमार के विशेष सहयोग से विश्व विकलांगता दिवस पर कार्यक्रम किया गया आयोजित

# विश्व विकलांगता दिवस पर निःशुल्क कंबलो का किया गया वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** वश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर बुद्धवार को जनपद मुजफ़्फ़रनगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाङ्क सुनील तेवतिया के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के स्टेनो पाकेश कुमार के विशेष सहयोग से एक महत्वपूर्ण सामाजिक कल्याण कार्यक्रम सुजडू चुंगी पर अमर स्वीट्स के पास आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के विकलांगजन भाइयों-बहनों को निःशुल्क कंबल वितरित किए गए जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके।लाभार्थियों ने इस मानवीय पहल के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं पाकेश कुमार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाङ्क सुनील तेवतिया ने जानकारी देते हुए कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को विकलांगों के प्रमाण पत्र (ऊ्रङ्ख’३८ डी१ङ्मंड३) बनाए जाते हैं। पात्र लाभार्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सोमवार के दिन कार्यालय में संपर्क कर लाभ उठा सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि विश्व विकलांगता दिवस समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और समान अधिकारों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर है।स्वास्थ्य विभाग ऐसे सामाजिक दायित्वों से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित कर जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डाङ्क सुनील तेवतिया ने स्टेनो पाकेश कुमार की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि पाकेश कुमार वर्षों से विकलांगजन हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं।वे समय-समय पर कंबल वितरण,आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उनकी निस्वार्थ सेवा पूरे विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत है।इस अवसर पर मुख्य




चिकित्साधिकारी कार्यालय से मनोज कुमार,सुरेश (ड्राइवर), तथा दिव्यांग एकता यूनियन (रजिस्टर्ड) के अध्यक्ष सुशील कुमार, उपाध्यक्ष रिजवान राणा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शकील, टेलर सचिन भाई,तहसीन अंसारी एवं अरुण जैदी (अध्यक्ष) सहित अनेक गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने कंबल वितरण के माध्यम से विकलांगजनों की सहायता करने के इस प्रयास की सराहना की।इस अवसर पर पाकेश कुमार ने कहा कि विकलांगजन सेवा मेरा नैतिक दायित्व है।मैं भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य नियमित रूप से करता रहूँगा ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुँच सके।

# समारोह में "दुल्हनों को मिलेंगे 25 उपहार" करीब एक हजार जोड़े आज विवाह बंधन में बंधेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद में 4 दिसंबर को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।। जिला विकास अधिकारी गोविंद बल्लभ पाठक ने तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाले उपहारों की सूची का मिलान कराया। दुल्हनों को दिए

## सामूहिक विवाह समारोह

जाने वाले सभी 25 प्रकार के उपहार सुरक्षित रूप से टेंट में रखवा दिए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती भी कर दी गई है।

चार दिसंबर को होने वाले इस भव्य आयोजन में करीब एक हजार जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन ने बताया कि इस बार व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इसके लिए सभी उपकरण और सिस्टम स्थापित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश से लेकर वर वधू के सत्यापन तक पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जिला विकास अधिकारी गोविंद बल्लभ पाठक ने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक जोड़े को सम्मानजनक तरीके से विवाह का अवसर मिले। उन्होंने बताया कि दुल्हनों को दिया जाने वाला उपहार पैकेज पहले से तय है, जिसकी गुणवत्ता मानकों पर भी जांच हो रही है। कार्यक्रम में शामिल होने वाली प्रत्येक दुल्हन को सरकार की ओर से गुणवत्तापरक और उपयोगी सामान दिया जाएगा। इसमें पहनावा, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, रसोई का सामान और चांदी के आभूषण शामिल हैं।

बुद्धि विहार मैदान में अलग-अलग सेक्टर बनाए गए हैं। प्रवेश द्वार पर बायोमैट्रिक सत्यापन, जोड़ों के बैठने की व्यवस्था, भोजन स्थल, विवाह मंडप और उपहार




वितरण केंद्र अलग-अलग बनाए गए हैं। गुरुवार को होने वाला यह सामूहिक विवाह समारोह एक बड़ा सामाजिक आयोजन माना जा रहा है।

हजारों की संख्या में परिजन और मेहमानों के पहुंचने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान मंच पर अधिकारियों की मौजूदगी में विवाह संस्कार संपन्न कराए जाएंगे'श्रृंगार सामग्रीसाड़ी ब्लाउज सहित पांच सेट : जिसमें 1 ब्राइडल साड़ी/लहंगा, दो कढ़ाईदार साड़ियां और दो प्रिंटेड साड़ियां।मैचिंग पेटीकोट-पांच, सिले हुए कढ़ाईदार चुनरी-एक (2.25 मीटर),लाल कांच की चूड़ियां-दो दर्जनकंगन-चार,वेनिटी किट-एक (16 आइटम के साथ) जिसमें फेस क्रीम, लिपिस्टिक, काजल, फाउंडेशन, हेयर ऑयल, क्लिप, आलता, सिन्दूर, नेल पॉलिश, मेंहदी शामिल है।

# उपभोक्ताओं ने "66 लाख का बकाया कराया जमा"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जनपद में बिजली राहत योजना शुरू कर दी गई। जिसमें एक दिसंबर से 31 दिसंबर तक पंजीयन कराने वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज में पूरी और मूल बिल के बकाय में 25 फीसदी छूट मिलेगी। इस योजना के दूसरे दिन तक 66 लाख रुपये का रुपये का बकाया जमा कराया गया है। प्रदेशभर में एक दिसंबर एमएलवी 1 (घरेलू) अधिकतम दो किलोवाट और एलएमवी 2 (वाणिज्यिक) एक किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को बिजली बिल बकाये में राहत दी जा रही है। जिसमें 31 दिसंबर तक मूलधन में 25 फीसदी और सरचार्ज में शत प्रतिशत छूट देने की व्यवस्था की गई है।मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि इस योजना का सीधा लाभ आम नागरिकों और छोटे बिजली उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन तक 808 उपभोक्ताओं द्वारा 66 लाख 58 रुपये का बताया भुगतान जमा करा दिया गया है।

# सरकारी लाइब्रेरी में कार्यरत कर्मी को मारा पीटा

बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** कोतवाली मैनाठेर क्षेत्र में सरकारी लाइब्रेरी में प्रिंटर खराब होने की बात कह कर कर्मचारी के साथ मारपीट करके घायल कर दिया पुलिस ने कर्मी की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगलिया मशकूला निवासी रिंकू कुमार ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को अवगत कराते हुए बताया कि वह अपने गांव में सरकारी लाइब्रेरी में कार्यरत हैं। बीती 30 नवंबर को सुबह दस बजे लाइब्रेरी में पहुंचा तो लाइब्रेरी में शिक्षा प्राप्त कर रहे उसी के गांव के कुलदीप उसके पास आया और अभ्रद भाषा का इस्तेमाल करते हुए तेज आवाज में बोला कि प्रिंटर खराब क्यों है तू उसे ठीक क्यों नहीं कर रहा है। आज शब्द बोलने को मना किया विरोध किया तभी कुलदीप ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी और आवाज देकर अपने भाई विनीत कुमार रोहित और अरुन को बुला लिया । लाइब्रेरी कर्मी का आरोप है कि चारो भाईयों ने गाली बकते हुए उसे मारा पीटा बचाओ बचाओ की आवाज सुनकर उमेश आया तो उसको भी मारा पीटा है। कर्मी का आरोप है कि चारो भाई दबंग लोग जिन्होंने सरकारी कार्य में बाधा एवं रुकावट पैदा कर दबंगई दिखाते हुए हमारे साथ मारपीट की है । मारपीट की वजह से उमेश के चोट आयी है। हमें जान से मारने की भी धमकी दी है। पुलिस ने लाइब्रेरी कर्मी की शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# शासन ने डिप्टी "नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद को तत्काल प्रभाव से किया सस्पेंड" सरकारी जमीनों के एक्सचेंज और अनियमितताओं के आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन ने डिप्टी नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया हैं। उन पर मुरादाबाद और अलीगढ़ में सरकारी जमीनों के एक्सचेंज और अतिक्रमण मामलों में कथित अनियमितताओं के गंभीर आरोप हैं।

सस्पेंड अवधि में उन्हें लखनऊ स्थित नगर निकाय निदेशालय से संबद्ध किया गया है।यह आदेश प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद की ओर से जारी किया गया है। अलीगढ़ और मुरादाबाद के नगर आयुक्तों ने शासन को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की थी। शहर विधायक रितेश गुप्ता ने भी अधिकारी को सस्पेंड करने का अनुरोध किया था। अलीगढ़ के नगर आयुक्त के शासन को भेजे पत्र के मुताबिक कोल तहसील के ग्राम धौर्रा माफी की गाटा संख्या-



345 राजस्व अभिलेखों में ऊसर भूमि के रूप में दर्ज है और नगर निगम की संपत्ति है। निगम ने जमीन से कब्जा हटाते हुए चहारदीवारी करवाकर कब्जे में ले लिया था। इसका वाद अपर जिलाधिकारी (नगर) अलीगढ़ की अदालत में चल रहा था। आरोप है कि डिप्टी नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद ने बिना विभागीय रिपोर्ट प्राप्त किए, बिना राजस्व अभिलेखों का परीक्षण किए और बिना भूमि की स्थिति एवं स्वामित्व की पुष्टि किए अदालत में गाटा-342 व 345 के एक्सचेंज पर अनापत्ति (एनओसी) दे दी थी।

शासन के अनुसार ग्राम धौर्रा माफी वर्ष 2017 में नगर निगम सीमा में शामिल हुआ था। गाटा संख्या-345 पहले से निगम के कब्जे में था। इस कारण नियम के अनुसार इसका एक्सचेंज संभव ही नहीं था। इस प्रकार डिप्टी नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद ने एनओसी देकर सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचाने और वित्तीय अनियमितता के आरोप लगे। राजकिशोर को लखनऊ स्थित नगर निकाय निदेशालय से संबद्ध कर दिया गया हैं।

# नन्हीं उम्र में बड़ा दायित्व : कक्षा 2 की छात्रा सोनम बनी 1-दिवसीय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**एटा (एम.ए.खान)।** आज विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर विकासखंड सकीट के ग्राम बक्शीपुर खास स्थित चौ0 बदन सिंह स्मारक इंटर कॉलेज की कक्षा 2 की छात्रा सोनम पुत्री श्री ब्रजनंदन को महिला सशक्तिकरण व बाल नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1-दिवसीय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी का दायित्व सौंपा गया। उप जिलाधिकारी/जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी पीयूष रावत द्वारा सोनम को यह जिम्मेदारी सौंपते हुए बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, और सामाजिक दायित्व के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नन्हीं सोनम ने कार्यालय पहुंचकर दिव्यांगजन कल्याण से संबंधित विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद भी किया।



इतनी कम उम्र में प्रशासनिक दायित्व निभाते हुए सोनम ने सभी को प्रेरित किया और यह संदेश दिया कि अवसर मिलने पर बच्चे भी समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकारों, एवं दिव्यांगजन हितों से संबंधित जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं बल्कि समाज को भी संवेदनशील बनाते हैं। अंत में उप जिलाधिकारी पीयूष रावत ने कहा कि आज का दिन सोनम जैसी प्रतिभाओं को आगे लाने और उन्हें नेतृत्व का अवसर देने का महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर सामने आया है।

# सेवायोजन कार्यालय में 6 दिसंबर को लगेगा "रोजगार मेला"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद सेवायोजन कार्यालय में छह दिसंबर को रोजगार मेला लगेगा। सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चन्द्र ने बताया कि मेले में तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए स्थानीय/बाहरी निजी क्षेत्र की लगभग 10-15 कंपनियों को आमंत्रित किया गया है।किसी भी ट्रेड में आइटीआइ /डिप्लोमा प्रमाण, हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक आदि योग्यताधारक अभ्यर्थी अपना बायो डाटा, शैक्षिक प्रमाण पत्र छायाप्रति दो सेट में एवं दो रंगीन फोटो सहित रोजगार मेले में बने पंजीयन काउंटरों पर उपस्थिति दर्ज कराते हुए रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।मेले में सम्मिलित होने के लिए सेवायोजन विभाग की वेबसाइट rojgaarsangam.up.gov.in पर बेरोजगार अभ्यर्थी अपना पंजीकरण कर सकते हैं।




# "उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किए गए" शुभम बिश्नोई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 58 प्राथमिक विद्यालय कन्या पाठशाला कांठ कक्ष संख्या तीन के बीएलओ शुभम विश्नोई को निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सराहा गया। शुभम के सामने कई समस्याएं आईं। उन्होंने मतदाताओं के घर जा-जाकर गणना प्रपत्र दिए। इसके साथ ही मुहल्ले में जाकर लोगों का सहयोग लिया। उनके सहयोग से गणना प्रपत्र भरवाकर जमा करा दिया। शुभम ने कुछ लोगों के घर जाकर उनका विशेष सहयोग करते हुए निर्धारित समय में एसआइआर का कार्य पूरा कर लिया। उनके बूथ पर 821 मतदाता थे। इस कार्य के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने सम्मानित किया। एसडीएम संत दास पंवार ने भी उनके कार्य की सराहना की है।



# अमरोहा पुलिस द्वारा व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद के निर्देश पर अमरोहा में यातायात पुलिस प्रभारी, यातायात पुलिस टीम तथा नगर पालिका टीम द्वारा संयुक्त रूप से एक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सड़क किनारों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायतों को देखते हुए यह अभियान संचालित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना तथा आम जनता को निर्बाध आवागमन की सुविधा प्रदान करना है।

अभियान की शुरूआत टीपी नगर चौराहा से बिजनौर रोड चुना भट्टी तक की मुख्य सड़क पर की गई। यह मार्ग अत्यधिक व्यावसायिक एवं यातायात की दृष्टि से संवेदनशील है, जहां प्रतिदिन भारी भीड़-भाड़ रहती है। सड़क किनारे लगने वाले ठेले, दुकानों का फैलाव, अवैध निर्माण एवं अवरोधों को हटाकर फुटपाथों को पुनः खाली कराया गया।इसके उपरांत शाह विलायत चौराहा से धनोरा रोड तक भी अभियान





चलाया गया। इस बाजार क्षेत्र में पैदल निरीक्षण करते हुए सड़क पर कब्जा जमाए दुकानदारों, अवैध ठेलों, दुकान के आगे बढ़ाए गए शेड/प्लेटफॉर्म को हटाया गया।अभियान के दौरान नो पार्किंग क्षेत्रों का विशेष निरीक्षण किया गया। नियम विरुद्ध खड़े किए गए दोपहिया और चार पहिया वाहनों के विरुद्ध एम.वी. एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा कई वाहनों के चालान किए गए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क किनारे अनियमित पार्किंग जाम का मुख्य कारण बनती है, इसलिए ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।शहर को जाम मुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए यह अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा। आम नागरिकों से अपील की गई कि वे सड़क, फुटपाथ व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें और प्रशासन का सहयोग करें।स्थानीय नागरिकों ने इस अभियान की सराहना की और बताया कि अतिक्रमण हटने से सड़कें खुली व सुगम हो गई हैं। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में पुनः अतिक्रमण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि "माधव मिश्र को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर किया सम्मानित " मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा : माधव मिश्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अखिल



भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मुरादाबाद में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। माधव मिश्र ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। 1978 में छात्र जीवन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक बुजुर्ग को क्षय रोग हो गया था। सुबह-शाम उनकी सेवा की। तभी से संकल्प लिया था कि वह सामाजिक सेवा ही करेंगे। आर्थिक आधार पर आरक्षण की लड़ाई लड़ी। वह 2019 में मिला। सात जून 2016 में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू और अनंत गीत को गरीबों के इलाज का प्रस्ताव दिया। वह आज आयुष्मान भारत योजना के रूप में देश में लागू है। अध्यक्षता महिला सभा की संरक्षक सुधा शर्मा संचालन डा. महेश चंद्र शर्मा ने किया। अजय कुमार शर्मा, रेनू शर्मा, गिरिराज शर्मा, जिलाध्यक्ष अमरोहा धनंजय शर्मा, यादराम शर्मा आदि रहे।

विकासखंड मलिहाबाद के गांवों का हाल

# पंचायतों में कराए जाने वाले कार्यों के बोर्ड न लगने से गांव वाले हो रहे गुमराह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक सभी का स्पष्ट निर्देश है कि पंचायतों में जो भी कार्य कराए जाएं उनका विवरण दर्शाते हुए बोर्ड अथवा पत्थर लगाए जाने अनिवार्य हैं बावजूद इसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते काम करने के बाद घर से बसंत लाल के घर तक लगी है लेकिन इसी नाम से दूसरे गांव में भी इंटरलॉकिंग लगी है परंतु दोनों जगह है कोई भी बोर्ड नहीं लगा है और अभिलेखों में ग्रामीणों के सिर्फ नाम दर्ज हैं जिसमें दोनों जगह के व्यक्तियों के पिता का नाम और जाति बदली हुई है और गांव भी अलग-अलग हैं बावजूद इसके अभिलेखों में देखने से कुछ भी



कई वर्ष तक पत्थर अथवा बोर्ड नहीं लगाए जाते हैं जिससे ग्रामीणों को कार्यों के संबंध में कोई जानकारी नहीं होती है कि उसे कार्य में कितनी मजदूरी खर्च हुई और कितना खर्च सामग्री पर हुआ है अथवा काम कि वित्तीय वर्ष में किस प्रधान या सचिव के कार्यकाल में कराया गया इसका पता नहीं चलता है जिससे ग्रामीणों से अगर किसी भी कार्य के विषय में जानकारी की जाती है तो वह किसी भी कार्य के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाते हैं ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत मीठे नगर का सामने आया है जहां ग्राम पंचायत के दो अलग-अलग गांवों में दो प्रधानों के कार्यकाल में इंटरलॉकिंग लगाई गई जहां खास बात यह थी कि जो इंटरलॉकिंग लगाई गई है वह कैलाश के स्पष्ट नहीं हो सकता है साथ ही इस बात की जानकारी स्पष्ट तौर पर गांव वालों को भी नहीं है इसलिए गांव वाले भी स्पष्ट जानकारी देने के बजाय गुमराह हो गए और जब अखबार में खबर प्रकाशित हुई तो सभी लोग अपना अपना स्पष्टीकरण देने लगे और प्रधान ने कहा कि हमें ऐसी कोई जानकारी नहीं थी कि इसी नाम से दूसरी जगह कोई इंटरलॉकिंग लगी है वरना हम अपनी वर्क आईडी में जाति अथवा पिता के नाम का उल्लेख करवा देते इसके अलावा इस इंटरलॉकिंग में नाली अंडरग्राउंड बनाई गई है जो दुगौली में बनी है।

यहां खास बात यह है कि इंटरनेट पर अपलोड किए गए विवरण में सिर्फ इंटरलॉकिंग का उल्लेख है।

# चौधरी शौकत अली चेची टीम के साथ पहुंचे दिल्ली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**फतेहपुर।** लोकसभा सांसद नरेश उत्तम पटेल (फतेहपुर) एवं पूर्व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी उनके आवास गंगा अपार्टमेंट संसदीय बंगले पर मुलाकात कर मांग पत्र सोपा

जिसमें मुख्य मांग गौतम बुद्ध नगर के किसानों का 10% आबादी प्लाट, 64.7% मुआवजा बकाया, आबादी बैकलीज, पुश्तैनी गैर पुश्तैनी समाप्त की जाए, 2013 एक्ट भूमि अधिग्रहण कानून लागू किया जाए, प्राथमिकता के आधार पर गौतम बुद्ध नगर के बेरोजगार किसानों को 50% नौकरी मैं हिस्सेदारी दी जाए, शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में 20% आरक्षण दिया जाए, किसान की पुरानी आबादियों को बिना वजह आरोप लगाकर नहीं तोड़ा जाए, धरना प्रदर्शन आंदोलन के दौरान किसानों पर लगे फर्जी मुकदमे समाप्त किए जाएं, बिजली विभाग के शोषण से बचाया जाए, गन्ने का बकाया एवं समय पर भुगतान किया जाए, डीएपी व यूरिया किसानों को उचित समय उचित रेट पर भरपूर दिया जाए एवं सल्फर, कैनाजाईम, जिंक, नैनो, आदि प्रोडक्ट जबरदस्ती खरीदने पर किसानों को मजबूर नहीं किया जाए एवं आधार



कार्ड, अंगूठा निशान, खतौनी, खाद खरीद ने के लिए अनिवार्य है इस नियम को समाप्त किया जाए जो किसान की प्राइवेसी का मामला है किसानों को खुशहाल बनाने के लिए मांग पत्र में लिखी बातों से अवगत कराया और अपील की आप इन सभी मांगों को संसद में उठाने की कृपा करें नरेश उत्तम पटेल जी ने भरोसा दिया कि हम इन सभी मुद्दों को संसद में मजबूती से उठाएंगे उसके बाद यमुना अपार्टमेंट मैं श्रीमती रुचि वीरा जी लोकसभा सांसद (मुरादाबाद) उनके बंगले पर पहुंचकर सांसद रुचि वीरा जी के पति उदयन वीरा जी पूर्व जिला पंचायत सदस्य (बिजनौर) को मांग पत्र सोपा और सांसद जी से फोन पर बात की जिसमें मुख्य मांग एनसीआरबी की रिपोर्ट अनुसार महिला अपराध मैं उत्तर प्रदेश नंबर वन पर है तथा देश में महिलाओं पर अपराध बढ़ रहे हैं और 12 राज्यों में sir चल रहा है blo पर भारी दबाव है blo की लगातार अकस्मात मृत्यु हो रही है एवं नौकरी से इस्तीफा दे रहे हैं तथा छात्र-छात्राओं के शिक्षा पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है अगले वर्ष एग्जाम भी है जिसका बुरा प्रभाव सबसे ज्यादा महिलाओं पर पड़ रहा है सरकार द्वारा sir के कार्य में निष्पक्षता व पारदर्शिता लाई जाए सांसद रुचि वीरा जी ने भरोसा दिलाया संसद में इन मुख्य बिंदुओ को मजबूती से रखा जाएगा और कहा पत्र में जो भी गंभीर मांगे हैं उन सभी का संज्ञान लिया जाएगा चेची जी एवं साथी टीम ने दोनों नेताओं का दिल से धन्यवाद किया। इस मौके पर अल्लाहरहम अली चेची, डॉक्टर सोनू बैसला, साजिद भाटी, बिटिया शुबुल अली चेची मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शिक्षक विधायक" चुनाव में बढ़े 1,811 मतदाता"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शिक्षक विधायक एमएलसी चुनाव में अबकी बार 1811 मतदाता बढ़ गए हैं। मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद यह बात सामने आई है। हालांक, 30 दिसंबर तक इस संबंध में दावे व आपत्ति कर सकेंगे। इसके निस्तारण के बाद 6 जनवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची जारी की जाएगी। बीते शिक्षक एमएलसी चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या 5856 थी। प्रकाशित ड्राफ्ट के अनुसार अबकी बार मतदाताओं की संख्या 7667 हो गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने बताया कि शिक्षक विधायक चुनाव मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया गया है। जिसके अनुसार इस बार मतदाताओं की कुल संख्या 7667 है। ड्राफ्ट प्रकाशन के साथ 30 दिसंबर तक दावे व आपत्तियों का निस्तारण कर लिया जाएगा। 6 जनवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची जारी होगी।

चेतावनी — समस्याओं का समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# भारतीय किसान "यूनियन ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया' ज्ञापन में दीवान मिल ने अभी इस पैराई सत्र का कोई भुक्तान नहीं किया है जिसे शीघ्र किया जाए,गन्ना क्रय केंद्रों पर अभी तक 21 क्विंटल की पर्ची नहीं बनाई जा रही जिससे किसानों को गन्ना छिलाई और दुलाई पर ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है, गन्ना दुलाई के बड़े हुए किराए को प्रत्येक क्रय केंद्र की दूरी के अनुसार काटा जाए, चीनी मिलो द्वारा किसानों को कम मूल्य पर मेली दी जाए जिससे किसान समय से इसे खेतों में डाल सके,गन्ना वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाए जिससे कोहरे में दुर्घटनाओं को टाला जा सके, खनन में चल रहे डंम्परों पर अंकुश लगाया जाए जिससे बच्चों के विद्यालय आने जाने के समय पर न चले और इनके ऊपर त्रिपाल डाला जाना अनिवार्य किया जाए,ये इतने तेज चलते हैं कि इनके बराबर से निकलने बाला वाहन इनकी हवा से ही हिल जाता है ऐसे में छोटे साइकिल पर जा रहे बच्चों को बहुत खतरा है, कांठ क्षेत्र में किसी भी खाद केन्द्र पर डीएपी उपलब्ध नहीं है केवल एनपीके है जिसका मूल्य 1900 रुपए प्रति बैग है। इसके विकल के रूप में खाद भी उपलब्ध हो जिससे किसान अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार खरीद सके, सरकारी बीज केंद्रों पर गेहूं के पर्याप्त बीज नहीं है, जिससे किसानों को अपनी भूमि के अनुरूप गेहूं बीज प्राप्त करने में



काफी परेशानी हो रही है, सभी बीज शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं, बिजली के बिल मीटर रीडर द्वारा नियमित रूप से नहीं निकाले जा रहे जिससे उपभोक्ताओं के बिल जमा नहीं हो पा रहे और विभाग द्वारा कनेक्शन काटे जाने की धमकी बार बार दी जा रही है, विद्युत आपूर्ति नियमानुसार नहीं की जा रही जिससे किसानों को गेहूं के लिए खेतों का पलेवा करने में देरी हो रही है, नहरों में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है जिससे शीघ्र दिया जाए जिससे नहरों द्वारा सिंचाई समय से हो, गन्ने के इस सीजन में कांठ में सड़क पर लग रहे जाम से सभी आने जाने वालों को बहुत ही समस्या का सामना करना पड़ रहा है प्रशासन अतिक्रमण करने वालों और जाम के लिए उत्तरदायी लोगो पर कठोर कार्यवाही करे, कावड़ पथ एवं करनपुर मार्ग पर मिल गन्ना ट्रांसपोर्ट में लगे दो पहिया ट्रॉलो में क्षमता से अधिक गन्ना भरा जा रहा जो एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं जिसे मिल प्रबंधन नियंत्रित करे और स्कूल के समय कोई ऐसा वाहन न चलने दे,सभी समस्याओं शीघ्र समाधान कराया जाए अन्यथा किसान यूनियन टिकैत इसके समाधान तक अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी' ज्ञापन के समय भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।



# अनन्या पांडे ने शेयर किया नया लुक, कार्तिक आर्यन संग जल्द आएंगी नजर

मशहूर अभिनेत्री अनन्या पांडे जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में नजर आएंगी। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म में अपने लुक की तस्वीरें पोस्ट कीं। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल ट्रैक की शूटिंग के दौरान अपने कुछ लुक्स की तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में अनन्या अलग-अलग स्टाइलिश ड्रेस में नजर आ रही हैं। उनके बाल, मेकअप और ड्रेस भी परफेक्ट हैं। तस्वीरें पोस्ट कर उन्होंने लिखा, फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के टाइटल ट्रैक के मेरे कुछ पसंदीदा लुक्स। क्या आपने अभी तक टाइटल ट्रैक देखा? मेरी ग्लैम और फैशन टीम को ढेर सारा प्यार। पोस्ट शेयर करने के बाद अनन्या के इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अभिनेत्री उर्मिला मंतोडकर, महीप कपूर और नव्या नवेली नंदा ने फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। बता दें कि अभिनेत्री फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कार्तिक आर्यन के साथ 6 साल बाद वापसी कर रही हैं।

इससे पहले वे साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म पति पत्नी और वो में नजर आई थीं।समीर विद्वांस द्वारा निर्देशित फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जाएगी। अगस्त्य नंदा की इक्कीस भी 25 दिसंबर को रिलीज होगी। अब देखना होगा कि दर्शक पर्दे पर रोमांस और लव स्टोरी को पसंद करते हैं या देशभक्ति से भरी कहानी को सराहते हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री लक्ष्य लालवानी के साथ फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगी। यह एक लव स्टोरी है, जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है।

# राम गोपाल वर्मा की पुलिस में भूत में नजर आएंगे मनोज बाजपेयी, निर्देशक ने शेयर की तस्वीर

निर्देशक राम गोपाल वर्मा मनोज बाजपेयी के साथ दर्शकों को डर का एहसास कराने के लिए फिल्म पुलिस में भूत लेकर आ रहे हैं। शनिवार को निर्देशक ने सोशल मीडिया पर एक अभिनेता की तस्वीर पोस्ट की। निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की तस्वीर पोस्ट की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, मनोज बाजपेयी की एक झलक पुलिस स्टेशन में भूत से।

निर्देशक की पोस्ट प्रशंसकों को काफी पसंद आ रही है। वे दोनों की फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं क्योंकि निर्देशक और मनोज बाजपेयी लंबे समय के अंतराल के बाद फिर से साथ में वापसी कर रहे हैं। बात दें, दोनों ने आखिरी बार फिल्म सत्या में काम किया था। साल 1998 की फिल्म सत्या को दर्शकों ने काफी प्यार दिया था और इस फिल्म ने अभिनेता को भी अच्छी पहचान दी थी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा, सैफाली शाह, जेडी चक्रबर्ती, सौरभ शुक्ला, परेश रावल और उर्मिला मातोंडकर जैसे स्टार्स नजर आए थे। फिल्म में मनोज ने भीखू म्हात्रे का किरदार निभाया था, जो लोगों को आज भी याद आता है।



अब दोनों लंबे समय के अंतराल के बाद फिल्म पुलिस स्टेशन में भूत में साथ आए हैं। इस फिल्म में अभिनेता के साथ अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख और राम्या कृण्णन भी होंगी। फिल्म का निर्माण वेव एमिरेट्स मीडिया प्रोडक्शन और कर्मा मीडिया एंटरटेनमेंट मिलकर कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म को लेकर अन्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है। साल 2026 में इसके रिलीज की उम्मीद लगाई जा रही है।

हाल ही में मनोज बाजपेयी की सीरीज फैमिली मैन सीजन 3 अमेजन प्राइम में स्ट्रीम हुई है। इस बार नई कहानियों के साथ नए किरदार भी जुड़े हैं, जिनमें जयदीप अहलावत और निमृत कौर शामिल हैं। इस बार सीरीज में श्रीकांत तिवारी की निजी जिंदगी और उनके प्रोफेशनल संघर्षों के बीच का टकराव देखने को मिल रहा है।

# कृति सैनन की तेरे इश्क में ने बॉक्स ऑफिस पर लगाई दहाड़, गुस्ताख दिल हुई धड़ाम

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन और धनुष की फिल्म तेरे इश्क में सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। पहले ही दिन से इस फिल्म का जलवा देखने को मिल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर इसने अपनी मजबूत पकड़ को तीसरे दिन भी कायम रखा है। दूसरी ओर, विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की फिल्म गुस्ताख दिल सिनेमाघरों में उतरी, लेकिन कृति की फिल्म के आगे टिक नहीं सकी है। जानिए इन दोनों फिल्मों की कमाई के ताजा आंकड़े।


सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म तेरे इश्क में ने रिलीज के तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 18.75 करोड़ रुपये की कमाई की है। रिलीज के पहले दिन 16 करोड़ और दूसरे दिन 17 करोड़ के साथ फिल्म का कुल कारोबार 51.75 करोड़ हो गया है। तेरे इश्क में का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। राझंणा और अतरंगी रे के बाद, उनकी धनुष के साथ ये तीसरी फिल्म है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार हासिल हो रहा है।



उधर, अभिनेता विजय और फातिमा की फिल्म गुस्ताख इश्क रिलीज के बाद से डगमगा रही है। इस फिल्म को कृति और धनुष अभिनीत तेरे इश्क में के साथ रिलीज किया गया था, जो खराब फैसला रहा। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले दिन 50 लाख रुपये के साथ इसने धीमी शुरूआत की। दूसरे दिन 45 लाख रुपये कमाए और अब तीसरे दिन 21 लाख रुपये कमाए हैं। इस तरह गुस्ताख इश्क का कुल कलेक्शन 1.16 करोड़ रुपये हुआ है।

# राशि खन्ना ने जताया फैंस का आभार, बोलीं-बेहद खास रहा यह जन्मदिन

अपनी हालिया रिलीज फिल्म 120 बहादुर की सफलता से गदगद अभिनेत्री राशि खन्ना का इस बार जन्मदिन भी बेहद खास रहा। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि उन्होंने अपना 35वां जन्मदिन कैसे सेलिब्रेट किया। राशि ने अपना 35वां जन्मदिन बेहद खास अंदाज में मनाया। इस बार उनका बर्थडे शोर-शराबे से दूर, अपनों के बीच प्यार और शांति से भरा रहा। राशि ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जन्मदिन पर प्यार लुटाने वालों का आभार जताया। उन्होंने परिवार और दोस्तों के साथ कुछ खूबसूरत तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए फैंस के साथ ही शुभचिंतकों का दिल से आभार जताया। राशि खन्ना ने लिखा, कुछ



जन्मदिन बहुत शोरगुल वाले होते हैं, यह वाला बहुत गर्मजोशी भरा था, प्यार से भरे फैन मीट से लेकर घर पर अपनों के बीच शांत सत्संग तक, यह जन्मदिन सच में बहुत खास था। राशि खन्ना ने आगे बताया कि उन्हें मिले ढेरों शुभकामनाओं की वजह से वह बेहद खुश हैं और इसके लिए आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, बहुत आभारी हूं। उन सभी का धन्यवाद जिन्होंने मुझे विश करने के लिए समय निकाला। ढेर सारा प्यार।

तस्वीरों में राशि अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ हंसते-मुस्कुराते और जन्मदिन का जश्न मनाती नजर आईं। पोस्ट की गई तस्वीरों में से एक में वह पारंपरिक कुर्ती-पायजामा पहने सत्संग के बीच शांत भाव से बैठी दिखीं, तो दूसरी तस्वीरों में केक काटते और अपनों से गले मिलते हुए बेहद खुश नजर आईं। फैंस के साथ हुई मुलाकात की कुछ झलकियां भी उन्होंने पोस्ट की।

राशि खन्ना की पोस्ट पर फैंस के साथ ही एक्ट्रेस वाणी कपूर भी कमेंट करती नजर आईं। कमेंट सेक्शन में हार्ट इमोजी डालते हुए उन्होंने राशि के प्रति अपने प्यार का इजहार किया। एक फैन ने लिखा, आपने कितनी सादगी से जन्मदिन मनाया, हैप्पी बर्थडे राशि। दूसरे ने कहा, इस शांत और प्यार भरे जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।

# संतरे को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

संतरा विटामिन-सी का अच्छा स्त्रोत है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के साथ-साथ शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ दे सकता है। लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करना पसंद करते हैं। हालांकि, कुछ लोग संतरे की ताजगी को लेकर परेशान रहते हैं और उन्हें लगता है कि कुछ ही दिन में ये सूखने लगते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे संतरे को लंबे समय तक ताजा रखा जा सकता है।



**पानी में भिगोएं**

अगर आप चाहते हैं कि संतरे लंबे समय तक ताजे रहें तो इन्हें पानी में भिगोकर रखें। इसके लिए एक बड़ी कटोरी में संतरे डालें और फिर इसके ऊपर पानी डालकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह उठकर संतरे को पानी से निकाल दें और किसी सूती कपड़े से पोंछकर किसी ठंडी जगह पर रखें। इस तरह से संतरे 8 से 10 दिन तक ताजे बने रह सकते हैं। संतरे के सेवन से शरीर को कई लाभ मिलते हैं।

**प्लास्टिक बैग में रखें**

संतरे को प्लास्टिक बैग में रखने से भी ये लंबे समय तक ताजे रह सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले संतरे को किसी प्लास्टिक बैग में डालें और फिर इसे किसी ठंडी जगह पर रखें। ध्यान रखें कि बैग में हवा न जाने पाए। इससे संतरे 2 से 3 सप्ताह तक ताजे रह सकते हैं। अगर संतरे में से किसी एक का रंग बदलने लगे तो उसे तुरंत ठंडे स्थान पर रख दें।

**फॉयल से लपेटें**

संतरे को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए फॉयल में लपेटना भी अच्छा तरीका है। इसके लिए सबसे पहले एक-एक करके संतरे को फॉयल से लपेटें और फिर इन सभी को किसी ठंडी जगह पर रखें। इससे संतरे 2 से 3 सप्ताह तक ताजे बने रहते हैं। आप चाहें तो फॉयल की जगह प्लास्टिक की शीट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**पेपर टॉवल में लपेटें**

संतरे को लंबे समय तक ताजे रखने के लिए इसे पेपर टॉवल में लपेटना भी अच्छा तरीका है। इसके लिए सबसे पहले एक-एक करके संतरे को पेपर टॉवल में लपेटें और फिर इन सभी को किसी ठंडी जगह पर रखें। इससे संतरे 2 से 3 सप्ताह तक ताजे बने रहते हैं। आप चाहें तो पेपर टॉवल की जगह सूती कपड़े का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ठंडे स्थान पर रखें**

अगर आप चाहते हैं कि संतरे लंबे समय तक ताजे रहें तो इन्हें ठंडे स्थान पर रखें। इसके लिए सबसे पहले एक प्लास्टिक बैग में संतरे डालें और फिर बैग को किसी ठंडी जगह पर रखें, लेकिन ध्यान रखें कि बैग में हवा न जाने पाए। इससे संतरे 2 से 3 सप्ताह तक ताजे रह सकते हैं। आप चाहें तो संतरे को किसी ठंडी जगह पर भी रख सकते हैं।

# सिरदर्द से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं ये 5 घरेलू नुस्खे

सिरदर्द एक आम समस्या है, जिससे लगभग हर कोई कभी न कभी गुजरता है। यह कामकाज में बाधा डाल सकता है और दैनिक जीवन को कठिन बना सकता है। कई लोग सिरदर्द के लिए दर्द निवारक दवाएं लेते हैं, लेकिन घरेलू उपाय भी इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। इन उपायों से न केवल दर्द कम होता है, बल्कि शरीर को भी आराम मिलता है। आइए कुछ सरल और प्रभावी घरेलू नुस्खे जानते हैं।

**अदरक का सेवन करें**

अदरक एक प्राकृतिक उपाय है, जो सूजन कम करने और दर्द को कम करने में मदद करता है। अदरक की चाय पीने या अदरक का रस निकालकर पीने से सिरदर्द में राहत मिल सकती है। अदरक में मौजूद खास तत्व सूजन कम करते हैं और दर्द को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा अदरक का सेवन पाचन को भी सुधारता है और शरीर को ठंडक पहुंचाता है।

**पुदीने की पत्तियां लगाएं**

पुदीने की पत्तियां ताजगी देती हैं और ठंडक का एहसास कराती हैं, जिससे सिरदर्द में आराम मिलता है। पुदीने की पत्तियों का रस निकालकर माथे पर लगाने या पुदीने की चाय पीने से भी फायदा होता है। पुदीने में एक खास तत्व होता है, जो नसों को आराम पहुंचाता है और रक्त संचार को बढ़ाता है। इससे सिरदर्द कम होता है और शरीर को ठंडक मिलती है। इसके अलावा पुदीने का सेवन पाचन को भी सुधारता है।




**तुलसी की पत्तियां चबाएं**

तुलसी की पत्तियां चबाने से भी सिरदर्द में राहत मिल सकती है। तुलसी में मौजूद खास तत्व शरीर को मजबूत बनाते हैं और तनाव कम करते हैं, जिससे सिरदर्द कम होता है। तुलसी की चाय बनाकर पीने से भी फायदा होता है। इसमें मौजूद तत्व नसों को आराम पहुंचाते हैं और रक्त संचार को बढ़ाते हैं। इसके अलावा तुलसी का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी सुधारता है और शरीर को ठंडक पहुंचाता है।

**सेंधा नमक का उपयोग करें**

सेंधा नमक से स्नान करने या पैर धोने से भी सिरदर्द में आराम मिलता है। इसमें एक खास तत्व होता है, जो मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है और तनाव कम करता है। सेंधा नमक के पानी में पैर डालने से रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे सिरदर्द कम होता है। इसके अलावा सेंधा नमक का सेवन शरीर को ठंडक पहुंचाता है और ताजगी देता है। इससे मांसपेशियां भी आराम महसूस करती हैं और तनाव कम होता है।

**नारियल पानी पिएं**

नारियल पानी में खास तत्व होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं और थकान मिटाते हैं। यह प्राकृतिक पेय पीने से सिरदर्द कम होता है। नारियल पानी पीने से शरीर में पानी की कमी पूरी होती है और शरीर को ठंडक मिलती है। इन घरेलू उपायों को अपनाकर आप बिना किसी दवा के अपने सिरदर्द को कम कर सकते हैं। इन उपायों को आजमाएं और खुद फर्क महसूस करें।

# सुरक्षा के प्रति सुएज की प्रतिबद्धताः जोन-6 में कर्मचारियों के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** शहर में सीवर संचालन और एसटीपी प्रबंधन कार्य के दौरान शून्य गंभीर और घातक दुर्घटनाओं की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुएज द्वारा इस सप्ताह एक विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जोन-6 के पोर्टा केबिन और दौलतगंज एसटीपी पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को यह जागरूक करना था कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं (रडढ२) का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। कार्यक्रम में कर्मचारियों को निम्न सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गयो सुएज ने अपने कर्मचारियों को कार्य के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया है। संस्था ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि मैनहोल में प्रवेश पूरी तरह निषेध है (सिर्फ मानक संचालन प्रक्रिया के तहत ही अनुमति दी जाएगी)।

कंपनी ने यह भी कहा है कि वैध कार्य परमिट के बिना कोई भी कार्य शुरू नहीं किया जाएगा, और पर्यवेक्षक अपने वार्ड में हो रहे सभी कार्यों के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। सफाई कार्य से पहले मल्टी-गैस डिटेक्टर से गैस परीक्षण अनिवार्य किया गया है ताकि किसी भी दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। साथ ही, सभी घटनाओं की तत्काल रिपोर्टिंग, असुरक्षित कार्यों को रोकने और उन पर आवाज उठाने पर भी बल दिया गया।

सुएज प्रबंधन का मानना है कि हर कर्मचारी को असुरक्षित कार्य को रोकने का अधिकार है। संदेश बिल्कुल स्पष्ट है – अगर यह सुरक्षित नहीं है, तो रोकें।




सुएज के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहाः ङ्कसीवर सफाई और एसटीपी संचालन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

किसी भी कार्य से पहले सभी कर्मियों को वैध कार्य परमिट लेना, गैस परीक्षण करना और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (ढढए) पहनना अनिवार्य है। हम ऐसी संस्कृति बनाना चाहते हैं जहाँ कर्मचारी बिना किसी भय के अपनी सुरक्षा चिंताएँ साझा करें और असुरक्षित कार्यों को रोकने में आगे आएँ। सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है।

इस कार्यक्रम में सुएज के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल, ऑपरेशन इंचार्ज धर्मेंद्र भारती, नेटवर्क इंचार्ज रजनीश शर्मा, और हेल्थ एंड सेफ्टी इंचार्ज पंकज सिंह उपस्थित रहे।

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुकेश शुक्ला को राज्य पुरस्कार से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने हेतु एक भव्य एवं गरिमामय समारोह इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया और दिव्यंगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति की श्रेणी में राज्य पुरस्कार मुकेश शुक्ला, अध्यक्ष, स्पेशल ओलंपिक भारत उत्तर प्रदेश, को प्रदान किया। मुकेश शुक्ला को यह सम्मान प्रदेशभर में दिव्यांगजनों के लिए किए गए उनके उल्लेखनीय सेवा कार्यों, स्पेशल ओलंपिक भारत–उत्तर प्रदेश के माध्यम से लाखों दिव्यांगजनों को खेल, कला, स्वास्थ्य, रोजगार और सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करने तथा सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने के बहुआयामी प्रयासों के लिए दिया गया।




इस अवसर पर मुकेश शुक्ला ने कहा, हम माननीय मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमारे कार्य को पहचान दी। यह पुरस्कार हमें अपने प्रयासों के विस्तार और दिव्यांगजनों के लिए निरंतर समर्पित रहने का और अधिक संकल्प प्रदान करता है। देश में रहने वाले दस प्रतिशत दिव्यांग जनों की सक्रिय भागीदारी के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। अंतिम पंक्ति में खड़े दिव्यांग व्यक्तियों को सामर्थ्य और अवसर देना अत्यंत आवश्यक है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों को दी सलाह, बोले-एसआईआर पारदर्शी होना चाहिए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले साल पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को राज्य के भाजपा सांसदों से संसद में मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को सलाह दी है कि वे विधानसभा चुनावों से पहले यह सुनिश्चित करें कि राज्य में चल रहा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान सरल और पारदर्शी बना रहे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एसआईआर को ज्यादा जटिल नहीं बनाया जाना चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि योग्य मतदाताओं को शामिल किया जाए और जो योग्य नहीं हैं उन्हें हटाया जाए और यह संदेश जमीनी स्तर तक पहुंचना चाहिए। संसद में सांसद प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए उन्होंने पार्टी की ताकत का लाभ उठाने और वर्षों से बनी गति को बनाए रखने को कहा। उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में पार्टी को केंद्रित रखने का आह्वान किया।



प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में किसी तरह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लगातार चौथी बार सरकार बनाने से रोकने के लिए रणनीति पर चर्चा भी की। उन्होंने सांसदों को याद दिलाया कि 2011 में बंगाल में केवल 3 विधायक थे, और 2016 तक काफी बढ़ गए हैं। उन्होंने पार्टी की मजबूती पर ध्यान केंद्रित करने, आत्मविश्वास बनाए रखने का मंत्र दिया। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब को बंगाल चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी हैं।

# उत्तराखंड सदन में मूल की पुकार कार्यक्रम, रिवर्स माइग्रेशन पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ( राजू बोहरा )।** उत्तराखंड सदन, चाणक्यपुरी में सार्वभौमिक सोशल कल्चर एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट व जयंती फाउण्डेशन द्वारा मूल की पुकार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अजय सिंह बिष्ट के उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने प्रतिलोम पलायन (रिवर्स माइग्रेशन) की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं– संजय जोशी, गिनीज रिकॉर्डधारी गोपाल उप्रेती, कर्नल यशपाल नेगी (रि.), मीडिया सलाहकार मदनमोहन सती, डॉ. प्रकाश उप्रेती, डॉ. प्रेम बहुखण्डी सहित कई विशेषज्ञों ने घस्यारी नीति, वानप्रस्थ योजना और ग्रामीण विकास पर सुझाव दिए। अध्यक्षता एडवोकेट संजय दरमोड़ा ने की। बैठक में कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए– वोटर व परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने का आह्वान, गांव गोद लेकर रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा, रिटायर्ड लोगों द्वारा युवाओं को पहाड़ों में रोजगार हेतु प्रेरित करना, साल में 10-20 दिन गांव में बिताने तथा आय का 10% गांव की मजबूती पर खर्च करने की अपील शामिल है।




कार्यक्रम में ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दस व्यक्तियों को वीर भड़ माधोसिंह भण्डारी सम्मान तथा पांच व्यक्तियों को मुख्य प्रेरक सम्मान प्रदान किए गए।

## फोरेंसिक एक्सपर्ट विवेचना का नीवः डॉ.जी.के. गोस्वामी,निदेशक

# यूपीएसआईएफएस में क्राइम सीन मैनेजमेन्ट कोर्स का शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री उ.प्र योगी आदित्यनाथ से प्राप्त निर्देशो के क्रम में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 राजीव कृष्णा के मार्गदर्शन में आज उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फॉरेंसिक साइन्स लखनऊ में क्राइम सीन मैनेजमेन्ट कोर्स का शुभारम्भ किया गयो प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ UPSIFS के संस्थापक निदेशक डॉ जी.के. गोस्वामी एवं अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवायें नवीन अरोरा (आईपीएस) ने किया। क्राइम सीन मैनेजमेन्ट कोर्स में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आरक्षी मुख्य आरक्षी तथा उप निरीक्षक स्तर के 100 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर एडीजी नवीन अरोरा को निदेशक यूपीएसआईएफएस सहित अपर निदेशक राजीव मलहोत्रा, अपर पुलिस अधीधक जितेन्द्र श्रीवास्तव तथा अतुल यादव ने सैपलिन तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। संस्थापक निदेशक डॉ जी.के. गोस्वामी ने बताया कि यह कोर्स 45 दिवस तक चलेगा जिसे नये कानून के दृष्टिगत पुलिस की आज की आवश्यकताओं के दृष्टिगत डिजायन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कोर्स को संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा पढाया जायेगा। डॉ. गोस्वामी ने प्रशिक्षणार्थियों को नये कानून बीएनएसएस की धारा 176(3) के संदर्भ में संबोधित करते हुए कहा कि सात साल या सात साल से अधिक की सजा वाले अपराध की घटना स्थल का निरीक्षण प्रत्येक दशा में फोरेंसिक टीम के सदस्य द्वारा की जायेगी इस दशा में आप का काम अति महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि आप विवेचना की पहली धूरी होंगे। आप नीव है जहां विवेचना की बिल्डिंग खड़ी होगी । उन्होंने निठारी काण्ड में अभियुक्तों को छूटने में आयी खामियों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवायें, श्री नवीन अरोरा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि घटना स्थल से यदि सैम्पल सही तरीके से उठायें जाय तो कोइ निर्दोष कभी भी अपराध में नहीं फंस पायेगा न सजा पायेगा और निर्दोष को बचाना एक पूण्य काम है। उन्होंने घटना स्थल से विभिन्न प्रकार के सैंपल को अलग-अलग तरीकों से किस तरह से उठाया जाय उसके विधि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सैंपल उठाने से लेकर उसके चेन कस्टडी में अगर कहीं भी चूक हुई तो उसका लाभ अपराधी को मिल सकता है। उन्होंने संस्थान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि क्राइम सीन मैनेजमेन्ट का यह पहला कोर्स है ।



# कूड़ा निस्तारण के लिए जेसीबी की खरीद, पालिका ने 50 लाख से की खरीद, चेयरमैन शैलेश तेवतिया ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी ।** नगर पालिका में 3 नए ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी का उद्घाटनः डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली व कूड़ा निस्तारण के लिए जेसीबी की खरीद, पालिका ने 50 लाख से की खरीद, चेयरमैन शैलेश तेवतिया ने किया उद्घाटन, चेयरमैन बोले, गुलावठी को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका प्रयासरत, अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान भी रहीं मौजूद, सभासद अनिमेश अगस्तीन के अलावा लेखा प्रभारी नरेश यादव, स्वच्छता प्रभारी ओमवीर सिंह, जेपी सिंह, गौरव तेवतिया आदि लोग मौजूद रहे।



# बहुजन की ताकत नैतिकता की कमी आने से कमजोर हुईः गौत्तम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज को चाहिए कि अपनी कमजोरी आने के कारण पर फोकस करके देखें। बहुजन मुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजु गादरे ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमेशा से बहुजन समाज के लोगों को शासन प्रशासन से दूर रखने के षड्यंत्र लगातार चलाए जा रहे हैं। मुस्लिम सिक्ख ईसाई बौद्ध जैन लिंगायत आदि भारत के बहुजन मूल निवासी समाज के प्रति विद्वेष की भावना से वैमनष्यता फैलाकर आपस में ही लगवाकर शासन प्रशासन पर कुछ 8--9% के विदेशी लोगों द्वारा मूलनिवासियों को गुमराह करते आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश प्रभारी मा गौतम राणे सागर ने कहा कि पिछले वक्त पर गौर करें तो बहुजन समाज पार्टी का उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति की स्थापना के लिए सत्ता परिवर्तन का ध्येय निर्धारित किया गया था। सिर्फ.कुर्सी तक पहुंचने को सत्ता परिवर्तन नही कहते। सत्ता परिवर्तन समाज का सशक्तिकरण करती है जबकि कुर्सी सिर्फ.उस व्यक्ति की जो विराजमान है। और गौर ओ फिक्र करके देखें बीएसपी का लक्ष्य था बहुजन समाज को शासक वर्ग बनाना। यहां व्यक्ति गौण हो जाता है। क्या लक्ष्य की पूर्ति हुई यदि नही तो जिम्मेदार कौन? समाज शासक बना, समाज का आर्थिक उत्थान हुआ? व्यक्ति विशेष के उत्थान से सिर्फ.ब्राह्मणवाद ही मजबूत होता है अम्बेडकरवाद नही। ब्राह्मण वाद सत्ता और अर्थव्यवस्था का केंद्रीयकरण चाहता है जबकि अम्बेडकरवाद समस्त स्त्रोतों के विकेंद्रीयकरण की वकालत करता है। आनुपातिक प्रतिनिधित्व के लक्ष्य को अपना साधन बनाता है।

हमें न तो बीजेपी और न ही कॉग्रेस शासक वर्ग बनने की छूट देगी इसलिए इनकी सत्ता हासिल करने की मानसिक कमजोरी का लाभ उठाकर हमें खुद को मजबूत बनाना है। यह तभी संभव है जब दोनों दल कमजोर रहें। हमारी ज़िम्मेदारी है कि इनमें से किसी एक को भी मजबूत नही होने देना है। कॉग्रेस मजबूत हो तो जरूरत पड़ने पर बीजेपी की मदद की जाए और बीजेपी मजबूत हो तो कॉग्रेस की मदद करनी चाहिए। कारण साफ है जब यह कमजोर रहेंगे तभी हमें अपने समाज को मजबूत बनाने का मौका मिलेगा अन्यथा यह हमारी चमड़ी उधेड़ते रहेंगे।

बहुजन समाज नैतिक है, वह कोई भी कुबार्नी देने को तत्पर भी। मनुवाद की जड़ों में समाज हमेशा मट्ठा उड़ेलने के लिए वे तैयार हैं। क्या उस समाज के ख्यातिलब्ध नेता भी उतने ही नैतिक हैं? बहुजन मुक्ति पार्टी ही एकमात्र बहुजन हिताय बहुजन सुखाय पर सैद्धांतिक पार्टी कार्यरत हैं। बहुजन समाज के किसी भी नेता की जब मनुवादी ताकतें तारीफ करने लग जाये तब समझ जाना चाहिए कि वह नेता उनके हाथ की कठपुतली है। समाज के हितों का उसने सौदा कर लिया है।



# मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियां बर्दाश्त नहींः प्रियंका गांधी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने चार नई श्रम संहिताओं को श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात बताते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है, उनका आरोप है कि ये संहिताएँ मजदूरों के शोषण के नए द्वार खोलती हैं। विपक्षी दलों के साथ संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने इसे मोदी सरकार की पूंजीवाद समर्थक और मजदूर विरोधी नीति का प्रकटीकरण बताया।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को चार नए श्रम संहिताओं को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि सरकार ने श्रमिकों के अधिकार छीन लिए हैं और उनके शोषण के नए रास्ते खोल दिए हैं। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने आज श्रम संहिताओं के खिलाफ संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रियंका गांधी ने एक पोस्ट में कहा कि श्रमिकों को पहले दी गई सुरक्षा छीन ली गई है।



प्रियंका गांधी ने कहा कि श्रम कानूनों को सरल बनाने के नाम पर केंद्र सरकार 4 नए श्रम संहिताएँ लेकर आई है। इस बहाने सरकार ने श्रमिकों के सभी अधिकार छीन लिए हैं। श्रमिकों को पहले दी गई सुरक्षा छीन ली गई है और उनके शोषण के नए रास्ते खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के जरिए नरेंद्र मोदी जी की पूंजीवाद समर्थक और मजदूर विरोधी मानसिकता एक बार फिर सामने आ गई है। देश इन कानूनों को स्वीकार नहीं करता।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद में विपक्ष के विरोध प्रदर्शन की आलोचना करते हुए कहा कि उनका मकसद मीडिया का ध्यान आकर्षित करना है क्योंकि उन्होंने जनता का समर्थन खो दिया है। उन्होंने कहा कि ये लोग ऐसी बातें सिर्फ. मीडिया का ध्यान खींचने के लिए करते हैं क्योंकि जनता ने उन्हें नकार दिया है। संसद के बाहर वे अध्यक्ष के खिलाफ बोलते हैं; उनके पास ऐसी बातें करने के अलावा कुछ नहीं बचा है।

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी उन पार्टी नेताओं में शामिल थे जो बुधवार को संसद परिसर में चार श्रम संहिताओं के खिलाफ इंडिया ब्लॉक के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

## हत्या | हिरासत में दो भाई ,जांच शुरू

# कानपुर में करोड़ों की जमीन ने करवा दी युवक की हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** हत्या के रूप में किसी की मौत और सारे बवाल की वजह जड़ यानी पुरानी रंजिश, जोरू मतलब स्त्री और जमीन ही बनती है। यह पुरानी कहावत कानपुर में भी चरितार्थ होती तब नजर आई जब करोड़ की जमीन के चक्कर में एक युवक की बेरहम सी हत्या कर दी गईआज बुधवार को उसकी लाश मिलने के बाद पुलिस घटना की छानबीन करने के साथ ही हत्यारों की भी तलाश में जुट गई है। इस हत्या की वजह 2.40 करोड़ की जमीन के विवाद से से जुड़ी बताई जाती है ,जिसके चक्कर में ही पान मसाला फैक्ट्री कर्मी की हत्या कर दी गई। उसकी लाश पांडु नदी के पास खाली प्लॉट में पड़ी मिली। युवक के सिर पर किसी भारी चीज से वार किया गया था।

उसके दोनों हाथ पीछे की ओर रस्सी से बंधे थे। चेहरे को बोरी से ढक कर ऊपर पत्थर रख दिया गया था। यह घटना गुजैनी थाना क्षेत्रके मेहरबान सिंह के पुरवा की है।लोगों को इस घटना की जानकारी तब हुई जब आज बुधवार सुबह लोग टहलने निकले तो शव देखते ही पुलिस को सूचना दी। हत्या की सूचना पर डीसीपी साउथ, एडीसीपी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने चेहरे से बोरी हटाई तो सिर के पीछे से खून निकलता दिखा। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मामले में हत्यारोपी दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस को साढ़ कस्बे के रहने वाले गंगा प्रसाद ने बताया दोनों बेटे अमित तिवारी व विपिन उर्फ गुड्डू (32) ट्रांसपोर्ट नगर की पान मसाला फैक्ट्री में 8 साल से काम करते थे। अमित जहानपुर में रहता है, जबकि विपिन मेरे, अपनी मां रामसुती, पत्नी शैलू और दो जुड़वा बेटे रामजी, श्यामजी के साथ रहता था। विपिन रोज बस से फैक्ट्री जाता था। वह कल मंगलवार शाम 6 बजे वह फैक्ट्री जाने के लिए घर से निकला था।

बड़े भाई अमित ने बताया- शाम 7:30 बजे विपिन से फोन पर बात हुई तो उसने कहा- बारादेवी पहुंच रहा हूं। फैक्ट्री आने में कुछ देर हो जाएगी। करीब एक घंटे बाद फोन किया, तो कॉल रिसीव नहीं हुई। कुछ देर बाद मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। पुलिस ने बताया कि लास्ट को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की छानबीन की जा रही है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267